CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 09°C

नई दिल्ली, रविवार 14 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 253 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में आईएएस अधिकारियों का वीआरएस की ओर बढ़ता रुझान चिंता का विषय पेज 2



मेसी का कोलकाता में जोरदार स्वागत, झलक न दिखने से गुस्साए दर्शक खेल टाइम्स



भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर- कानूनीः अमेरिकी सांसद पेज 11



200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई 'धुरंधर' बॉलीवुड

# बंगाल एसआईआर : वोटर लिस्ट से 58 लाख+नाम हटे

**कोलकाता, वार्ता**



- ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट से 44 हजार नाम डिलीट
- साउथ 24 परगना जिले से करीब 8 लाख नाम कटे

**चुनाव आयोग** (ईसी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के पहले फेज के बाद निर्वाचन क्षेत्रवार आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक, राज्य में 58 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए हैं।

सीएम ममता बनर्जी के भवानीपुर सीट से 44,787 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। यहां जनवरी 2025 की लिस्ट में 1,61,509 वोटर्स थे। भाजपा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की नंदीग्राम सीट से 10,599 नाम हटाए गए। यहां एसआईआर से पहले 2,78,212 वोटर थे। जिलावार आंकड़ों में साउथ 24 परगना सबसे ऊपर रहा, जहां 8 लाख 16 हजार से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए है। यह इलाका टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी का गढ़ माना जाता है। उन्होंने डायमंड हार्बर सीट से पिछले लोकसभा चुनाव में सात लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। दूसरी तरफ, बंगाल भाजपा के को-इंचार्ज अमित मालवीय ने दावा किया है कि सीएम ममता बनर्जी ने 11 दिसम्बर को पहले फेज के आखिरी दिन अपना एसआईआर फॉर्म भर दिया है।

# भाजपा ने तिरुवनंतपुरम में कांग्रेस-वाम गढ़ में लगाई सेंध

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता**



- नगर निगम में लगभग आधी सीटें जीतकर एक अभूतपूर्व जीत दर्ज की

**केरल की राजनीति** में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में लगभग आधी सीटें जीतकर एक अभूतपूर्व जीत दर्ज की है। राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम को लंबे समय से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ माना जाता रहा है।

गत नौ दिसम्बर को हुए स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना के बाद राजग ने 101 वार्ड वाले निगम में बहुमत हासिल करके सबको चौंका दिया। इस जीत से राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर में दशकों से चले आ रहे वामदलों और कांग्रेस प्रभुत्व का पराभव हो गया है। यहां के स्थानीय चुनाव में भाजपा- राजग ने 50 सीटें जीतीं, जबकि वाम दलों के गठबंधन एलडीएफ को 29 सीटें मिलीं, कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को 19 सीटें मिलीं। निर्दलीय तथा अन्य को दो सीटें पर संतोष करना पड़ा। राजग को हालांकि बहुमत से एक सीट कम मिली है पर वह सबसे बड़ा दल बन कर उभरा है और उम्मीद की जा रही है कि वह बहुमत साबित करने में सफल रहेगा। तिरुवनंतपुरम के अलावा भाजपा ने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका सहित अन्य स्थानीय निकायों में भी उल्लेखनीय जीत दर्ज की है। यह पूरे राज्य में राजग की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर ने भाजपा की जीत को ऐतिहासिक प्रदर्शन और बदलते मतदाता रुझान का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने इस मील के पत्थर वाली जीत के लिए भाजपा और अन्य स्थानीय निकाय प्रतियोगिताओं में मजबूत प्रदर्शन के लिए यूएडीएफ दोनों को बधाई दी।

## पंकज चौधरी होंगे उप्र भाजपा के अध्यक्ष



**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी उप्र में भाजपा के नए अध्यक्ष होंगे। श्री चौधरी ने शनिवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में एकमात्र उम्मीदवार के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अन्य नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र में मुख्यमंत्री भी चौधरी के प्रस्तावकों में से एक थे। इसके बाद कागजात की जांच की जाएगी और औपचारिक घोषणा रविवार दोपहर को होने की उम्मीद है। पंकज चौधरी वर्तमान में वित्त मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। वह लोकसभा में संसद सदस्य भी हैं, जो सातवीं बार उत्तर प्रदेश के महाराजगंज निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बागपत में किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**बागपत।** जिले के बिहारीपुर गांव में शनिवार को एक किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बागपत कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में ऋषिपाल (56) की गांधी चौक के पास किराना की दुकान है। परिजनों के मुताबिक, ऋषिपाल ने शनिवार सुबह करीब पांच बजे दुकान खोली थी। कुछ देर बाद पहुंचे दो बदमाशों ने सीने में गोली मारकर ऋषिपाल की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि वारदात से पहले तीसरे बदमाश ने घटना की रेकी की थी। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि 20 दिन पहले गांव के ही एक व्यक्ति से ऋषिपाल का विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### आलंद सीट वोट चोरी केस: 22000 पन्नों की चार्जशीट

**बेंगलुरु।** एसआईटी ने आलंद वोट चोरी मामले में एसीएमएम कोर्ट में 22 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। जांच में पूर्व भाजपा विधायक सुभाष गुट्टेदार और उनके बेटे हर्षानंद को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन पर आरोप है कि 2023 विधानसभा चुनाव से पहले 5,994 वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश हुई।

# दिल्ली-NCR में ग्रैप-3 लागू

## वायु प्रदूषण के कारण विकराल स्थिति के मद्देनजर CAQM का सख्त फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- दिल्ली में पिछले तीन दिनों से हवा की गति धीमी होने से हालात तेजी से बिगड़े
- शनिवार को एक्यूआई 401 दर्ज किया गया

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने वायु प्रदूषण के कारण विकराल स्थिति के मद्देनजर राजधानी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के शहरों में शनिवार को श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना-3 (ग्रैप) लागू कर दी।

दिल्ली में पिछले तीन दिनों से हवा की गति धीमी होने के कारण स्थिति तेजी से बिगड़ी है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 10 दिसम्बर को 259 (खराब) से बढ़कर 11 दिसम्बर को 307 (बहुत खराब) हो गया और 12 दिसम्बर को यह और बढ़कर 349 (बहुत खराब) हो गया। बिगड़ती स्थिति के कारण शनिवार तड़के हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक 401 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। मौसम की खराब स्थिति बने रहने के कारण प्रदूषण की निगरानी वाली इस संस्था ने दिल्ली-एनसीआर के लिए ग्रैप 3 लागू करने की घोषणा की। सीएक्यूएम ने बताया कि वायु में पीएम 2.5 की मात्रा अधिक है और यहां के लगभग सभी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों ने पीएम 2.5 को सबसे ज्यादा प्रदूषक बताया है। यहां शनिवार को सुबह छह बजे शहर का एक्यूआई 387 था, सुबह आठ बजे यह बिगड़कर 393 हो गया और सुबह 10 बजे 401 पर पहुंच गया। सीएक्यूएम ने कहा कि हवा की गुणवत्ता के मौजूदा हालत को देखते हुए और क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता को और खराब होने से रोकने के प्रयास में सीएक्यूएम ग्रैप उप समिति ने आज मौजूदा ग्रैप के स्टेज-3 'गंभीर' एयर क्वालिटी (दिल्ली एक्यूआई 401-450 के बीच) के तहत बताए गए सभी उपायों को पूरे एनसीआर में तुरंत प्रभाव से लागू करने का फैसला किया है।

## यूपी में घना कोहरा, सड़कों पर 10 मीटर देखना भी मुश्किल



**नई दिल्ली।** यूपी और बिहार में घने कोहरे का असर बढ़ता जा रहा है। यूपी के लखनऊ, गोरखपुर समेत 30 जिलों में सड़कों पर 10 मीटर दूर कुछ भी नहीं दिख रहा है। शनिवार सुबह सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कोहरे की वजह से कई गाड़ियां आपस में भिड़ गई।

इससे एक महिला जख्मी हो गई। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में रविवार को बारिश के साथ हल्की बर्फबारी हो सकती है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति, चंबा और कुल्लू जिलों में बर्फबारी की संभावना है। राजस्थान में सर्दी के बीच पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित कई इलाकों में बादल छाए हैं। इससे सर्द हवाएं कमजोर हुई हैं। राज्य के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। माउंट आबू में पारा 3 डिग्री पहुंच गया। मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। राज्य के 19 शहरों में कल रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड हुआ। इंदौर में 5.2 डिग्री तापमान रहा। इतना ही तापमान प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन और सबसे ठंडी जगह कहे जाने वाले पचमढ़ी में भी दर्ज किया गया।

# असम में वायुसेना का पूर्व अफसर कुलेंद्र शर्मा जासूसी में गिरफ्तार

**गुवाहाटी, वार्ता**

- पाकिस्तानी एजेंट को सोशल मीडिया के जरिये जानकारी दे रहा था रिटायर्ड अफसर
- अरुणाचल से भी दो अरेस्ट

**असम के** सोनितपुर जिले से पुलिस ने रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुलेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। कुलेंद्र पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों से संबंध का आरोप है।

पुलिस ने खुफिया इनपुट के आधार पर गिरफ्तारी की। पुलिस के मुताबिक आरोपी कुलेंद्र सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानी एजेंसी से जुड़े व्यक्तियों के संपर्क में था और उन्हें सेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा था। उसके मोबाइल और लैपटॉप से संदिग्ध सामग्री मिली है, हालांकि कुछ डेटा डिलीट होने का संदेह है। सोनितपुर के डीएसपी हरिचरण भूमिज ने कहा कि कुलेंद्र के पाकिस्तान से संबंधों को लेकर संदेह काफी मजबूत है। रिटायर्ड होने से पहले, कुलेंद्र तेजपुर वायुसेना स्टेशन में जूनियर वारंट ऑफिसर था, जहां सुखोई 30 स्क्वाड्रन सहित प्रमुख हवाई संसाधन मौजूद हैं। वह 2002 में रिटायर्ड हुआ। इसके बाद उसने कुछ समय के लिए तेजपुर विश्वविद्यालय में काम किया। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में पुलिस ने शुक्रवार को जासूसी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये गिरफ्तारियां पश्चिम सियांग जिले के आलो और चांगलांग जिले के मियाओ से की गईं। इनमें एक की पहचान हिलाल अहमद (26) के रूप में हुई है, जो जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से है। पुलिस ने दूसरे का नाम नहीं बताया है। पुलिस के मुताबिक, ईटानगर थाना को इनपुट मिलने के बाद एक विशेष टीम गठित की गई। स्थानीय लोगों की मदद से संदिग्ध का पता लगाया गया और उसे हिरासत में लिया गया। फिलहाल आरोपी हिलाल को पूछताछ के लिए ईटानगर लाया गया है। हिलाल 25 नवम्बर को पापुम पारे जिले से आलो पहुंचा था। वह पुराने बाजार में आयोजित एक व्यापार मेले में कंबल बेचने के बहाने वहां आया था। इसी दौरान पश्चिम चांगलांग पुलिस ने इस मामले में मियाओ से एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेने की पुष्टि की है, हालांकि उसकी पहचान और भूमिका को लेकर फिलहाल कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हिलाल अपने सहयोगियों को सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भेज रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां उसके पूरे नेटवर्क और संपर्कों की जांच कर रही हैं।

### भारत के लिए जीने का समय, मरने का नहीं: भागवत


**श्री विजया पुरम।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि देश को हर चीज से ऊपर रखना चाहिए। यह भारत के लिए जीने का समय है, मरने का नहीं। हमारे देश में हमारे अपने देश की ही भक्ति होनी चाहिए।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुठ्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# जंग भाषणों से नहीं, एक्शन से जीती जाती है: सीडीएस

## पाकिस्तान हमेशा जीत के झूठे दावे करता रहा है, हमें हमेशा सतर्क रहना होगा

**हैदराबाद, वार्ता**



- कहाः अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं

**चीफ ऑफ डिफेंस** स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि युद्ध केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई से जीते जाते हैं।

सीडीएस तेलंगाना के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी में आटम टर्म दिसम्बर 2025 की कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि खाली शब्दों और प्रतीकात्मक दावों से ताकत साबित नहीं होती। अनुशासन, ठोस योजना और निर्णायक अमल ही किसी देश की असली सैन्य क्षमता दिखाते हैं। उन्होंने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर तंज कसते हुए कहा कि हाल के समय में वहां झूठे जीत के दावे और सोशल मीडिया प्रचार देखने को मिले, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और रही है। सीडीएस ने कहा कि नए अधिकारी ऐसे समय सेवा में आ रहे हैं, जब ऑपरेशन 'सिंदूर' जारी है। मौजूदा सुरक्षा माहौल में हर समय सतर्कता, फुर्ती और तैयार रहना जरूरी है। सैन्य सेवा केवल संकट के क्षणों तक सीमित नहीं होती, बल्कि लगातार तैयारी ही सफलता की कुंजी है। सतर्कता, तत्परता और पेशेवर रवैया ही युद्ध के समय ही नहीं, पूरे सेवा काल में सफलता तय करेगा। भारत की मजबूती मजबूत संस्थानों, लोकतांत्रिक स्थिरता और सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता पर टिकी है। जनरल अनिल चौहान ने 29 नवम्बर को नई दिल्ली के सैम मानेकशा सेंटर में चल रहे चाणक्य डिफेंस डायलाग में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि युद्ध लगातार खुद को बदलता और बनाता रहता है। जो कान्सेप्ट भविष्य के लगते हैं, वे लागू होने से पहले ही पुराने भी हो सकते हैं। यह एक ऐसा रिस्क है, जो सेना को उठाना पड़ता है। इसलिए फ्यूचर वारफेयर के मुताबिक अंदाजा लगाना, तैयारी करना हमारे अस्तित्व से जुड़ जाता है। इसका दूसरा कोई ऑप्शन नहीं है।

# मुंबई BMW हिट-एंड-रन केस के आरोपी को जमानत से इन्कार

- महिला को 1.5 किमी तक घसीटा था
- सुप्रीम कोर्ट बोलाः ऐसे लड़कों को सबक सिखाना जरूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन केस में आरोपी मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी है, इन लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजी मसीह की बेंच ने कहा कि आरोपी एक अमीर परिवार से है। उसके पिता शिवसेना के डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे के गुट से जुड़े थे। इन बातों को ध्यान में रखना जरूरी है। मिहिर शाह को 9 जुलाई 2024 को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि पिछले साल 7 जुलाई को वर्ली में उसने बीएमडब्ल्यू से स्कूटर को टक्कर मारी और महिला को करीब डेढ़ किलोमीटर तक घसीटते ले गया, जिससे कावेरी नखवा की मौत हो गई और पति प्रदीप नखवा गंभीर रूप से घायल हो गए। शाह ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 21 नवम्बर के जमानत देने से इन्कार करने वाले आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने माना था कि हादसे के समय शाह बहुत ज्यादा नशे में था। उसने स्कूटर को टक्कर मारने के बाद भी कार नहीं रोकी और पीड़ित को अपनी गाड़ी के नीचे घसीटता हुआ ले गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में भेड़िया मासूम को लेकर भाग निकला

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज इलाके में आदमखोर भेड़िए ने शनिवार भोर ग्राम गोडहिया नंबर 4 के मजरा जरूवा में एक साल की मासूम बच्ची पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब आरवी (1) अपनी मां, राम कुमारी, के साथ घर के बरामदे में सो रही थी। भेड़िया अचानक आया और बच्ची को अपने जबड़े में दबा. चकर खेतों की ओर भाग गया। मां की चीख सुनकर जागे ग्रामीणों ने शोर मचाया और भेड़िए का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गन्ने के खेतों में गुम हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस स्टेशन के प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा और रेंजर ओंकार यादव अन्य वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। रेंजर ओंकार यादव ने बताया कि जंगली जानवर द्वारा मासूम पर हमला करने की सूचना मिलने के बाद सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और बच्ची की खोज जारी है।

### डंपर-ऑटो की टक्कर में तीन की मौत, चार घायल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अजगैन क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से ऑटो-रिक्शा सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मकुर गांव में एक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डंपर अचानक बेकाबू होकर सामने से आ रहे ऑटो से टकरा गया। इस हादसे में ऑटो रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी सात लोग अंदर फंस गए। क्षेत्रीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। अजगैन पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बचाव अभियान चलाया।

## यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने केन्द्र और राज्य सरकार को सुनाई खरी-खरी

# बीएलओ की मौत व कफ सिरप पर सरकार को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- साधना वर्मा की मौत प्रशासनिक दबाव के कारण हुई
- कम समय में कर्मचारियों पर डाल दिया बोझ

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बीएलओ की मौत और कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। अजय राय ने अलीगढ़ जिले के लोधा ब्लॉक के गांव सदलपुर में दिवंगत बीएलओ साधना वर्मा के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

अजय राय ने साधना वर्मा की मौत को बेहद दुखद बताते हुए इसे प्रशासनिक दबाव और सरकार की जल्दबाजी का नतीजा करार दिया। उन्होंने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरा. प लगाए और मृतक बीएलओ के परिजनों को तत्काल सरकारी सहायता दिए जाने की मांग की। अजय राय ने कहा कि साधना वर्मा जैसी कर्मठ शिक्षिका और बीएलओ का इस तरह अचानक निधन पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर कार्य के दौरान लगातार बीएलओ और अन्य कर्मचारियों की मौत की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है।

अजय राय के मुताबिक प्रदेश में अब तक 15 से 16 बीएलओ की मौत हो चुकी है, जबकि कई कर्मचारी गंभीर हालत में अस्पतालों में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सरकार बेहद कम समय में जबरन पूरा कराना चाहती है। यह प्रक्रिया महीनों की होनी चाहिए थी, ताकि कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन बिना मानसिक और शारीरिक दबाव के कर सकें, लेकिन सरकार ने केवल एक महीने का समय देकर कर्मचारियों पर असहनीय बोझ डाल दिया, जिसका नतीजा यह है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, ब्रेन हैमरेज का शिकार हो रहे हैं और कुछ मामलों में आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से इस संबंध में बातचीत की और मांग की है कि साधना वर्मा के परि. जनों को उनकी योग्यता के अनुरूप सरकारी नौकरी तत्काल दी जाए।

### मनरेगा का नाम बदलने का फैसला समझ से परे: प्रियंका गांधी वाड्रा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को महात्मा गांधी नेशनल रूरल गारंटी एक्ट (मनरेगा) का नाम बदल कर पूज्य बापू रूरल एम्प्लॉयमेंट स्कीम करने की खबरों पर जवाब देते हुए कहा कि नाम बदलने की प्रक्रिया पर बहुत सारे सरकारी रिसोर्स खर्च हो रहे हैं, ये गैर जरूरी है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें मनरेगा स्कीम का नाम बदलने के फैसले के पीछे का कारण समझ नहीं आ रहा है, उनका कहना है कि इससे बेवजह खर्च आएगा। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा कि इसके पीछे क्या सोच है। पहली बात यह महात्मा गांधी का नाम है और जब इसे बदला जाता है, तो सरकार के रिसोर्स फिर से इस पर खर्च होते हैं। ऑफिस से लेकर स्टेशनरी तक, हर चीज का नाम बदलना पड़ता है, इसलिए यह एक बड़ा, महंगा प्रोसेस है, तो बेवजह ऐसा करने का क्या फायदा है? मुझे समझ नहीं आ रहा। शनिवार सुबह शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी मनरेगा स्कीम का नाम बदलने की खबरों पर केंद्र की आलोचना की और इसे जनता को गुमराह करने और गांधी परिवार के नाम का अपमान करने के लिए ध्यान भटकाने वाला बताया। चतुर्वेदी ने कहा कि फ्रस्ट्रेशन की वजह से ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं। यह ध्यान भटकाने का एक और तरीका है। वंदे मातरम् के 150 साल की चर्चा से जनता को यह समझने में मदद मिली है कि इतिहास का कौन सा वर्जन व्हाहट्सएप वर्जन है और कौन सा असली।

### कोहरे में लिपटा प्रयागराज, जनजीवन प्रभावित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस सीजन का अब तक का सबसे घना कोहरा दर्ज किया गया है। शनिवार की सुबह शहर घने कोहरे की चादर में पूरी तरह लिपटा नजर आया। कोहरा इतना घना था कि पास की चीज दिख नहीं रही थी, जिसके कारण सड़कों पर आम दिनों की तुलना में सन्नाटा देखने को मिल रहा है। बीते दो दिनों से कोहरे का असर लगातार बढ़ रहा है। शाम होते ही हल्की धुंध छाने लगती है, जो रात गहराने के साथ घने कोहरे में तब्दील हो जाती है और सुबह तक बनी रहती है। कोहरे के साथ-साथ दिन में धूप भी काफी कम हो गई है। धूप कमजोर पड़ने से दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठिठुरन और गलन का असर बढ़ गया है।

## किसानों के लिए मददगार होगा एआई: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



- सेटेलाइट से मिट्टी की जांच होने पर बोले सपा मुखिया
- मेडिकल और हेल्थ सेक्टर में एआई की भूमिका अहम

हैदराबाद में आयोजित विजन इंडिया पीडीए इवेंट में समा. जवादी पार्टी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के महत्व पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि कैसे एआई किसान से लेकर मेडिकल सेक्टर तक में मददगार साबित हो सकता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान हमें यह अधिकार देता है कि सब बराबर हैं और सरकार को इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने डिजिटल डिवाइड को कम करने और स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने की भी आवश्यकता पर जोर दिया। अखिलेश यादव ने किसानों के लिए एआई के इस्तेमाल पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट से मिली इमेज के आधार पर किसानों तक मदद पहुंचाई जा सकती है। मिट्टी की जांच में एआई मददगार हो सकती है, जिससे किसानों को उनकी भूमि की स्थिति का सही समय पर पता चलेगा। साथ ही बारिश के समय और मौसम का पूर्वानुमान एआई के माध्यम से किया जा सकता है, जिससे फसल नुकसान से बचाई जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि मंडियों में सही रेट और डेटा किसान तक पहुंचाने में एआई एक बड़ा रोल निभा सकता है, जिससे समय और आर्थिक नुकसान कम होगा।

अखिलेश यादव ने मेडिकल और हेल्थ सेक्टर में एआई के फायदे पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कई बार समय पर बीमारी का पता नहीं चल पाता और इलाज पूरा नहीं हो पाता, जिससे खर्च बढ़ जाता है। एआई की मदद से टेलीमेडिसिन और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड किया जा सकता है, जिससे मरीज को शहर या बड़े अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्टाफ को प्रशिक्षित कर सही समय पर मरीजों को उचित इलाज दिया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि टेक्नोलॉजी आधारित रिस्पॉन्स सिस्टम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का सिस्टम एआई के लिए तैयार होना चाहिए, ताकि सही समय पर निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने यूपी में 108 एंबुलेंस सर्विस और पुलिस का डायल 100 सिस्टम उदाहरण के रूप में बताया, जो तकनीकी आधार पर बेहतर कार्य कर रहा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई का इस्तेमाल केवल टेक्नोलॉजी के लिए नहीं, बल्कि लोगों की जीवन गुणवत्ता बढ़ाने के लिए होना चाहिए।

## भाजपा की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा हैं पंकज

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 20 नवम्बर 1994 को गोरखपुर से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी का नाम उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर लगभग तय माना जा रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुर्मी समाज के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार पंकज चौधरी को पार्टी की गैर-यादव ओबीसी रणनीति का अहम चेहरा माना जा रहा है।

20 नवम्बर 1964 को गोरखपुर में जन्मे पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1989 में गोरखपुर नगर निगम के पार्षद चुनाव से की थी। उसी वर्ष गोरखपुर से अलग होकर महाराजगंज नया जिला बना, जिसे उन्होंने अपनी कर्मभूमि बनाया। वे गोरखपुर के डिप्टी मेयर भी रहे। पंकज चौधरी पहली बार 1991 में महाराजगंज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। इसके बाद 1996, 1998, 2004, 2019 और 2024 में उन्होंने इस सीट पर जीत दर्ज की। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें, तो उनका राजनीतिक सफर लगातार सफलता की मिसाल रहा है। पूर्वांचल में उनका प्रभाव कुर्मी, ओबीसी और सवर्ण सामाजिक समीकरण के तौर पर देखा जाता है। कुर्मी समुदाय उत्तर प्रदेश में यादवों के बाद दूसरा सबसे बड़ा ओबीसी वोटबैंक माना जाता है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 7 से 10 प्रतिशत बताई जाती है। पूर्वांचल, अवध और बुंदेलखंड की करीब 40-50 विधानसभा सीटों पर कुर्मी वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हाल के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को 33 सीटों का नुकसान हुआ है। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी गैर-यादव ओबीसी वोटों को फिर से एकजुट करने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की संभावित घोषणा को इसी रणनीति का बड़ा कदम माना जा रहा है। संगठन और रणनीति दोनों में मजबूत माने जाने वाले पंकज चौधरी व्यवसाय से भी जुड़े हैं और राहत रूह ऑयल कंपनी के मालिक हैं। भाजपा में इससे पहले विनय कटियार, स्वतंत्र देव सिंह और ओम प्रकाश सिंह तीन कुर्मी नेता प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

### नाम पर मुहर लगी, तो वे भाजपा चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे

**लखनऊ।** यदि पंकज चौधरी के नाम पर मुहर लगती है, तो वे भाजपा के चौथे कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष होंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पंचायत और विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने कुर्मी समाज से आने वाले नेता पर दांव लगाया है। लोकसभा चुनाव में कुर्मी समाज का एक हिस्सा 'पीडीए' के नाम पर समाजवादी पार्टी की ओर गया था। इसे देखते हुए भाजपा नेतृत्व इस सामाजिक आधार को फिर से अपने पक्ष में मजबूत करने की कोशिश में जुटा है। इसे गैर यादव ओबीसी वोटों को एकजुट करने की भाजपा की कवायद माना जा रहा है। 2024 लोक सभा चुनाव में अखिलेश यादव के पीडीए दांव से झटका लगा था-राज्य में ओबीसी वोटरों में यादव के बाद कुर्मी सर्वाधिक हैं। करीब आठ से दस प्रतिशत कुर्मी वोटर राज्य की 30-40 सीटों पर प्रभाव डालते हैं।-तराई, काशी, गोरखपुर, अवध, रूहेलखंड में कुर्मी वोटों का प्रभाव है।



सेंसेक्स 84818.13
निफ्टी 25898.55



सोना रु. 133360
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 204100
प्रति किलो



## उप्र में धान किसानों को 4500 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ भुगतान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब तक 3.15 लाख से अधिक किसानों से 19.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इसके एवज में किसानों को 4500 करोड़ से अधिक का भुगतान भी किया जा चुका है। यही नहीं बाजरा बिक्री करने वाले 35 हजार से अधिक किसानों को 421-39 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

उत्तर प्रदेश में 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से हो रही है। पहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश व पहली नवम्बर से पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान खरीद हो रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 13 दिसम्बर तक 6.70 लाख किसानों ने धान बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था, जबकि 2025-26 में अब तक यह आंकड़ा 7.83 लाख से अधिक है। बाजरा बिक्री के लिए पिछले वर्ष इस अवधि तक 21630 किसानों का पंजीकरण हुआ था, जो इस वर्ष में 80 हजार से अधिक हो गया है। वहीं ज्वार व मक्का में भी पंजीकरण बढ़ गया।

ज्वार बिक्री के लिए पिछले साल 12 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया था, इस साल 16 हजार से अधिक किसानों का पंजीकरण हो चुका है। बाजरा खरीद 33 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धान की बिक्री, किसानों को भुगतान, क्रय केंद्र की व्यवस्था आदि को लेकर निरंतर समीक्षा बैठक कर रहे हैं। उन्होंने किसानों को समय से भुगतान करने का निर्देश दिया है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक 3-15 लाख किसानों से 19.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हो चुकी है। इस एवज में यूपी के किसानों को 4541.94 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। अब तक 4645 क्रय केंद्र भी स्थापित हो चुके हैं। वहीं 'श्रीअन्न' की बात करें तो बाजरा किसानों को 421-39 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है, पिछले वर्ष इस अवधि तक 187.98 करोड़ रुपये भुगतान हुआ था। 'श्रीअन्न' की खरीद पहली अक्टूबर से शुरू हुई थी, जो 31 दिसम्बर तक चलेगी। श्रीअन्न के अंतर्गत बाजरा 33, मक्का 25 व ज्वार खरीद 11 जनपदों में हो रही है।

## सोने में तेजी बरकरार, चांदी के भाव में भी रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने में तेजी का दौर बरकरार है। 13 दिसंबर की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है।

मुंबई में कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। उछाल का कारण मुख्य रूप से भारतीय करेंसी रुपये की कमजोरी और सेफ एसेट में लगातार निवेश की मांग है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव 4,338.40 डॉलर प्रति औंस पर है। चांदी में भी 13 दिसंबर को तेजी है, भाव 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया है। विदेशी बाजारों में चांदी का हाजिर भाव 64.57 डॉलर प्रति औंस है। ग्लोबल सप्लाई में कमी, चीन से लगातार ज्यादा मांग और औद्योगिक खपत में बढ़ोतरी की वजह से इस साल रिटर्न के मामले में चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया। वर्तमान में मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 133210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 122110 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

देश के महानगरों अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने का भाव 133260 प्रति 10 ग्राम है, जबकि हैदराबाद में 133210, जयपुर में 133360, भोपाल में 133260 और चंडीगढ़ में 133360 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व की ओर से प्रमुख ब्याज दर को 0.25 प्रतिशत घटाए जाने के बाद सोने और चांदी में निवेश बढ़ा है।

## सेल की बिक्री अप्रैल-नवम्बर में 14 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय इस्पात निगम लिमिटेड (सेल) की बिक्री चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीने में अप्रैल से नवम्बर के दौरान 14 प्रतिशत बढ़कर 127 लाख टन पर पहुंच गई। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी की बिक्री 111 लाख टन रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने एक प्रेंस विज्ञप्ति में बताया कि इस साल नवम्बर में उसकी बिक्री 27 प्रतिशत बढ़ी। इसमें खुदरा बिक्री 69 प्रतिशत बढ़कर 1.4 लाख टन रही, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में यह 0.84 लाख टन रही थी।

कंपनी ने बताया कि यह वृद्धि विभिन्न उत्पाद श्रेणियों और वितरण चैनलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन से संभव हुई, जिनमें घरेलू बिक्री योग्य उत्पाद, रोड डिस्पैच और वेयरहाउस से डोर डिलीवरी शामिल हैं। इस माह सेल देश में टीएमटी बार्स की सबसे बड़ी विक्रेता के रूप में भी उभरी। अप्रैल-नवम्बर के दौरान खुदरा चैनल से बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 9.7 लाख टन रही। यह पिछले साल समान अवधि में 8.6 लाख टन रही थी। कंपनी ने बताया कि इस वृद्धि में राष्ट्रव्यापी ब्रांड प्रचार अभियानों का भी योगदान रहा है। उसने कहा कि ये परिणाम चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों में सेल की ग्राहक-केंद्रित प्रयासों, बाजार नेतृत्व और परिचालन उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं, जो विभिन्न खंडों में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करते हैं। सेल भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

## विश्वनाथ धाम की चौथी वर्षगांठ पर काशी की सड़कों पर भव्य झांकियां

**वाराणसी।**



धार्मिक नगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम के चौथे लोकार्पण उत्सव पर शनिवार को सड़कों पर अद्भुत नजारा देखने को मिला। सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश और शिव बारात समिति के तत्वावधान में मैदागिन चौराहे से भव्य शोभायात्रा में बाबा विश्वनाथ की भक्ति, काशी के विकास, भारतीय महिला क्रिकेट टीम, भारतीय सेना के शौर्य, नारी शक्ति समेत अनेक झांकियां मन मोह रही थीं।

पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायक डा. नीलकंठ तिवारी ने शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान वाद्ययंत्रों पर बाबा के गण, भूत-प्रेत, किन्नर सभी झूमते-गाते नजर आए। बैंड-बाजा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और हर-हर महादेव के उद्घोष से सड़कें गूंज उठीं। इस शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी भी खूब दिखी। काशी के विकास में रोप-वे की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी झांकी लोगों में खूब जोश भर रही थी। डा. तिवारी ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की चौथी वर्षगांठ पर बाबा के भक्तों ने मनमोहक झांकियां निकालीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से और उनके लगातार प्रयासों से काशी विकास के नए-नए अध्याय लिख रहा है। तभी तो काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद चार वर्षों में करोड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। यह आध्यात्मिक दृष्टि के साथ-साथ आर्थिक रूप से प्रदेश और देश के लिए महत्वपूर्ण है। शिव बारात समिति के महामंत्री दिलीप सिंह ने बताया कि काशी के कई संगठनों ने इस आयोजन में भागीदारी की है। दर्जनों झांकियों ने लोगों को खूब आकर्षित किया। महादेव के विभिन्न रूप लोगों को देखने को मिले। 50 से ज्यादा महिलाओं की संस्था ने इस आयोजन में शामिल होकर यात्रा को भव्य और दिव्य बना दिया।

## उप्र में आईएएस अधिकारियों का वीआरएस की ओर बढ़ता रुझान चिंता का विषय

शाह टाइम्स ब्यूरो

- राज्य सरकार की ओर से स्पष्टीकरण अभी तक नहीं आया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों द्वारा लगातार स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) और इस्तीफा दिए जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

हाल के वर्षों में करीब एक दर्जन आईएएस अधिकारी सेवा छोड़ चुके हैं और आने वाले महीनों में इस संख्या के और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से इस पूरे घटनाक्रम पर अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ताजा मामला वर्ष 2004 बैच की आईएएस अधिक. ारी अनामिका सिंह का है, जिन्होंने वीआरएस के लिए आवेदन किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनका आवेदन प्रक्रियाधीन है। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अनामिका सिंह ने हाल के दिनों में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए कोई आवेदन नहीं किया था। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश कैडर के कई आईएएस अधिकारियों में केंद्र में कम प्रतिनिधित्व को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। अधिकारियों का दावा है कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए भेजे गए कई प्रस्तावों को राज्य सरकार की ओर से मंजूरी नहीं मिल रही है और केंद्र में इम्पैनलमेंट की प्रक्रिया भी कठिन होती जा रही है। हाल ही में 1995 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमोद कुमार ने भी इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले वीआरएस लेने वालों में विकास गोठलवाल (2003), विद्या भूषण (2008), जी श्रीनिवासुलु (2005), राजीव अग्रवाल (1993), मोहम्मद मुस्तफा (1995), रिगजिन सैंफेल (2003), रेनुका कुमार (1987) और जुथिका पाटणकर (1988) शामिल हैं। राकेश वर्मा और आरपी सिंह भी सेवा छोड़ चुके हैं। वहीं 2011 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने हाल ही में इस्तीफा दिया है। जी श्रीनिवासुलु ने बाद में अपना वीआरएस आवेदन वापस लेकर पुन: सेवा जॉइन कर ली थी। जिन अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति मिली, उनमें से अधिकांश की पोस्टिंग वाराणसी या अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर रही थी।

## कांग्रेस एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी: जयराम रमेश

- पार्टी नेता ने शशि थरूर पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** केरल निकाय चुनाव में राजधानी तिरुवनंतपुरम में बीजेपी की जीत के बीच सांसद जयराम रमेश ने इशारों-इशारों में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर पर हमला बोला है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने पार्टी को सबसे पुरानी और एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी बताते हुए कहा कि हमारे एक जाने-माने सांसद लगातार हमारे नेताओं और पार्टी की आलोचना करते हैं, लेकिन हम चुपचाप इसे बर्दाश्त करते हैं।

बीजेपी नेता और पंजाब के पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह के बयान पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है और यहां सभी को अपनी राय रखने का अधिकार है। यह समाज का प्रतिनिधित्व करती है और इसलिए 140 साल से ज्यादा पुरानी है। उन्होंने कहा कि पार्टी में बोलने की आजादी के साथ-साथ बोलने के बाद भी आजादी है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की गंगा नदी से तुलना की और कहा कि मुख्य नदी जो बहती रहती है और उसकी बहुत सारी सहायक नदियां हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर इन दिनों कांग्रेस की बैठकों में शामिल नहीं हो रहे हैं। हाल ही में कई मौकों पर उन्होंने अपनी ही पार्टी की आलोचना की है और बीजेपी की तारीफ भी करते दिखें हैं, जिसके बाद उनकी कांग्रेस से दूरी पर चर्चा तेज है। केरल के निकाय चुनाव में बीजेप के नेतृत्व वाला एनडीए तिरुवनंतपुरम कॉरपोरेशन में बहुमत के निशान के करीब पहुंच रहा है, 101 वार्डों में से 50 में आगे चल रहा है, जबकि बहुमत का आंकड़ा 51 है।

# दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ने से लगाई गई सख्त पाबंदियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत सख्त प्रतिबंध शनिवार को लागू किए, जिनमें पांचवी कक्षा तक के विद्यालयों में पढ़ाई 'हाइब्रिड मोड' में कराया जाना और निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर प्रतिबंध लगाया जाना शामिल हैं।

आयोग ने यह कदम मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच प्रदूषण स्तर में काफी बढ़ोतरी होने के बीच उठाया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 349 था, लेकिन ' हवा की धीमी गति, स्थिर वातावरण, मौसम संबंधी प्रतिकूल स्थितियों और प्रदूषकों के फैलाव की कमी के कारण' यह शनिवार सुबह 10 बजे तक बढ़कर 401 हो गया। इसमें कहा गया है कि वायु गुणवत्ता की मौजूदा स्थिति को देखते हुए तथा क्षेत्र में स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए सीएक्यूएम ग्रैप उप-समिति ने फैसला किया है कि वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर को देखते हुए ग्रैप के तीसरे चरण के उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं।

बयान में कहा गया है कि ये राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पहले से ही लागू ग्रैप के पहले एवं दूसरे चरण के तहत लागू उपायों के अतिरिक्त हैं।

तीसरे चरण के प्रतिबंधों में गैर-जरूरी निर्माण, विध्वंस कार्य, पत्थर तोड़ने और खनन गतिविधियों पर रोक शामिल है। दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में बीएस तीन के पेट्रोल संचालित और बीएस चार के डीजल संचालित चार पहिया वाहनों पर भी प्रतिबंध लागू किया गया है। इसमें दिल्ली में डीजल से संचालित पुराने मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध भी शामिल है, जबकि पांचवी कक्षा तक के विद्यालयों में 'हाइब्रिड मोड' (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों) में पढ़ाई कराई जाएगी और दिल्ली-एनसीआर में कार्यालय 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ काम कर सकते हैं।

सर्दियों के दौरान, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ग्रैप के तहत प्रतिबंध लागू करने के लिए वायु गुणवत्ता को चार चरणों में वर्गीकृत किया गया है। एक्यूआई जब 201 से 300 के बीच होता है तब पहले चरण की पाबंदियां लगाई जाती हैं जबकि एक्यूआई के 301 से 400 के बीच रहने पर दूसरे, 401 से 450 के बीच रहने पर तीसरे तथा एक्यूआई के 450 से अधिक होने पर चौथे चरण के प्रतिबंध लागू किए जाते हैं।

## डीयू छात्रा के उत्पीड़न मामले की जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा के उत्पीड़न मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। संगठन ने कहा है कि डीयू की साख दांव पर लगाने वाले इस संवेदनशील मामले की पारदर्शी और स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। संगठन ने शनिवार को बयान जारी करके कहा है कि डीयू की छात्रा द्वारा सोशल माध्यम पर डाले गए वीडियो को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच हो ताकि सत्य सामने आ सके। संगठन ने कहा कि पिछले कुछ समय से ऐसे प्रकरण लगातार डीयू की प्रतिष्ठा और साख पर सवाल उठा रहे हैं। इससे न केवल डीयू की छवि प्रभावित हो रही है बल्कि छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के मन में भी असुरक्षा और अविश्वास की भावना पैदा होती है। संगठन के दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच से भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षित व अनुकूल शैक्षणिक माहौल बना रहेगा।

# भलस्वा डेयरी हत्या मामले में भगोड़ा पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने भलस्वा डेयरी हत्या मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। आरोपी अक्टूबर 2024 से एक हिंसक घटना के बाद फरार था, जिसमें दो लोग घायल हुए थे और एक बाद में चोटों के कारण मर गया था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि 15 अक्टूबर 24 को सुभान खान अपने साथियों अभिषेक / राहुल, अंकित/विक्की और शकील के साथ सुनील गुप्ता से अवैध हथियार लेकर भलस्वा डेयरी में नासिर के घर पहुंचा। टकराव के दौरान, नासिर के परिवार ने कथित तौर पर खुद को बचाने के लिए छत से ईंटें फेंकीं, लेकिन शकील और उसके साथियों ने फायरिंग कर दी।इस मामले दो लोगों को गोली लगी, जिनमें से एक शाहरुख बाद में चोटों के कारण मर गया। इसके बाद पुलिस ने भलस्वा डेयरी थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान चार आरोपी शकील, अंकित, प्रिंस और जुबेर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि सुभान खान फरार था। इसी बीच हेड कांस्टेबल नीरज द्वारा मिली खास जानकारी पर एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय शर्मा के नेतृत्व मे एक टीम ने जीटी रोड, टिकरी खुर्द बस स्टैंड के पास निगरानी रखी। मुखबिर ने बताया कि सुभान खान दोपहर 3 बजे से 4 बजे के बीच उक्त स्थान पर एक साथी से मिलने आएगा।इस सूचना पर टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी सुभान को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिसपूछताछ के दौरान, सुभान खान ने कबूल किया कि वह घटना की रात अपने साथियों के साथ एस एसएन कॉलोनी में मौजूद था। उसे हथियार इकट्ठा करने और ग्रुप के साथ नासिर के घर जाने के निर्देश मिले थे। उसके पास एक देसी कट्टा था, जबकि दूसरे साथियों के पास दो पिस्टल थीं, जिनसे उन्होंने झगड़े के दौरान गोलियां चलाईं। वह घटना के बाद मौके से भाग गया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए कई जगहों पर छिपा हुआ था।

## डिजिटल अरेस्ट साइबर धोखाधड़ी मामले में सिंडिकेट के तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस अपराध शाखा की साइबर सेल ने 82 साल के बुजुर्ग के हाई-वैल्यू डिजिटल अरेस्ट साइबर धोखाधड़ी मामले में सिंडिकेट के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि एक मामले में शिकायतकर्ता, 82 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक को कानूनी कार्रवाई के झूठे बहाने से कुल 1,16,00,000/- रूपये की राशि ट्रांसफर करने के लिए डिजिटल रूप से धमकाया और मजबूर किया गया। आरोपियों ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों का रूप धारण किया और व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर नकली गिरफ्तारी आदेश दिखाया, जिससे पीड़ित पर मनोवैज्ञानिक दबाव डाला गया।इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

# सतत विकास ही आधुनिक इंजीनियरिंग की कसौटी: एलजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विवि के तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित इस कार्यक्रम में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भागीदारी की। इन विशेष अतिथियों का कहना था कि यह दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि उस भविष्य का उत्सव है, जिसे आज के युवा इंजीनियर अपने ज्ञान, नवाचार और मूल्यों से आकार देने जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इंजीनियरिंग, नवाचार, ग्रीन टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में देश और दिल्ली की समस्याओं के समाधान के लिए आगे आएं।इस आयोजन में दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, गूगल एशिया पैसिफिक के अध्यक्ष संजय गुप्ता, विश्वविद्यालय के कुलपति, शिक्षकगण, अधिकारी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर एनएसयूटी के ईस्ट और वेस्ट कैंपस में स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का रिमोट माध्यम से अनावरण और ईस्ट कैंपस में स्किल सेंटर तथा वेस्ट कैंपस में सेंटर फॉर इंडस्ट्री 4.0 का भी उद्घाटन किया गया, जो विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों, नवाचार और उद्योग-उन्मुख कौशल से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने दीक्षांत समारोह के विषय 'सतत एवं समावेशी विकास के लिए इंजीनियरिंग शिक्षा' पर सभी विकासात्मक एवं प्रगतिशील प्रयासों में पारिस्थितिक संतुलन तथा पर्यावरणीय स्थिरता के सर्वोच्च महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज इंजीनियरिंग का अर्थ केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि सतत विकास, समावेशिता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ समाधान प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा कि एनएसयूटी ने स्वयं को एक ऐसे संस्थान के रूप में स्थापित किया है, जो विद्यार्थियों को केवल प्रोफेशनल सफलता के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और सामाजिक परिवर्तन के लिए भी तैयार करता है। वीके सक्सेना ने जलवायु परिवर्तन, वैश्विक ऊष्मीकरण, कार्बन उत्सर्जन एवं मरुस्थलीकरण के विरुद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यूएन-कॉप लक्ष्यों के प्रति प्रदर्शित प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए युवा स्नातकों से आह्वान किया कि वे अपने पेशेवर भविष्य को इन लक्ष्यों के अनुरूप व्यवस्थित करें।



नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

## एक नजर

### रात के सन्नाटे में लगी आग सामान हुआ जलकर खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा के जीटीबी एन्क्लेव थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात उस समय अफरा तफरी मच गई जब जनता फ्लैट्स स्थित एक मोटर मैकेनिक की दुकान में अचानक आग लग गई और आग की लपटे दुकान के ऊपरी मंजिल तक जा पहुंची और इस आग में गली के खम्भे की बिजली की तार भी जल गयी जिनको शनिवार सुबह बदला गया । घटना रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। आग इतनी भयंकर थी कि कुछ ही देर में दुकान में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार 69 जनता फ्लैट्स, जीटीबी एन्क्लेव में ग्राउंड फ्लोर पर बाइक सही करने वाले की दुकान थी, जबकि ऊपर तीन मंजिलों पर रिहायशी हिस्से बने हुए हैं। आग नीचे दुकान से उठी और उसकी लपटों व धुएं की चपेट में ऊपर की तीनों मंजिलें भी आ गईं, जिससे वहां भी नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों ने धुआं उठता देखा तो तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, मामले की जांच जारी है।

### डीएम ने मौजपुर गांव को घोषित किया तम्बाकू मुक्त



**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले का मौजपुर गांव एक नई मिसाल बनकर उभरा है, इस गांव को ग्रामवासियो के सहयोग से तम्बाकू मुक्त घोषित किया गया,इस पहल की वजह से मौजपुर गांव लोगो की जुबान पर चढ़ गया है स इस गांव को तम्बाकू मुक्त बनाने में जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शनिवार को मौजपुर गांव की चौपाल का नजारा बदला हुआ था गांव के सैकड़ो युवा और बुजुर्ग वहां इकट्ठा थे और उनके बीच डीएम एस.एस परिहार, एसडीएम तपन झा भी मौजूद थे स शाहदरा जिला प्रशासन के निरंतर और सख्त प्रयासों के बाद मौजपुर गांव को तम्बाकू मुक्त घोषित किया गया। यह अभियान पिछले एक वर्ष से अधिक समय से लगातार चलाया जा रहा था, जिसमें प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और सामा. जिक संगठनों ने मिलकर काम किया। अभियान के तहत स्थानीय लोगों को तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया और शनिवार की मौजपुर गांव की चौपाल पर मौजूद सभी लोगो ने शपथ ली,कि वह कभी भी ताम तंबाकु या उससे निर्मित वस्तुओं का सेवन नहीं करेंगे। इस मौके पर डीएम एस.एस. परिहार ने कहा यह गांव दिल्ली के लोगो के लिए एक मिसाल बनकर उभरा है और आज इस गांव को तम्बाकू मुक्त घोषित किया गया है यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

एसडीएम शाहदरा तपन झा ने बताया कि मौजपुर गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए नियमित निगरानी, काउंसलिंग, जनजागरूकता शिविर और पुनर्वास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों और सामुदायिक स्तर पर संवाद स्थापित कर लोगों को इस मुहिम से जोड़ा गया। प्रशासन का कहना है कि नशा मुक्त गांव की पहचान बनाए रखने के लिए आगे भी सतर्कता और निगरानी जारी रहेगी। स्थानीय निवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखने का भरोसा जताया।

### जदयू दिल्ली प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) दिल्ली प्रदेश कार्यालय में आज महा सदस्यता अभियान की भव्य शुरुआत की गई। उक्त मौके पर जंतर मंतर स्थित जदयू प्रधान कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 5 लाख नए सदस्य को जोड़ने के लक्ष्य के साथ तमाम कार्यकर्तों को संकल्पित करवाया गया। विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लगभग 500 नए लोगों ने देश के प्रसिद्ध नेता, जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विचारों, सिद्धांतों और विकासवादी सोच से प्रेरित होकर जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

## बदमाशों से 14 मोबाइल फोन बरामद

**नई दिल्ली।** साउथ जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉयड ने बसों में लोगों की जेब से कीमती सामान चुराने वाले गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रिजवान तथा रवि के रूप में हुई है। उनके कब्जे से 14 मोबाइल फोन व 2 बैग बरामद किए गए हैं। साउथ डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि हौज खास थाने में एक व्यक्ति ने बस में मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। एएटीएस प्रभारी उमेश यादव की टीम ने तकनीकी निरानी की मदद से सतपुला पार्क खिडकी एक्सटेंशन इलाके में छापा मारकर रिजवान व रवि को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 14 फोन बरामद हुए। बरामद फोन साकेत, महरौली, हौजखास, नेब सराय, कालकाजी आदि इलाकों से चुराए गए थे। आरोपियों ने कई वारदात का खुलासा किया है।

# सीआईएसएफ ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संसद पर हुए आतंकवादी हमले की 24वीं वर्षगांठ के अवसर पर संसद भवन परिसर में शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम लो. कतंत्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मानित करने के लिए राष्ट्र की सामूहिक प्रतिबद्धता को पुन: सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा, जिन्होंने लोकतंत्र के मंदिर की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए। सीआईएसएफ की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं शोक शस्त्र प्रस्तुत किया गया, जो



शहीदों के प्रति गहन सम्मान, कृतज्ञता एवं स्मरण का प्रतीक है। यह समारोह अत्यंत अनुशासन, गरिमा और सटीकता के साथ सम्पन्न हुआ, जो बल की उच्च पेशेवर क्षमता और मानकों को दर्शाता है।

सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीण रंजन भी उपस्थित रहे और उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सीआईएसएफ टुकड़ी के उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना करते हुए देश के महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक संस्थानों की सुरक्षा के प्रति बल की अटूट प्रतिबद्धता को दो. हराया।

यह स्मरण समारोह उन सुरक्षा कर्मियों के साहस, समर्पण और बलिदान का जीवंत स्मरण है, जिन्होंने आतंकवाद के समक्ष अडिग रहते हुए भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की पवित्रता को सुनिश्चित किया।

# नो-एंट्री के बेचते थे अवैध स्टिकर, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे गिरोह को पकड़ा है, जो कमर्शियल वाहनों के नो-एंट्री के स्टिकर बेचता था और वाहन मालिकों को समय भी बताता था कि किस समय उनकी गाड़ी नो-एंट्री में सड़को पर चलेगी स गौरतलब है कि यह गिरोह दिल्ली की सड़को पर सक्रिय था और इनके द्वारा लगे स्टिकर की गाड़ियां बिना किसी रुकावट के सड़को पर चलती थी स इस कार्रवाई में क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान रिंकू राणा,सोनू शर्मा और मुकेश कुमार उर्फ पकोड़ी के रूप में हुई है जबकि इस गिरोह का मास्टर माइंड राजकुमार मीणा पहले ही गिरफ्तार किया जा चूका है जिसके ऊपर मकोका के तहत कार्रवाई की गयी है।

आरोपियों के पास से 31 लाख की नगदी, करोड़ो रुपयों की अवैध सम्पति के दस्तावेज, 500 से ज्यादा अवैध स्टिकर और मार्का, 6 मोबाईल फोन बरामद किए गए है स जांच में सामने आया अब रिंकू राणा गिरोह को चला रहा था और प्रत्येक कमर्शियल वाहन को 2 हजार से 5 हजार में अवैध स्टिकर बेचता था, इन स्टीकरों की बदौलत कमर्शियल वाहनों के ड्राइवर नो-एंट्री में भी आवाजाही करते थे स गिरोह के लोग इतने शातिर थे कि हर महीने इन स्टीकरों का कलर, कोड और स्टिकर पर दर्ज मोबाईल नंबर बदलते थे।



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रोहिणी में 'लीगल हेल्प सर्विस सेंटर' का उद्घाटन करते हुए।

# विधानसभा अध्यक्ष ने 'लीगल हेल्प सर्विस सेंटर' का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संवाद और काउंस. लिंग से विवाद टकराव बनने से पहले ही सुलझाए जा सकते हैं, और पारिवारिक मामलों का समाधान टकराव नहीं बल्कि समझ और संवे. दनशीलता से होना चाहिए," यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष एवं रोहिणी के स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी में 'लीगल हेल्प सर्विस सेंटर' का मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन करते हुए कही। यह कार्यक्रम सम्पूर्णा, एक दिल्ली स्थित गैर-सरकारी संगठन द्वारा रोहिणी में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सुलभ कानूनी सहायता, पारिवारिक काउंसलिंग तथा संवाद के माध्यम से सौहार्दपूर्ण विवाद समाधान उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर सम्पूर्णा की संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. शोभा विजेंद्र, सहित सामाजिक कार्यकर्ता, विधिक विशेषज्ञ, परामर्शदाता तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि आज शुरू की गई यह पहल समाज की वास्तविक और आवश्यक जरूरतों को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने का वातावरण पारिवारिक और संवे. दनशील मामलों के समाधान के लिए उपयुक्त नहीं होता और कई बार समस्या को और अधिक जटिल बना देता है। "जब घरेलू मामला थाने तक पहुंच जाता है, तो वह अक्सर नियंत्रण से बाहर हो जाता है और उसका स्वरूप बदल जाता है। ऐसे में काउंस. लिंग और संवाद आधारित मंच, जैसे यह लीगल हेल्प सर्विस सेंटर, अधिक मानवीय और प्रभावी समाधान प्रदान करते हैं,"।

विजेंद्र गुप्ता ने काउंसलिंग व्यवस्था को पंचायत जैसी साम. ुदायिक समाधान प्रक्रिया बताते हुए कहा कि यहां बातचीत और आपसी समझ के माध्यम से विवादों का समाधान किया जा सकता है। गुप्ता ने कहा, "कई विवादों की जड़ अविश्वास होता है। जब रिश्तों में अविश्वास भर जाता है, तो समस्याएं भयावह रूप ले लेती हैं।

## वांछित पीओ पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कई डकैती और आर्म्स एक्ट के मामलों में वांछित पीओ को पकड़ा हैआरोपी दक्षिण जिले में दर्ज कई गंभीर आपराधिक मामलों में कानूनी प्रक्रिया से बच रहा था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी के कोटला गांव (दिल्ली) और गांव बरोला, नोएडा के बीच आने-जाने के बारे में एक खास और विश्वसनीय जानकारी मिली। इस सूचना एसीपी राजबीर मलिक की देखरेख में इंस्पेक्टर वीर सिंह के नेतृत्व में एएसआई दीप चंद, हेड कांस्टेबल मनोज, संदीप, सुकराम और विनोद की एक रेडिंग टीम बनाई गई।कोटला गांव पहुंचने के बाद, आगे की ह्यूमन इंटेलिजेंस से पता चला कि आरोपी गांव बरोला, सेक्टर-49, नोएडा चला गया है।

# अजमल खां पार्क में विश्व शांति के लिए राजयोग ध्यान कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रसिद्ध अजमल खां पार्क, करोलबाग में आज प्रात: 5:30 से 8:30 बजे तक 'विश्व शांति के लिए राजयोग ध्यान' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 3500 से अधिक राजयोगी बहनों एवं भाइयों ने शांति, प्रेम, पवित्रता, आनंद की शक्तिशाली प्रकम्पनों से वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से चार्ज किया। इस अवसर पर ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुरुग्राम की निदेशिका राजयोगिनी बीके आशा, उत्तरी दिल्ली शक्तिनगर एवं रूस तथा बाल्टिक देशों की निदेशिका राजयोगिनी बीके चक्रधारी, दक्षिणी दिल्ली की निदेशिका राजयोगिनी शुक्ला तथा करोल बाग सेवा केंद्र की निदेशिका राजयोगिनी बी के पुष्पा ने



विचार व्यक्त किए। राजयोगिनी बीके लक्ष्मी ने राजयोग का अभ्यास कराया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 दिसम्बर को 'अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस' घोषित किया गया है।

आंतरिक सशक्तीकरण, सामा. जिक जीवन की सुचिता, सम्बन्धों की मधुरता एवं समरसता तथा स्वस्थ जीवन शैली के लिए राजयोग ध्यान की उपयोगिता एवं स्वीकार्यता बढ़ी है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक विशेष रवि, निगम पार्षद उर्मिला गौतम, निस्वार्थ सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष गुलशन गुगनानी, व्यापार संघ के अध्यक्ष अक्षय कपूर, दिल्ली बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सचिन पुरी, अखिल भारतीय महिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष डॉक्टर गीता आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## अवैध हथियारों के सिंडिकेट के सदस्य को पकड़ा

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने इंटरस्टेट अवैध हथियारों के सिंडिकेट के सदस्य को पकड़ा है। पुलिस ने उसके पास से ग्यारह अच्छी क्वालिटी की सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद की है। ये हथियार दिल्ली और एनसीआर में अपराधियों को सप्लाई करने के लिए एमपी के हथियार डीलर से खरीदे गए थे। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल पुलिस उपायुक्त आलाप पटेल ने बताया कि मध्य प्रदेश स्थित हथियार निर्माताओं और डीलरों द्वारा दिल्ली और एनसीआर में लाए जा रहे अवैध हथियारों की सप्लाई लाइन को खत्म करने के लिए एसीपी नीरज कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर रंजीत सिंह और संजीव कुमार के नेतृत्व में स्पेशल सेल की टीम काम कर रही थी। इसी बीच टीम को एक खास जानकारी मिली कि इस हथियार सिंडिकेट के एक सदस्यएमपी से पिस्टल की एक खेप खरीदी है।

# तंबाकू हानि नियंत्रण पर हुई बहस पर भारत की नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (एफसीटीसी) की 11वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (सीओपी11) तंबाकू-सम्बंधित हानि को कम करने की रणनीतियों पर गहन बहस का केंद्र बन गई है। चर्चा के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा उपलब्ध वैज्ञानिक प्रमाणों पर प्रतिक्रिया और सदस्य देशों के लिए प्रस्तावित तंबाकू-नियंत्रण नीतिगत दिशा पर कई सवाल उठ रहे हैं। वैज्ञानिक समुदाय ने (सीओपी11) से पहले गंभीर चिंता जताई (सीआ. ेपी11) से ठीक पहले, तंबाकू नियंत्रण से जुड़े वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के रुख पर सवाल उठाए हैं। विशेषज्ञों ने कोक्रेन समीक्षा का भी हवाला दिया हैख्र जिसे चिकित्सा साक्ष्यों का गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है।

COP11 के दौरान यूरोपीय संघ के नौ देशों इटली, ग्रीस, पोलैंड, रोमानिया, बुल्गारिया, लिथुआनिया, साइप्रस, पुर्तगाल और चेक गणराज्य ने यह चिंता व्यक्त की कि अत्यधिक प्रतिबंधात्मक नियंत्रण और स्पष्ट वैज्ञानिक आधार की कमी न सिर्फ सार्वजनिक स्वास्थ्य लक्ष्यों की दिशा में बाधा बन सकती है,बल्कि अनजाने में अवैध तंबाकू व्यापार और तस्करी को बढ़ावा दे सकती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### बीसीए का छात्र लापता

# परिजनों ने दोस्त पर लगाया अपहरण करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** गांव छज्जुपुर निवासी बीसीए के छात्र तुषार भरद्वाज के अपहरण का मामला संज्ञान में आया। परिजनों ने हरियाणा के गुरुग्राम निवासी उसके दोस्त पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए उसके कपिल यादव के खिलाफ थाना में तहरीर दी है।

परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने व लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए थाना पर हंगामा किया। थाना प्रभारी के कार्रवाई करने के आश्वासन पर लोगों शांत हुए। जानकारी के अनुसार वंश भारद्वाज ने थाने में लिखित शिकायत देते हुए बताया कि मेरा भाई तुषार भारद्वाज उम्र लगभग 22 वर्ष बीसीए का छात्र है।



बृहस्पतिवार की शाम को करीब 5:00 बजे उसके एक मित्र कपिल यादव निवासी गुरुग्राम हरियाणा का फोन आया और उसको मिलने के लिए गांव के बाहर बुला लिया। वह अपने एक मित्र वह अपने मौसी के लड़के के साथ मिलने के लिए पहुंचा।

तभी वहां पहले से खड़ी बिना नंबर प्लेट की दो कार से 4 से 5 लोग उतरे और उसको जबरदस्ती अपनी कार में बैठकर फरार हो गए। युवक ने बताया कि मोटरसाइकिल की चाबी भी वह लोग अपने साथ ले गए।

पीड़ित परिजनों ने बताया कि जिसकी सूचना 112 नंबर व पुलिस चौकी पाइपलाइन पर दी गई थी। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है तथा नहीं अपहर्ता छात्र को खोज सकी है। पुलिस की लापरवाही से गुस्साए परि. जनों व ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर जमकर हंगामा किया।

थाना प्रभारी अंकित चौहान ने हंगामा कर रहे लोगों को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तब जाकर गुस्साए लोगों का गुस्सा शांत हुआ। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि युवक को दिल्ली पुलिस ले गई है।

# आईटीएस में एलुमनी लेक्चर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में बीडीएस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ रवीना दुहान द्वारा ''कनैक्ट केयर कंटीन्यू'' विषय पर एक एलुमनाई लेक्चर प्रस्तुत किया गया। इस लेक्चर में 150 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डॉ रवीना ने अपनी बीडीएस की शिक्षा आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर से पूर्ण की है। डॉ रवीना को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 18 वर्षो से अधिक का अनुभव प्राप्त है। वर्तमान में वे डेंटोएमिगो में होमियो अमीगो डायरेक्टर में प्रधान चिकित्सा सलाहकार और प्रमुख मानव संसाधन के रूप में कार्यरत है। इससे पूर्व उन्होंने क्लोव डेंटल में 3 वर्षों तक क्लीनिकल रिक्रूटमेंट विशेषज्ञ के रूप में काम किया है। इसके साथ ही वह पिछले 8 वर्षो से अपनी क्लीनिकल प्रैक्टिस संचालित कर रही है।

लेक्चर के दौरान डॉ रवीना ने सभी विद्यार्थियों को अपने विस्तृत करियर से जुड़े अनेक उपयोगी अनुभव साझा किये और बताया कि कैसे सशक्त प्रोफेशनल कनेक्टिविटी, करूणापूर्ण सेवा और कौशलों का निरंतर संवर्धन दंत चिकित्सा के क्षेत्र में एक सफल करियर की नींव बनते है। लेक्चर का उद्देश्य विद्यार्थियों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में सशक्त बनाना था।



इसके अतिरिक्त, उन्होंने विद्यार्थियों के प्रोफेशनल डेवलपमेंट, वर्कप्लेस रेडीनेस और हेल्थकेयर कम्युनिकेशन से जुड़े सभी प्रश्नों के उत्तर भी दिये। डॉ रवीना ने इस कार्यक्रम के माध्यम से बीडीएस के विद्यार्थियों को नवीनतम ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिये संस्थान को धन्यवाद देते हुए लेक्चर का समापन किया।

# टीआरएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस समारोह का हुआ समापन



**विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी ओहरी ने अपने संबोधन में मेहनत, लक्ष्य-निष्ठा एवं खेल संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी की अध्यक्षता में तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य समापन अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार सांगवान, सांसद (लोकसभा, बागपत) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. मंजू शिवाच, विधायिका, मोदीनगर सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों पत्रकार बंधु एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन, गुब्बारा उड़ान, मार्च पास्ट एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत "चार युगों की यात्रा-अतीत से वर्तमान तक" कार्यक्रम में सतयुग से कलयुग तक मानवीय मूल्यों एवं सामा. जिक परिवर्तनों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में 'ब्लीड ब्लू चैंपियन' प्रस्तुति ने विद्यार्थियों की ऊर्जा, अनुशासन एवं टीम स्पिरिट का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे मंच को जीवंत बना दिया। विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों की प्रतिभा, खेल भावना, आत्मविश्वास एवं अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रामायण ज्ञान प्रतियोगिता व विभिन्न खेलों में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय परिवार की ओर से गौरव माहेश्वरी एवं एजुक. ेशनल डायरेक्टर राधिका माहेश्वरी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे आयोजनों को अत्यंत आवश्यक बताते हुए सभी के प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी ओहरी ने अपने संबोधन में मेहनत, लक्ष्य-निष्ठा एवं खेल संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला।

# शिक्षा स्कूल में 11वां वार्षिक खेल महोत्सव धूमधाम से संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल, निवाड़ी में 11वाँ वार्षिक खेल महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ आयोजित किया गया जो 10 दिसंबर से आरंभ होकर 13 दिसंबर 2025 को संपन्न हुआ। वरिष्ठ भाजपा नेता और स्कूल के चेयरमैन नीरज त्यागी ने बेस्ट एथलीट 2024 को मशाल सौंपकर और सभी खिलाडियों को शपथ दिलाकर खेल महोत्सव की विधिवत शुरुआत की और अपने उदभोदन में सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों का जीवन में महत्व, टीमवर्क और स्पोर्ट्समेन स्पिरिट का महत्व बताया। अग्नि, जल, धरा और वायु हॉउस के खिलाड़ियों की मार्च पास्ट और सैलूट ने सभी को ऊर्जा से भर दिया। विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और विनर खिलाड़ियों को नीरज त्यागी ने मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जूनियर विंग बेस्ट एथलीट विराट व कृतिका रहे, सीनियर विंग बेस्ट एथलीट वंश व रिद्धिमा रहे। इस अवसर पर अध्यक्षा बिंदु त्यागी, प्रधानाचार्या अनुभूति सिंह, कोर्डिनेटर डिंपल नायर और सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

# आईटीएस में डिजिटल मार्केटिंग पर कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नैसकॉम फाउंडेशन और एडोब के सहयोग से आईटीएस मोहन नगर यूजी कैंपस में "डिजिटल मार्केटिंग" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन आईटीएस मोहन नगर यूजी कैंपस मे नैसकॉम फाउंडेशन एवं एडोब के सहयोग से संस्थान की इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल मार्केटिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईटीएस द एजुक. ेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने सन्देश में 'डिजिटल मार्केटिंग' कार्यशाला की महत्वता एवं उपयोगिता बताते हुए कहा कि ऐसी कार्यशाला निरंतर होती रहनी चाहियें और सभी उपस्थित छात्रों को आज के डिजिटल मार्केटिंग एनवायरनमेंट को ध्यान में रख कर अपनी क्षमताओं को विक. सित करते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए। यूजी कैंपस की प्राचार्या डॉ नैन्सी शर्मा ने अतिथि वक्ताओं का मोमेंटो और गुड लक प्लांट देकर स्वागत किया। और डिजिटल मार्केटिंग के महत्व पर संक्षिप्त परिचय देते हुए छात्रों को इसमे पारंगत होने के लिए प्रेरक संबोधन दिया। इस कार्याशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आज के उभरते हुए डिजिटल मार्केटिंग के नए आयामों के बारे में जानक. ारी देना और उनके अनुसार तैयार करना था। कार्यशाला के दौरान डिजिटल मार्केटिंग इकोसिस्टम की बुनियादी समझ एवं वर्तमान उद्योग रुझान, कंटेंट स्ट्रेटेजी, ऑडियंस टार्गेटिंग और कस्टमर एंगेजमेंट का महत्व, SEO, SEM एवं सोशल मीडिया मार्केटिंग की व्यावहारिक जानकारी, एनालिटिक्स एवं परफॉर्मेंस मैट्रिक्स के माध्यम से प्रभावी डिजिटल कैंपेन निर्माण, पेड एडवरटाइजिंग, कैंपेन ऑप्टिमाइजेशन और बजटिंग की मूलभूत समझ, डिजिटल प्रमोशन्स में ब्रांडिंग, स्टोरीटेलिंग और क्रिएटिविटी का महत्व जैसे विषयों को शामिल किया गया। सत्र का कुशल नेतृत्व नैसकॉम फाउंडेशन एवं एडोब की और से शिवानी बेग ने किया, जिनकी विशेषज्ञता एवं प्रभावी प्रस्तुति ने छात्रों के सीखने के अनुभव को समृद्ध बनाया।

# विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय शैक्षिक परिषद् कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय शैक्षिक परिषद् की त्रिदिवसीय कार्यशाला का प्रथम दिवस सम्पन्न विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मेरठ प्रांत द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर विद्या मंदिर में एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश द्वारा विद्या भारती आयोजित क्षेत्रीय शैक्षिक परिषद् तक आयोजित त्रिदिवसीय कार्यशाला का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारम्भ विद्या भारती के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। यह त्रिदिवसीय कार्यशाला चार सत्रों में आयोजित की जा रही है, जिनका उद्देश्य शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार एवं मूल्याधारित शिक्षा को सुदृढ़ करना है। देशराज शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा ने कार्यशाला के उद्देश्य, दिशा एवं महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता संवर्धन, नवाचार और राष्ट्रनिष्ठ दृष्टिकोण को मजबूत करने हेतु प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला के प्रथम दिवस शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन, मूल्य आधारित शिक्षा, नवोन्मेषी शिक्षण पद्धतियाँ, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, छात्र सर्वांगीण विकास, शिक्षक की भूमिका एवं विद्यालय नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चार सत्रों के अंतर्गत प्रशिक्षण, परिचर्चाएँ तथा समूह गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्या भारती से संबद्ध सभी विद्यालयों में शिक्षा को अधिक प्रभावी, चरित्र- निर्माणपरक, संस्कारयुक्त, राष्ट्रनिष्ठ एवं नवाचार- सम्पन्न बनाना है, ताकि विद्यार्थी सक्षम, संवे. दनशील और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नागरिक के रूप में विक. सित हो सकें। त्रिदिवसीय कार्यशाला के आगामी सत्रों में शिक्षा के विविध आयामों पर गहन विमर्श एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### आइफा में 25वां वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन

# 'विदेशी शिक्षकों के साथ अतिथियों ने कलाकृतियां, पोस्टरों, पेंटिंग को सराहा'



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर (आईफा) में 25वीं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया द्य इसका उद्घाटन मोदीनगर विधानसभा विधायिका डॉ. मंजू शिवाच एवं भोजपुर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह एवं भाजपा नेता प्रदीप बॉस ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थान के मैनेजर डॉ.संघर्ष शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया और उन्होंने बताया यह कला प्रदर्शनी 13 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर 2025 तक चलेगी और कोई भी कला प्रेमी, विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक इस प्रदर्शनी को निशुल्क देख सकते हैं। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगण ने सभी विभागों में जाकर वहां प्रदर्शित अत्यंत आकर्षक कलाकृतियों को बारीकी से देखा और छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि डॉ मंजू शिवाच ने कला प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात बताया विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां, उनकी रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति एवं मेहनत का जीवंत उदाहरण है। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए संस्थान के अनेक पूर्व छात्र-छात्राएं भी आए। स्थानीय स्कूलों में मुरादनगर पब्लिक स्कूल, टीआरएम पी.वी.एस कन्या इंटर कॉलेज मोदीनगर, एस.जी पब्लिक स्कूल वसुंधरा के सैकड़ो छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, कला प्रेमी, अभिभावक भीड़ लगी थी।

# फर्जी कागजात तैयार कर बन गए संपत्ति के मालिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस प्रशासन के ढुल मुल रवैये के कारण उत्तर प्रदेश के भू माफिया फल फूल रहे हैं और आम लोग इनका शिकार बन रहे हैं और न्याय के लिए धक्के खाने को मजबूर हैं। लेकिन पुलिस से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक से उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही है। मास को-ऑपरेशन एनजीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तौसीफ हाशमी ने बताया कि आजकल भूमाफियाओं का काम करने का तरीका बदल गया है अब वो आम लोगों की जमीन व मकान को अवैध कब्जा कर उसके फर्जी दस्तावेज तैयार कर किसी भी बैंक के अधिकारियों से साठ-गांठ कर प्रॉपर्टी पर लोन लेकर फरार हो जाते हैं बाद में बैंक द्वारा उक्त प्रॉपर्टी को नीलाम कर अपनी रकम प्राप्त कर ली जाती है। और मुख्य स्वामी दर बदर की ठोकर खाने को मजबूर हो जाता है लेकिन प्रशासन द्वारा उसकी कोई मदद नहीं की जाती।



श्री हाशमी ने बताया कि जीटी रोड स्थित सराय नजर अली मकान नंबर- 28 जो कि जाहिद अली नामक व्यक्ति की खानदानी प्रॉपर्टी है को पुराने समय से सरदार सिंह एवं सुरेंद्र कौर को ६९ प्रतिवर्ष किराए पर दी हुई थी इसी दौरान किसी व्यक्ति द्वारा किराएदारों पर गाजियाबाद सिविल न्यायालय में एक वाद दायर किया गया उक्त प्रॉपर्टी वक्फ अलल खेर की है 5 वर्षों तक वाद चलने के बाद सिविल कोर्ट द्वारा दिनांक-19-02-10 को जजमेंट दिया गया कि उक्त प्रॉपर्टी के किराएदार सुरेंद्र कौर है और मालिक मुमताज बेगम है और यह प्रॉपर्टी वक्फ अलल औलाद है। लेकिन सुरेंद्र कौर जो कि उक्त प्रॉपर्टी में किराएदार थी अचानक से अपने परिवार बेटा तेजेंद्र, बहु हरप्रीत सिंह, गजेंद्र सिंह, के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर उक्त मकान की मालिक बन गई और हिंदुजा बैंक शाखा प्रबंधक से साठ-गाँठ कर उक्त प्रॉपर्टी पर दो करोड़ का लोन लेकर फरार हो गई पीड़ित को इसकी सूचना जब लगी जब वहां पर नोटिस लगाकर मकान को सीज कर दिया गया था।

पीड़ित ने उक्त घटना की शिकायत पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से की जिसकी जांच महीनों तक एसीपी कोतवाली द्वारा की गई सभी संबंधित दस्तावेज देने के बावजूद एसीपी साहब ने कोई कार्यवाही नहीं की पीड़ित ने परेशान होकर लखनऊ डीआरटी में जाकर अपील दायर की इस दौरान हिंदुजा बैंक ने नीलामी का नोटिस लगा दिया जिसकी शिकायत पर डीआरटी में सुनवाई हुई जहां शाखा प्रबंधक द्वारा बताया गया कि हम उक्त भूमि की नीलामी नहीं कर रहे हैं अभी भी उक्त अपील में सुनवाई की तारीख लगी हुई है लेकिन हिंदुजा बैंक द्वारा फिर से उक्त प्रॉपर्टी की नीलामी 29 दिसम्बर को तय की हुई है जो की कानून का खुला उल्लंघन है ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब सभी कागजात पीड़ित के पास उपलब्ध है और फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों द्वारा कोर्ट में एफिडेविट देकर 5 साल अपने आप को किराएदार बताने वाले अचानक कैसे मालिक बन गए। यह भी एक जांच का विषय है।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.)**
**जनपद गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्री जसवीस सिंह यादव**
**पी.सी.एस. जे**
**(सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10)**
**मूल वाद संख्या 724/2023**

ललित विहारी शर्मा आयु करीब 58 वर्ष पुत्र स्व. श्री दीपचन्द शर्मा निवासी नया मकान नं. 283 गली नं. 1 कैलाशनगर गाजियाबाद तहसील व जिला गाजियाबाद।
...वादी

**बनाम**

2. अजय शर्मा आयु करीब 48 वर्ष पुत्र श्री आर. पी. शर्मा निवासी मकान नं. 390/3 शक्ति खण्ड-1 इन्दिरापुरम गाजियाबाद तहसील व जिला गाजियाबाद।
...प्रतिवादीगण

ललित विहारी शर्मा ने चन्द्र प्रकाश उर्फ चेतक व अजय शर्मा, आपके विरूद्ध उक्त वाद संस्थित किया है। वास्ते व्यादेश व घोषणात्मक डिक्री हेतु आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 20.01.2026 को दिन में प्रातः 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। जिसमें असफल रहने पर वाद आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 01.12.2025 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (सी.डि.) गाजियाबाद।**

# रॉबिंस एकेडमी का वार्षिक समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोबिंस अकैडमी द्वारा आयोजित वित्तीय वर्ष 2025 -26 हेतु विविधता की प्रतिभा थीम पर एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया। उक्त एनुअल फंक्शन का आयोजन राज नगर एक्सटेंशन में स्थित मधुबन बैंक्विट हॉल में किया गया। कार्यक्रम के विषय में रोबि. बंस अकैडमी में चेयरमैन सुभाष अरोड़ा द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति हमारे स्कूल द्वारा वार्षिक आयोजन किया गया है, जिसमें स्कूल के सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने हेतु तैयार किया गया है।

करीब दो माह से उक्त कार्यक्रम की तैयारी हेतु छात्र-छात्राओं को नित्य अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्प्रिंग वैली पब्लिक स्कूल की चेयरमैन श्रीमति विजय कटीयाल, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा के चेयरमैन राजीव गर्ग एवं ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा की सेक्रेटरी ज्योत्सना गर्ग ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।




मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना से कार्यक्रम का उद्घोष किया। रोबिंस अकादमी की प्रिंसिपल मीनाक्षी अरोड़ा एवं सभी टीचर्स के साथ सभी छात्र-छात्राओं की ओर से पेरेंट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में ग्राम मोरटी गाजियाबाद से कपिल त्यागी, सोनू त्यागी, रोहित त्यागी एवं महामाई जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष ललित कुमार दीक्षित, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी पेरेंट्स को रिझाया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रीय नृत्य जैसे पंजाबी भांगड़ा, बच्चों द्वारा वेलकम एवं एंडिंग हेतु विशेष प्रस्तुति दी गई।

रोबिंस एकेडमी स्कूल के चेयरमैन सुभाष अरोड़ा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं सभी पेरेंट्स तथा छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं विद्यार्थियों को प्रेरणा दी गई कि शिक्षा से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं है। यदि आप शिक्षित हैं तो आप सब कुछ करने में संभव हैं। शिक्षा ही सभी को ऊंचाइयों तक ले जाने का मूल मंत्र है। शिक्षा के संबंध में प्रधानाचार्य जी ने बताया कि सिकंदर द्वारा दुनिया पर राज किया, किंतु अंत समय में उसके द्वारा कमाई गई अपार दौलत किसी काम नहीं आई, जिससे सीख लेकर सिकंदर ने भी मांग की कि कि जब मेरे मरने के बाद मुझे ले जाया जाए तो मेरे हाथ खुले रहने चाहिए।

इसका अर्थ है कि मैं दुनिया में खाली हाथ आया था, और खाली हाथ ही जा रहा हूं। केवल शिक्षा/ज्ञान ही ऐसी चीज है जो दूसरों को सीख देने के बावजूद भी कभी काम नहीं होती। कार्यक्रम में ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल के चेयरमैन तथा स्प्रिंग वैली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन तथा उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के भव्य आयोजन की प्रशंसा की एवं पेरेंट्स की उपस्थिति की सराहना की गई। मुख्य अतिथि एवं सभी पैरंट्स ने बच्चों द्वारा दी गई अदम्य एवं आकर्षक प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। रॉबिंस अकादमी के चेयरमेन द्वारा ग्राम मोरटी के सभी व्यक्तियों के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया गया एवं सहर्ष कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एनसीआर में सीजन का पहला घना कोहरा, प्रदूषण ने बढ़ाई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सर्दी के साथ-साथ सीजन का पहला घना कोहरा छा गया है। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में सुबह और रात के समय दृश्यता काफी कम हो रही है, जिससे आम जनजीवन और यातायात प्रभावित हो रहा है।

मौसम विभाग के स्थानीय पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान के साथ-साथ न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे ठंड और बढ़ने के आसार हैं। स्थानीय मौसम रिपोर्ट के मुताबिक 13 दिसंबर को अधिकतम तापमान लगभग 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में मध्यम कोहरा छाने के बारे में बताया गया है। इसी तरह 14 दिसंबर को अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। 15 दिसंबर को तापमान में और गिरावट के संकेत हैं, जब अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। फिलहाल किसी प्रकार की मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है, लेकिन कोहरे के कारण सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है।

इसी बीच, दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। शनिवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 387 दर्ज किया गया, जो "बहुत खराब" श्रेणी में आता है। यह स्तर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक माना जाता है। बीते सप्ताह प्रदूषण में लगातार इजाफा देखा गया है।

मंगलवार को एक्यूआई 282, बुधवार को 259, गुरुवार को 307 और शुक्रवार को 349 दर्ज किया गया, जो शनिवार को बढ़कर गंभीर स्थिति के करीब पहुंच गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के 18 इलाकों में एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है, जो "गंभीर" श्रेणी में आता है। वजीरपुर सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र रहा, जहां एक्यूआई 443 दर्ज किया गया। इसके बाद जहांगीरपुरी (439), विवेक विहार (437), रोहिणी और आनंद विहार (434), अशोक विहार (431), सोनिया विहार और डीटीयू (427), नरेला (425), बवाना (424), नेहरू नगर (421), पटपड़गंज (419), आईटीओ (417), पंजाबी बाग (416), मुंडका (415), बुराड़ी क्रॉसिंग (413), चांदनी चौक (412) और डीयू नॉर्थ कैंपस (401) शामिल हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि वे अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें, मास्क का उपयोग करें और ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान) के तहत जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने के साथ यदि हवा की गति कम रही, तो प्रदूषण की स्थिति और बिगड़ सकती है।

# युवाओं के संकल्प व नवाचार से तय होगी देश-दिल्ली की दिशा: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विवि(एनएसयूटी) के दीक्षांत समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि एनएसयूटी जैसे संस्थान तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और कौशल विकास के माध्यम से भारत के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनएसयूटी निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है और विद्यार्थियों को आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने ईस्ट और वेस्ट कैंपस में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के अनावरण को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि नेताजी का जीवन आज भी देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के 78 वर्षों के बाद देश को किस दिशा में आगे बढ़ाना है, इसका सबसे महत्वपूर्ण निर्णय आज के युवाओं के हाथों में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी ऐतिहासिक पहल शुरू की गईं, जिनसे देश में नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी सशक्तिकरण को नई गति मिली है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज भारत शिक्षा, तकनीक, उद्योग और सामाजिक परिवर्तन सहित हर क्षेत्र में व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रहा है और इस परिवर्तन की असली शक्ति देश के युवा हैं, जो आने वाले भारत की दिशा और पहचान तय करेंगे। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इंजीनियरिंग, नवाचार, ग्रीन टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में देश और दिल्ली की समस्याओं के समाधान के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिग्री जीवन की मंजिल नहीं, बल्कि एक पड़ाव है और हमारी शिक्षा व ज्ञान हर क्षेत्र में हमारा मार्गदर्शन करता है।

उन्होंने युवाओं से आत्मविश्वास बनाए रखने, हार न मानने और देश, समाज व परिवार का नाम रोशन करने का संदेश दिया।इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि वे ऐसे दौर में स्नातक बनकर निकल रहे हैं, जब भारत 'विकसित भारत 2047' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल नारा नहीं, बल्कि युवाओं को देश में अवसर देने और उनसे नवाचार व समाधान की अपेक्षा का स्पष्ट संकल्प है।

## जेबकतरों के गैंग का भंडाफोड़, दो पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के एएटीएस की टीम ने जेबकतरों के गैंग का भंडाफोड़ कर दो कुख्यात जेबकतरों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से चौदह चोरी के मोबाइल फोन और दो बैग बरामद किए है।पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कई मामलो को सुलझा लिया है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट में यात्रा करने वाले यात्रियों को अपना निशाना बनाते थे। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि हौज खास थाने में एक मामला दर्ज किया गया था जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट में कुछ अज्ञात लोगों ने उसका मोबाइल फोन चुरा लिया हे। इस संबंध में, हौज खास थाने में एक मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर उमेश यादव के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने व्यापक तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी विश्लेषण और स्थानीय खुफिया जानकारी विकसित की।

# जाम दूर कर प्रदूषण को नियंत्रित करें:आयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने यातायात जाम के चलते होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए हर महीने बैठक करने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही सड़कों की धूल साफ करने, ठोस कचरे का जलना रो.कने आदि के लिए भी समुचित प्रबंधन करने को कहा है। आयोग ने वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू करने के लिए दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के एनसीआर जिलों की स्थिति की समीक्षा की। आयोग ने सभी स्थानों की स्थिति की समीक्षा के बाद सबके लिए विशेषीकृत निर्देश जारी किए हैं। आयोग के निरीक्षण में आया है कि दिल्ली में विभिन्न हॉट स्पॉट पर लगने वाला यातायात जाम, सड़क की धूल, ठोस कचरे का निस्तारण सही से नहीं होना और उसे जलाया जाना आदि प्रदूषण के प्रमुख कारकों में शामिल हैं ।

आयोग ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि यातायात जाम के लिए चिह्नित किए गए हॉट स्पॉट में भीड़-भाड़ कम करने के लिए मासिक बैठकों का आयोजन किया जाना चाहिए। पीएम 2.5 और पीएम 10 प्रदूषण को बढ़ाने वाली सड़कों की धूल को वैक्यूम क्लीनर से साफ किया जाना चाहिए। आयोग ने कहा है कि ठोस कचरे के उचित संग्रहण और निस्तारण की व्यवस्था स्थानीय निकाय द्वारा की जानी चाहिए।



भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर कैबिनेट मंत्री ( कला, संस्कृति एवं भाषा ) कपिल मिश्रा।

# सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्स का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो गया। दो दिवसीय इस महोत्सव के उद्घाटन सत्र में दिल्ली सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री (कला, संस्कृति एवं भाषा) कपिल मिश्रा की उपस्थिति रही। यह महोत्सव भारत की सभ्यतागत विरासत, सनातन चेतना, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और समकालीन राष्ट्रीय विमर्श को सशक्त मंच प्रदान कर रहा है।

अपने संबोधन में कपिल मिश्रा ने कहा जय श्रीराम की गूंज ही शंखनाद बने, यही सनातन राष्ट्र का उद्घोष है।" उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है कि ऐसा आयोजन देश की राजधानी में हो रहा है और इसे भारत सरकार एवं दिल्ली सरकारख्र दोनों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि एक दशक पूर्व इस प्रकार के खुले वैचारिक विमर्श की कल्पना भी संभव नहीं थी।राम मंदिर आंदोलन, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग और समय की लीला का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा भविष्यदृष्टि वाली है और समय स्वयं अपने उत्तर देता है।

उन्होंने लाल किले में हुए विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा कि भय भारतीय समाज के डीएनए में नहीं है। कपिल मिश्रा ने रामराज्य की अवधारणा पर बल देते हुए कहा कि रामराज्य केवल सुरक्षा से नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, परस्पर उत्तरदायित्व और सहधर्म की भावना से साकार होगा।कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज के काल से जुड़ी शस्त्र परंपरा की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसे भारत की युद्धकला और वीरता का जीवंत प्रमाण बताया गया।इसी क्रम में भारत मंडपम में 12ख्र13 दिसंबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश से संत, तपस्वी, योगाचार्य, विचारक और मातृ-शक्तियों की सहभागिता रही।

सम्मेलन का उद्देश्य उपवास, योग, ध्यान, आत्मसंयम और साधना के माध्यम से जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा।इस अवसर पर श्री कपिल मिश्रा ने कहाख्र"दिव्य उपस्थिति के सान्निध्य में बैठते ही भीतर की चेतना परिवर्तित हो जाती है।"उन्होंने कहा कि सैकड़ों दिनों के उपवास, इंद्रिय-संयम और तप की साधना सुनने में भी असंभव लगती है, लेकिन ऐसी दिव्य आत्माओं का साक्षात दर्शन राष्ट्र के लिए सौभाग्य है।

## वाहन चोर से 6 दोपहिया वाहन बरामद, 8 केस सुलझे

**नई दिल्ली।** साउथ जिला पुलिस के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉयड (एएटीएस) ने कुख्यात वाहन चोर सोनू कुमार उर्फ अंडा (42) को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के 6 दोपहिया वाहन व दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी से चोरी के आठ मामले सुलझाने का पुलिस ने दावा किया है। उसके खिलाफ पहले से 12 केस दर्ज हैं। साउथ डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि वाहन चोरी की बढ़ती वारदात देखते हुए एएटीएस प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश यादव की टीम को जांच का जिम्मा सौंपा गया। टीम ने अपराध के तरीके का अध्ययन करने के साथ कई घटनास्थल की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। इस दौरान एक संदिग्ध युवक टीम की रडार पर आया। आरोपी की पहचान सोनू कुमार उर्फ अंडा के रूप में हुई। एक सूचना मिलने पर पुलिस ने पुष्पा भवन के समीप चोरी की बाइक पर सवार सोनू कुमार को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चोरी के दो फोन भी मिले। आरोपी की निशानदेही पर चोरी के 5 अन्य दोपहिया वाहन बरामद किए गए। आरोपी नशे का आदी है।

# डीएनए साक्ष्य देरी रोकने के लिए नीति बनाएं : हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने यौन उत्पीड़न के मामलों में डीएनए सैंपल को फोरेंसिक प्रयोगशाला तक पहुंचाने में होने वाली देरी पर गंभीर चिंता जताते हुए एक समन्वित और बाध्यकारी नीति बनाने के निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने दिल्ली पुलिस, फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल), दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग और गृह विभाग के बीच स्पष्ट समन्वय व्यवस्था विकसित करने को कहा है, ताकि जांच प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लाप.रवाही या विलंब न हो। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा उच्चतम न्यायालय के बाध्यकारी आदेशों का सख्ती और समान रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए। पीठ ने दो.हराया कि सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए हैं, जिनका उद्देश्य डीएनए साक्ष्यों को वैज्ञानिक मानकों के अनुसार एकत्र करने, सुरक्षित रखने और तत्काल फोरेंसिक लैब तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की कि यदि फोरेंसिक लैब सप्ताहांत या सार्वजनिक अवकाश के दौरान सैंपल स्वीकार नहीं करती हैं, तो यह जांच एजेंसियों के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करना व्यावहारिक रूप से कठिन बना देता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि डीएनए सैंपल किसी भी स्थिति में 48 घंटे के भीतर प्रयोगशाला तक पहुंचना अनिवार्य है। अदालत ने कहा कि इन व्यावहारिक समस्याओं का तत्काल समाधान आवश्यक है, ताकि टाली जा सकने वाली प्रशासनिक चूकों के कारण ऐसे मामलों में न्याय बाधित न हो, जहां फोरेंसिक साक्ष्य निर्णय के लिए निर्णायक भूमिका निभाते हैं। ये महत्वपूर्ण टिप्पणियां अदालत ने 17 वर्षीय नाबालिग लड़की से बलात्कार के एक मामले में दोषी की सजा बरकरार रखते हुए कीं। इस मामले में दोषी पीड़िता का रिश्तेदार था। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने नाबालिग के साथ जबरन यौन संबंध बनाए, जिसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती हो गई। अदालत ने दोषी की ओर से पेश किए गए विभिन्न विरोधाभासी बचावों को खारिज करते हुए कहा कि आरोपी अपने किसी भी दावे को विश्वसनीय साक्ष्य से सिद्ध नहीं कर सका। पीठ ने माना कि अभियोजन पक्ष ने संदेह से परे अपराध को साबित किया है। हालांकि, सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि महत्वपूर्ण डीएनए साक्ष्य, जो मामले में निर्णायक पुष्टि कर सकता था, जांच के दौरान खो गया। इसके बावजूद अदालत ने दोषी की 20 वर्ष की सजा को बरकरार रखते हुए व्यवस्था सुधारने की सख्त जरूरत पर जोर दिया।

# जनवरी से अस्पताल में ही मिल जाएगा बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम प्रशासन की तरफ से राजधानी में जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को और सरल किया जा रहा है। अगले महीने से अस्पताल में बच्चे के जन्म लेने के बाद ही निगम प्रशासन जन्म प्रमाण पत्र जारी कर देगा। अभी तक अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद माता-पिता को निगम की वेबसाइट में जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करना होता था। इसमें अस्पताल में हुए बच्चे के जन्म से जुड़े दस्तावेजों की जानकारी निगम को देनी होती थी। इसके बाद सात दिनों में बच्चे के माता-पिता को निगम की वेबसाइट पर जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध होता था। नई प्रक्रिया के मद्देनजर अस्पताल में रहते हुए ही माता-पिता को जन्म लिए बच्चे का बर्थ सर्टिफिकेट उपलब्ध हो जाएगा। ऐसे मिलेगी सुविधा निगम अधिकारियों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की प्रणाली को सरल बनाते हुए इसे आधार कार्ड नंबर और डिजी लॉकर से जोड़ दिया गया है। अस्पताल में रहते हुए माता-पिता को निगम ऐप 311 या वेबसाइट पर अपने मोबाइल नंबर से पंजीकरण कर बच्चे के जन्म से जुड़ी जानकारी देनी होगी। इससे माता-पिता के नंबर से एक अकाउंट बन जाएगा। इसके बाद बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र कुछ ही समय में उपलब्ध हो जाएगा।

## राज्य स्कूल स्तर के खेलों का आयोजन शुरू

**नई दिल्ली।** राजधानी में स्कूली खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य स्कूल स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू हो गया है। शिक्षा निदेशालय की खेल शाखा की ओर से राज्य स्कूल खेल टेबल टेनिस प्रतियोगिता का सोमवार से दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट अंडर-17 वर्ग में लड़के और लड़कियों दोनों के लिए होगा। निदेशालय ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रतिभागियों की एंट्री तय कर आवश्यक दस्तावेज त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमा कराएं। खेल शाखा के अनुसार, स्कूल प्रमुखों को सुनिश्चित करना होगा कि खिलाड़ी निर्धारित खेल किट में समय पर रिपोर्ट करें। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

## करदाताओं की भी जाति आधारित गणना हो: सीटीआई

**नई दिल्ली।** व्यापारियों के संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने केंद्र सरकार से जाति जनगणना के साथ-साथ करदाताओं की जाति का भी आंकड़ा एकत्र करने की मांग की है। इस संबंध में सरकार को भेजे पत्र में सीटीआई ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था को चलाने में विभिन्न जातियों की कर के रूप में क्या भूमिका है, इसका स्पष्ट और पारदर्शी आकलन होना चाहिए। संगठन का तर्क है कि जिस वर्ग की कर भुगतान में जितनी भागीदारी है, सरकारी योजनाओं और नीतिगत लाभों में उसकी हिस्सेदारी भी उसी अनुपात में तय की जानी चाहिए। सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल और महासचिव गुरमीत अरोड़ा ने कहा कि जातिगत सर्वे के साथ यह जानकारी भी जुटाई जाए कि किस जाति के लोग आयकर और जीएसटी के माध्यम से सरकार को कितना राजस्व देते हैं।

# अलग-अलग मामलों में फरार 6 आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साउथ वेस्ट जिला पुलिस ने अलग अलग मामलों में फरार चल रहे 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बॉबी (25), प्रीति राणा (40 ), अकिल ( 38) , वीरेंद्र सिंह चौहान (45) , अनिरुद्ध कुमार शर्मा व संतोष (35) के रूप में हुई है। सभी को अदालत ने भगोड़ा घोषित कर रखा था। पुलिस ने आरोपियों को टेक्निकल सर्विलांस व ई-प्रिजन पोर्टल और स्थानीय स्तर पर मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। इसके अलावा एक ऐसे व्यक्ति का भी पता लगाया गया जिसकी मृत्यु हो चुकी थी मगर रिकॉर्ड में वह भगोड़ा घोषित था। साउथ वेस्ट डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि साउथ कैंपस थाना पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज केस में भगोड़ा घोषित आशु कुमार के विषय में छानबीन की तो पता चला कि उनकी मृत्यु हो गई है। आशु की पत्नी न्यू मोती बाग में रहती हैं। इस आधार पर रिपोर्ट बनाकर कोर्ट को भेज दी गई। वहीं सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में भगोड़ा करार बॉबी को पकड़ा। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 7 केस दर्ज हैं। सागरपुर पुलिस ने प्रीति राणा को पकड़ा। उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। वसंत विहार पुलिस ने अकील तथा वीरेंद्र सिंह चौहान को पकड़ा।

## सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में सुविधाएं बढ़ेंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला क्षेत्र में स्थित दिल्ली सरकार के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में सुविधाएं बढ़ेंगी। इस संबंध में अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल में विभिन्न सुविधाओं को बढ़ाने पर भी फैसले लिए गए। नरेला के विधायक और अस्पताल की रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष राज करण खत्री ने बताया कि अस्पताल में स्टाफ की कमी और मशीनों से जुड़ी समस्याओं को खत्म किया जाएगा। दवाओं की व्यवस्था का विस्तार होगा। अस्पताल के आधारभूत ढांचे को बेहतर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में नरेला ही नहीं, बल्कि हरियाणा व आसपास के दर्जनों गांवों के मरीज आते हैं। इसलिए इसकी बुनियादी व्यवस्था को बेहतर करना जरूरी है।

# दिल्ली में एक्यूआई 'गंभीर' स्तर के करीब पहुंचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार सुबह धुंध की मोटी चादर छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक 397 के साथ गंभीर श्रेणी के करीब पहुंच गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में कुल निगरानी स्टेशन में से 21 में एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार एक्यूआई वजीरपुर में सबसे अधिक 445, विवेक विहार में 444, जहांगीरपुरी में 442, आनंद विहार में 439 और अशोक विहार व रोहिणी दोनों जगह 437 दर्ज किया गया है। आंकड़ों के मुता.बिक एक्यूआई नरेला में 432, पटपड़गंज में 431, मुंडका में 430 और बवाना, आईटीओ एवं नेहरू नगर में 429 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, चांदनी चौक और पंजाबी बाग में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 423 दर्ज किया गया, जबकि सिरी फोर्ट और सोनिया विहार में यह 424 रहा। सीपीसीबी ने बताया कि बुराड़ी क्रॉसिंग में एक्यूआई 414 दर्ज हुआ, इसके बाद कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 409, नॉर्थ कैंपस और आरके पुरम में 408-408 तथा ओखला फेज-2 में 404 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, शून्य से 50 के बीच का एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'अत्यंत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता शनिवार तक 'अत्यंत खराब' श्रेणी में रहने की संभावना है।

# धूमधाम से मनाई भीम ब्रिगेड की 13वीं वर्षगांठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने भीम ब्रिगेड की 13वीं वर्षगांठ पर आए हुए राष्ट्र भक्तों का स्वागत किया और बताया कि भीम ब्रिगेड का गठन शेर जम्मू कश्मीर प्रो भीम सिंह ने 12 दिसंबर सन 2012, 12 बज कर 12 मिनट और12 सेकंड जंतर मंतर से जनता को न्याय वाद अधिकार दिलाने के लिए किया कार्यक्रम में आए।

जम्मू कश्मीर के पूर्व मंत्री यशपाल कुंडल , वैष्णो देवी कटरा से बलवान, त्रिपुरा से समाजसेविका इंद्राणी दास, मुंबई से मिस कोलकाता 2022 राजश्री वर्मा, दिल्ली के पूर्व न्यायाधीश ओम प्रकाश सपरा जी और अरुण धवन जी, दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता मधुसूदन बयान, दिल्ली तीस हजारी बार एसोसिएशन से राक.ेश शर्मा , भारतीय संमाता समाज के




अध्यक्ष कलीराम तोमर, प्रसिद्ध संगीतकार सुरेंद्र पुष्करणा ,उभरती हुई कलाकार आवाज की जादूगरनी साक्षी, प्रसिद्ध को कथा वाचक मोहम्मद फैज खान ,विश्व के पहले सरदार जादूगर जितेंद्र सिंह बब्बर, स्वास्थ्य जांच शिवार लगवाने में सहायता करी आचार्य महेश जैन ने खुद भी उन्होंने बिना दवाई बिना कटे तुरंत दर्द से छुटकारा भी दिया ।

# भारत मंडपम में दो दिवसीय 'टरनेशनल जनमंगल सम्मेलन'

- **योगऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में 'हर मास - एक उपवास' का संकल्प**
- **यह आयोजन अध्यात्म और कर्मयोग का दिव्य संगम है जो निश्चित ही देश व दुनिया को नया संद.ेश देगा: ओम बिरला**

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में दो दिवसीय 'इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन' आयोजित किया गया जिसमें योग और उपवास के दो प्रसिद्ध संतों-योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में, एक जन आंदोलन हर मास-एक उपवास (हर महीने 7 तारीख को एक बार उपवास) शुरू किया गया। यह द्वि-दिवसीय सम्मेलन 4 सत्रों में 'जनमंगल की सम्यग्दृष्टि-उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन' पर केन्द्रित है। दोनों युग-पुरूषों ने जनमंगल के लिए 'हर मास एक उपवास' महाभियान से मानवता को समस्त सिद्धिदायक महामंत्र देने का संकल्प किया है। इस आंदोलन से देश के प्रमुख संतगण, राजनेता तथा विख्यात हस्तियों के साथ-साथ दुनिया भर में लाखों लोग जुड़ चुके हैं। सम्मेलन का अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए माननीय लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा भारत मण्डपम की यह भूमि आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विज्ञान का अद्भुत साक्षी बन रहा है। पूज्य अंतर्मना ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में धर्म,




अध्यात्म, संस्ख्रति, विज्ञान, वैयक्तिक विकास व आत्म विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इनका तप-तपस्या अद्भुत है। यह आयोजन अध्यात्म और कर्मयोग का दिव्य संगम है जो निश्चित ही देश व दुनिया को नया संदेश देगा। देश की राजधानी दिल्ली से देश को संदेश जाएगा और देश से दुनिया तक यह बात पहुंचेगी। जहां एक ओर आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज आध्यात्मिक ज्ञान का दर्शन देकर आत्म विकास का मार्ग बता रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर स्वामी रामदेव जी महाराज कर्मयोग, भारतीय शिक्षा, स्वदेशी जीवन और योग विज्ञान के माध्यम से देश व दुनिया को स्वास्थ्य प्रदान कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि उपवास से शरीर व मन स्वस्थ रहते हैं, इससे इन्द्रियों को वश में किया जा सकता है। इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन समसामायिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने एक माह-एक उपवास का संकल्प लेते हुए कहा कि मैं भी माह में एक बार उपवास करूंगा। कार्यक्रम में अंतर्मना प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा कि उपवास आत्मिक ऊर्जा को जगाने वाला दिव्य साधन है। उपवास का उद्देश्य तन, मन व आत्मा को शुद्ध करना है। उपवास तन की स्वच्छता, मन के परिशोधन, जीवन के पुनर्गठन व जीवन के उत्थान का सर्वोत्तम साधन है। उपवास के दौरान भावनाएं नियंत्रित होती हैं, क्रोध घटता है, मन शांत होता है और ध्यान गहरा होता है। व्यक्ति नकारात्मक विचारों से मुक्त होकर सकारात्मकता और मानसिक स्थिरता का अनुभव करता है। अंतर्मना ने कहा कि उपवास आत्मा का भोजन है जो साधक को आसक्ति से मुक्त करता है। उपवास शरीर को ऐसी प्राकृतिक अवस्था में ले जाता है जहां शरीर स्वयं का उपचार करता है। उपवास से प्रतिरक्षा प्रणाली भी मजबूत होती है। यह वह अवस्था है जहां शरीर बिना दवाओं के स्वयं को ठीक करता है। उन्होंने कहा कि उपवास का प्रभाव केवल शरीर तक सीमित नहीं रहता, यह मन पर भी गहरा प्रभाव डालता है। सम्मेलन में स्वामी रामदेव ने कहा कि हर मत, पंथ, परम्परा, धर्म, अनुष्ठान और शुभ प्रसंग में उपवास का समान रूप से प्रावधान और महत्व है। उपवास से शरीर, मन और अंतरूकरण की शुद्धि होती है जिससे मनुष्य जीते जी जीवन से मुक्त हो जाता है। उपवास से मनुष्य सहज योग व सहज समाधि को उपलब्ध हो जाता है। शरीर के तप, वांग्मय तप और मन के तप की सिद्धि उपवास उपासना से होती है। इसलिए सप्ताह मे न सही तो कम से कम माह में एक बार तो उपवास का संकल्प सब आज यहाँ से लेकर जाएं।

# रैन बसेरे में इंसानियत की मिसाल बने डीएम

## निरीक्षण के दौरान डीएम ने निराश्रित बच्चे का मनाया जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में उस समय एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब डीएम अभिषेक पांडेय ने देर रात रेलवे रोड स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण करते हुए एक निराश्रित बच्चे के जीवन को खुशियों से भर दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर ही बच्चे का जन्मदिन मनाया, जिससे वहां मौजूद बच्चों और उनके परिजनों के चेहरों पर मुस्कान फैल गई।

शुक्रवार देर रात डीएम अभिषेक पांडेय अधिकारियों के साथ रैन बसेरे की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर रैन बसेरे के बाहर बैठे कुछ बच्चों पर पड़ी। एक बच्चे के हाथ में केक देखकर डीएम रुके और उससे बात चीत की। बच्चे ने बताया कि आज उसका जन्मदिन है, लेकिन हालात ऐसे हैं कि इसे मनाने वाला कोई नहीं है। यह सुनते ही डीएम अभिषेक पांडेय ने अधिकारियों को बुलाया और बिना किसी औपचारिकता के वहीं जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया। केक कटवाया गया, बच्चों में मिठाइयां बांटी गई और सभी ने मिलकर तालियों के साथ बच्चे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस खास पल में बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। कई बच्चों ने जिलाधिकारी के साथ सेल्फी ली, वहीं आसपास मौजूद लोग भी इस मानवीय दृश्य को देखकर भावुक हो उठे। कुछ ही देर में यह पल कैमरों में कैद होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। डीएम ने इस मौके पर कहा कि प्रशासन का दायित्व केवल नियम-कानून और निरीक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्ग से जुड़ना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने रैन बसेरे में ठहरे लोगों की सुविधाओं का निरीक्षण किया और साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। देर रात हुई इस छोटी-सी लेकिन दिल छू लेने वाली पहल ने यह साबित कर दिया कि संवेदनशील प्रशासनिक कदम किसी के जीवन में बड़ी खुशी ला सकता है। डीएम अभिषेक पांडेय के इस मानवीय व्यवहार की शहरभर में सराहना हो रही है।



# जिलेभर में पुलिस की सख्ती, चला सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में पुलिस प्रशासन ने व्यापक स्तर पर कार्रवाई की। इस क्रम में सीओ और सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, प्रमुख प्रतिष्ठानों, मार्गों और संवेदनशील इलाकों में पैदल भ्रमण कर स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े बिंदुओं पर विशेष नजर रखी गई। सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। चेकिंग के दौरान वाहन दस्तावेजों की जांच, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और आवश्यकतानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस की इस सक्रियता से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन और व्यापारियों से संवाद स्थापित किया और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन का कहना है कि ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, जिससे जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके और आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करें।



# एक व्यक्ति दो मृत्यु प्रमाणपत्र, पालिका का सर्टिफिकेट निरस्त, 14 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तराखंड के चमोली जनपद में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत रहे अरुण कुमार वर्मा की मृत्यु को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक ही व्यक्ति के नाम से दो अलग-अलग स्थानों से मृत्यु प्रमाणपत्र जारी होने पर हापुड़ नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया है। मामले की जांच के बाद नगर पालिका द्वारा जारी मृत्यु प्रमाणपत्र को निरस्त कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, चमोली निवासी चंद्रकला वर्मा ने प्रशासन को बताया कि उनके पति अरुण कुमार वर्मा का निधन उत्तराखंड में ड्यूटी के दौरान हुआ था। मृत्यु के बाद वहीं पोस्टमार्टम किया गया और नियमानुसार उत्तराखंड से मृत्यु प्रमाणपत्र भी जारी हुआ। इसके बावजूद हापुड़ से दूसरा मृत्यु प्रमाणपत्र बनाए जाने की जानकारी मिलने पर उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत की। शिकायत में आरोप लगाया गया कि स्वर्ग आश्रम रोड, हापुड़ निवासी मीना वर्मा ने स्वयं को मृतक की पत्नी बताते हुए अन्य लोगों की मदद से नगर पालिका हापुड़ से फर्जी तरीके से मृत्यु प्रमाणपत्र बनवा लिया। इसका उद्देश्य मृतक की सरकारी सेवा से जुड़ी सुविधाओं और अनुकंपा नियुक्ति का लाभ लेना बताया जा रहा है। मामले की जांच के बाद अधिशासी अधिकारी संजय कुमार मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम के तहत मृत्यु प्रमाणपत्र उसी स्थान से जारी किया जाता है, जहां व्यक्ति की मृत्यु होती है। चूंकि अरुण कुमार वर्मा की मृत्यु उत्तराखंड में हुई थी, इसलिए हापुड़ से जारी प्रमाणपत्र नियमों के विपरीत पाया गया। इसी आधार पर नगर पालिका द्वारा जारी मृत्यु प्रमाणपत्र को औपचारिक रूप से निरस्त कर दिया गया है। इस प्रकरण को गंभीर मानते हुए न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीन दिन पूर्व कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के छह अधिका- रियों और कर्मचारियों सहित कुल 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनमें तत्कालीन जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार, सफाई और राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी तथा फर्जी प्रमाणपत्र बनवाने के आरोपित लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोहरे मृत्यु प्रमाणपत्र का यह मामला प्रशासनिक लापरवाही और मिलीभगत की ओर इशारा करता है, जिस पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।



# एएसपी व एसडीएम ने थाना समाधान दिवस पर सुनी जनता की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनता की समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सिम्भावली में अधिकारियों ने आमजन की शिकायतें सुनीं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर एवं गढ़मुक्तेश्वर के उपजिलाधिकारी श्रीराम यादव संयुक्त रूप से उपस्थित रहे।

थाना समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी थाना सिम्भावली पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याएं अधिका- रियों के समक्ष रखीं। भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, रास्तों से संबंधित शिकायतें और अन्य जनसमस्याओं को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और प्रत्येक मामले का विधिवत संज्ञान लिया। एएसपी विनीत भटनागर ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध ढंग से किया जाए, ताकि पीड़ित को बार-बार थाने के चक्कर न लगाने पड़ें। वहीं एसडीएम श्रीराम यादव ने राजस्व एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर वास्तविक जांच के आधार पर किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य केवल शिकायतें दर्ज करना नहीं, बल्कि उनका स्थायी और संतोषजनक समाधान करना है। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सहित पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस में अपनाई गई इस संवेदनशील और सक्रिय कार्यप्रणाली से लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।



# 39 करोड़ की बीमा ठगी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में सामने आए देश के बड़े बीमा घोटालों में से एक मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मौत दिखाकर करीब 39 करोड़ रुपये की बीमा राशि हड़पने के मामले में फरार चल रहे गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद इस संगठित साजिश की कई परतें खुलती नजर आ रही हैं।

पुलिस के अनुसार जनपद मेरठ निवासी मुकेश चन्द सिंघल की मृत्यु को एक सुनियोजित सड़क दुर्घटना के रूप में दर्शाया गया था। इस फर्जी हादसे के पीछे उद्देश्य मोटी बीमा राशि हासिल करना था। जांच में सामने आया कि इस साजिश को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया, जिसमें कई लोग शामिल थे। थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरो- पी विशाल ने पूछताछ में खुलासा किया था कि उसने बीमा पॉलिसी की भारी रकम हड़पने के लिए अपने ही पिता की हत्या की साजिश रची। इस साजिश के तहत ब्रेजा कार चालक सुनील से एक्सीडेंट कराकर हत्या कराई गई और उसे सामान्य सड़क हादसा दिखाया गया। थाना प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देश पर जनपद में अपराध नियंत्रण और फरार आरो- पियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी सुनील कुमार पुत्र भूले सिंह निवासी निडावली, थाना हस्तिनापुर, जनपद मेरठ को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी सुनील की गिरफ्तारी से इस पूरे बीमा घोटाले से जुड़े अहम साक्ष्य मिलने की उम्मीद है। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में अन्य संलिप्त आरोपियों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है। करीब 39 करोड़ रुपये की बीमा ठगी और हत्या की इस सनसनीखेज साजिश ने न केवल पुलिस प्रशासन को चौकन्ना किया है, बल्कि बीमा कंपनियों और आम लोगों के बीच भी हलचल मचा दी है।

पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर सभी दोषियों को कानून के शिकंजे में लिया जाएगा।

# संदेश संस्था ने वितरित किए 269 महिलाओं को प्रमाणपत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** स्वयंसेवी संस्था संदेश की ओर से शनिवार को नारी शक्ति कटाई सिलाई व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव रसूलपुर, इकलेंडी, मुकीमपुर, परतापुर, बास, तपुर और सपनावत में संचालित केंद्रों पर छह माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं और नवयुवतियों को प्रमाणपत्र दिए गए। कार्यक्रम में पूनम सिंह परिहार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को घर बैठे स्वरोजगार के योग्य बनाना संद- ेश संस्था का मुख्य लक्ष्य है। हुनर विकास से महिलाएं आत्मनिर्भर बनती हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज ने बताया कि संस्था जनपद हापुड़, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर के पचास से अधिक गांवों में हुनर विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण से जुड़े कार्य कर रही है। अब तक हजारों महिलाएं प्रशिक्षण लेकर स्वावलंबी बन चुकी हैं। कार्यक्रम में 269 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर अंशु देवी, अदिति, अंजू देवी, मेघा बोध, तन्नू राणा, सलोनी, सविता देवी सहित सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### कोहरे की चपेट में आया बाइक सवार, सर्विस रोड पर ट्रक से भिड़ंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में मदर डेयरी के पास सर्विस रोड पर घने कोहरे के चलते बाइक आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई, हादसे में नोएडा निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे में नोएडा के सेक्टर-72 के रहने वाले अश्वनी शर्मा अपने मित्र यश गुप्ता के साथ बाइक से हापुड़ की ओर जा रहे थे। सुबह कोहरा इतना घना था कि कुछ मीटर आगे तक दिखाई नहीं दे रहा था। इसी दौरान सर्विस रोड पर धीमी गति से चल रहे ट्रक को बाइक सवार समय रहते नहीं देख पाए और पीछे से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद अश्वनी शर्मा सड़क पर गिरकर घायल हो गए, जबकि यश गुप्ता को हल्की चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि कोहरे के कारण हादसा हुआ है। घायल की हालत स्थिर है। बाइक को कब्जे में ले लिया गया है और ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है।

### होटल में पहले खाना लेने पर झगड़ा मारपीट में पिता-पुत्र घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जिंदल अगर स्थित एक होटल पर भोजन लेने के दौरान हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में गांव गालंद निवासी पिता-पुत्र घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सुंदर अपने पुत्र करण के साथ होटल पर भोजन करने पहुंचे थे। भोजन वितरण के दौरान पहले खाना लेने को लेकर वहां मौजूद तीन युवकों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ते ही तीनों युवक उत्तेजित हो गए और पिता-पुत्र के साथ धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट शुरू कर दी। होटल में मची अफरा-तफरी और शोर-शराबा सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। मारपीट में दोनों को चोटें आईं, जिनका उपचार कराया गया। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि पुलिस होटल संचालक समेत अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### रात में जबरन घर में घुसे पति-साथी, महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी नाले के पास रहने वाली महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता रिजवाना के अनुसार वह करीब तीन वर्ष से अपने पति इमरान से अलग रह रही है और चार बच्चों के साथ जीवन यापन कर रही है। 10 दिसंबर की रात लगभग 10 बजे उसका पति इमरान अपने साथी मसरूफ के साथ जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि दोनों ने उसके साथ मारपीट की और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंचे तो दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हत्या व साजिश के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली पुलिस ने हत्या और साजिश के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि जनपद मेरठ के गांव निडावली थाना हस्तिनापुर हाल पता कृष्णकुंज कालोनी मवाना निवासी सुनील कुमार के खिलाफ साजिश के तहत हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। आरोपी को पुलिस निरंतर तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# पुलिस ने अवैध पिस्टल सहित शातिर बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत हापुड़ पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार और मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना प्रभारी मनोज बालियान ने जानकारी देते हुए बताया कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और अवैध हथियारों की धरपकड़ के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम मेरठ रोड से झड़ीना की ओर जाने वाले मार्ग पर सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से एक अवैध पिस्टल बरामद हुई। गिरफ्तार बदमाश की पहचान लविश उर्फ लवनीश पुत्र श्याम सुंदर निवासी ग्राम गौहरा आलमगीरपुर, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है, जिसका प्रयोग वह आपराधिक गतिविधियों में करता था। पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर किस्म का बदमाश है और उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अवैध हथियार की बरामदगी के संबंध में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन, 2,22,582 मामलों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में तथा जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ के निर्देशन में शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अजय कुमार सिंह प्रथम, जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का आपसी सुलह-समझौते से निस्तारण होता है, जिससे दोनों पक्षों की जीत होती है और किसी का नुकसान नहीं होता। कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायालय परिसर में वादकारियों एवं आमजन के लिए निःशुल्क बीपी एवं शुगर जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। अपर जिला जज व नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत हनी गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से जनपद के विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल 2,22,582 मामलों का निस्तारण किया गया। इसमें दीवानी, फौजदारी, पारिवा- रिक, मोटर दुर्घटना दावा, राजस्व, बैंक रिकवरी, प्री-लिटिगेशन तथा विभागीय मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर समाधान किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सौरभ कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद हापुड़ में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कुल आठ करोड़ तीन लाख नवासी हजार छह सौ अस्सी रुपये का सेटलमेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए समस्त न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस, बैंक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी और पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।




# नो सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के शाहपुर रोड स्थित देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को नो सिंगल यूज़ प्लास्टिक' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस को एकल-उपयोग प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के प्रति जागरूक करना और इसके उपयोग से बचने का संदेश देना रहा।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने सरल एवं प्रभावशाली संवादों द्वारा बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक किस प्रकार मानव स्वास्थ्य, जल स्रोतों, पशु-पक्षियों तथा पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। बच्चों ने कपड़े व जूट के थैलों के प्रयोग तथा प्लास्टिक के पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने का संदेश भी दिया।प्रधानाचार्य मंजु चौधरी ने विद्यार्थियों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का पूर्ण रूप से त्याग करने का आह्वान करते हुए कहा कि छात्र स्वयं जागरूक बनें और समाज में भी जागरूकता फैलाएं। वहीं विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी अपने परिवार और समाज को भी सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें, जिससे स्वच्छ और प्लास्टिक-मुक्त पर्यावरण का निर्माण हो सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ ली। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य युधिष्ठिर यादव, स्कूल कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह सहित प्रियांशी चौधरी, अलीशा सैफी, रेखा तोमर, ज्योति त्यागी, हिमानी त्यागी, अक्षय नैन, प्रांजल शर्मा समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में युवक की हुई मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव रझेड़ा के सामने आमने सामने से आई दो बाइकों की टक्कर हो गई। टक्कर होने पर बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल की हालत चिंता जनक बनी हुई है।

क्षेत्र के गांव सैना निवासी राहुल कुमार उम्र 26 वर्ष कस्बा सिंभावली स्थित एक क्लीनिक से अपने घर बाइक से लौट रहे थे। जैसे ही वह क्षेत्र के गांव रझेड़ा के निकट पहुंचे तो सामने से बाइक पर सवार होकर आ रहे गांव सैना निवासी मुस्तफा अली की बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की टक्कर होने पर दोनों घायल हो गए, उनको हापुड़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हापुड़ के अस्पताल में राहुल की गंभीर दशा को देखकर मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया। मेरठ के अस्पताल में राहुल की मौत हो गई। उनकी मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि अभी तक थाने में तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जान जोखिम में डालकर लोग पार कर रहे हैं रेलवे फाटक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में सुरक्षा के लिए बनाए गए रेलवे फाटकों की अहमियत को दरकिनार कर लोग फाटक बंद होने पर दोपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर फाटक को पार करते हैं। इन लोगों को न अपनी जान की परवाह और न ही पुलिस का डर। ट्रेन गुजरने के दौरान लोगों की सुरक्षा के लिए फाटक बंद किए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी कुछ लोग इन सब बातों को दरकिनार करते हुए बंद फाटक के नीचे से निकलने का प्रयास करते हैं। अलग-अलग समय पर होने वाले हादसों के बाद भी लोग जानबूझकर अपनी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। कभी-कभी तो ट्रेन आने के बाद भी मोटरसाइकिल सवार पटरी को पार करने से बाज नहीं आते हैं। यातायात नियमों का सरेआम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसने के लिए न तो स्थानीय प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही रेलवे पुलिस प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। **क्या कहते है अधिकारी**- लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए समय-समय पर जागरूक किया जाता है। फाटक लगने के बाद जान जोखिम में डालकर फाटक पार करना कानूनी जुर्म है। ऐसे लोगों के खिलाफ रेलवे पुलिस के साथ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। स्तुति सिंह, सीओ गढ़मुक्तेश्वर

# उर्स मेले में उमड़ रही जायरीनों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के जूड में स्थित कुतुबशाह जमालुद्दीन की स्मृति में चल रहे उर्स मेले में जायरीनो की भीड़ होने लगी है। मेला स्थल पर जायरीनो का पहुंचना आरंभ हो गया है। उर्स मेला बिजली की रंग बिरंगी लाइटों से जगमग हो गया है। मेले में नगर के अलावा दूर दराज से भी जायरीन आते और कुतुब शाह की मजार पर चादर व प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मेले में खोया पाया कैंप,स्वास्थ्य विभाग का कैंप, मेला कार्यालय कैम्प, पुलिस चौकी कैम्प, के अलावा वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

मेला सदर नवाबुद्दीन सैफी ने बताया कि जल्द ही मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा कराया जाएगा। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी बनाई गई है यहां पुलिस फोर्स तैनात रहेगी और मेले में प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगा दिए गए हैं। इसके साथ ही मेला कैंप कार्यालय बनाया गया है। इस बार उर्स मेले में क्रोकरी का बड़ा बाजार, खेल खिलौनों का बाजार, हलवा पराठा, दिल्ली और कांधले की प्रसिद्ध चाट बाजार आदि व्यंजनों का बाजार के अलावा बड़े छोटे हिंडोले, झूले, मौत का कुआं, इलेक्ट्रिक रेल, सर्कस, काला जादू, आदि मनोरंजन के साधन शुरू हो गए। मेला कमेटी में इस बार मेला सदर नवाबुद्दीन सैफी, नायाब सदर नफीस राजा अंसारी, कोषाध्यक्ष नईम अनवर कुरैशी सभासद, मेला सैकेट्री मिर्जा नायाबुद्दीन, फिरोज आलम कुरैशी, कोषाध्यक्ष नईम अनवर कुरैशी सभासद, जमील उस्मानी, सलाहकार समिति के अशफाक अंसारी, पूर्व सभासद आशु कुरैशी, आदि शामिल किए गए हैं।



### मेले का आज होगा उद्घाटन

गौरतलब है कि कुतुब शाह जमालुद्दीन के मजार पर लगभग 579 वर्षों से मेला उर्स का आयोजन किया जाता है परंतु कई वर्षों से कमेटी में खींचातान के चलते यह मेला राजनीति की भेंट चढ़ रहा है। इस वर्ष सरपरस्तों के द्वारा मेला उर्स को नया अध्यक्ष बनाया गया। आधिकारिक रूप से मेला छह दिसम्बर से चालू हो गया है परंतु मेले का अभी तक उद्घाटन नहीं हो पाया था। मेला दुकानदारों का कहना है कि जब तक उद्घाटन नहीं होगा तब तक ग्राहक भी मेले का रूख नहीं करेंगे। वहीं शनिवार देर रात मेला प्रबंधन कमेटी व सरपरस्तान ने रविवार को मेले के उद्घाटन का निर्णय लिया। कस्बे व क्षेत्रवासियों का कहना है कि कमेटी में आपस की गुटबाजी के कारण मेला अपने उद्घाटन के इंतजार में है।

# स्कूल संचालक से रंगदारी मांगने के विरोध में डीआईजी से शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को डीआईजी कलानिधि नैथानी से मिला। जिसमें उनका कहना था कि प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ और शहर के प्रतिष्ठित स्कूल संचालक कंवलजीत सिंह को ईमेल से धमकी मिल रही है।

जल्द से जल्द इस प्रकरण का खुलासा होना चाहिए। बतादें कि पिछले दिनों प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ और गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल के संचालक कंवलजीत सिंह को एक ईमेल प्राप्त हुआ था जिसमें उन्हें 10 लाख रुपए रंगदारी मांगने की धमकी दी गई थी। इस धमकी भरे ईमेल के बाद कमलजीत सिंह और उनके परिवार तथा स्कूल में कार्य करने वाले सभी कर्मचारी दहशत में आ गए थे और उन्होंने घर से निकलना बंद कर दिया था तथा उसके बाद पुलिस को इसकी शिकायत की गई थी धमकी के साथ-साथ 10 लाख रुपए देने के लिए एक अकाउंट नंबर भी दिया गया था। इस प्रकरण में राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश अनुसार राष्ट्रीय लोकदल का प्रतिनिधिमंडल डीआईजी से मिला और उनसे परिवार की सुरक्षा के लिए निवेदन किया गया और साथ ही साथ उपरोक्त प्रकरण को जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग की गई। डीआईजी ने परिवार की सुरक्षा व घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान नरेंद्र खजूरी, विनय प्रधान, संगीता दोहरे, ऋचा सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में छात्रवृत्ति पाकर झूम उठे छात्र

■ चेयरमैन, महापौर व कैट विधायक रहे मौजूद



छात्रवृत्ति प्राप्त करके झूम उठे मेधावी बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शनिवार को अभिनन्दन प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बड़ी धूम-धाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के चेयरमैन व मुख्य अतिथि हरिकांत अहलूवालिया महापौर, अमित अग्रवाल विधायक तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा माल्यार्पण के साथ किया गया। इस समारोह के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती वंदना, वन्दे मातरम, अच्छे हैं भाग्य हमारे, राम आयेंगे, नानी तेरी मोरनी को तथा गंगा अवतरण आदि गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सत्र 2024 2025 के वार्षिक बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 व कक्षा 12 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्मृति चिह्न, योग्यता प्रमाण पत्र तथा छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाले विद्यार्थीयों को 51 हजार द्वितीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थीयों को 31 हजार तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थीयों को 21 हजार तथा चौथे व पांचवे स्थान पर आने वाले विद्यार्थीयों को 11 हजार रूपये की धनराशी पुरस्कार स्वरूप दी गई। कक्षा पांच से कक्षा नौ व कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, लाईफ स्किल तथा खेल के क्षेत्र में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी योग्यता प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति व स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 में प्रथम स्थान चौल्सी तालियान तथा कक्षा 10 में प्रथम स्थान युगल तोमर ने प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा 10 के छात्र आयुष सोम तथा कक्षा 9 की छात्रा अपूर्वा ने लाईफ स्किल अवार्ड प्राप्त किया तथा प्रशांत कुमार व आयूषी सोम ने बेस्ट प्लेयर अवार्ड प्राप्त किया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने विद्यालय प्रगति आख्या प्रस्तुत की तथा समस्त सम्मानित अतिथि गण, छात्रों व कार्यक्रम में आये सभी अभिभावकों तथा मीडिया का धन्यवाद देते हुए बच्चों द्वारा किये गये सभी कार्यक्रमों की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जीडी टंडन सरस्वती विद्या मंदिर के 44वें वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को जनपद अमरोहा के सबसे प्राचीन एवं प्रतिष्ठित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में से एक जीडी टंडन सरस्वती विद्या मंदिर के 44वें वार्षिक खेलकूद समारोह मुख्य अतिथि शिरकत की। स्कूल के अध्यक्ष एवं जनपद अमरोहा के बड़े शिक्षाविद अजय टंडन, स्कूल की प्रबंधक अंजलि टंडन, स्कूल की डायरेक्टर अदिति टंडन, स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र वर्मा, डॉ. शिक्षा सरदाना, हैड मिस्ट्रेस जूही राज जी के साथ हजारों अभिभावकों की गरिमामई उपस्थिति में आज स्कूल के छात्र-छात्राओं विशेष रूप से बेटियों का प्रदर्शन प्रत्येक क्षेत्र में बेटों से अव्वल रहा। यह महिला सशक्तिकरण के दम पर बढ़ते हुए भारत यानि बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर है। इसके बाद विभिन्न खेल स्पर्धाओं के विजेता खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्कूल प्रबंधन के साथ सम्मानित किया। जीडी टंडन सरस्वती विद्या मंदिर के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित 44वीं एनुअल स्पोर्ट्स मीट अभ्युदय 2025 का शुभारंभ वेंकटेश्वरा विवि के प्रतिकुलाधिपति एवं किक बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसीडेंट डॉ राजीव त्यागी, स्कूल चेयरमैन अजय टंडन, प्रबंधक अंजलि टंडन, डायरेक्टर अदिति टंडन, स्कूल प्रिंसिपल राजेंद्र वर्मा जी, डॉ शिक्षा सरदाना आदि ने स्पोर्ट्स मशाल जलाकर एवं परेड की सलामी लेकर किया।




मुख्य अतिथि के अपने संबोधन में अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं किकबॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट व वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि किसी भी प्रतिस्पर्धा चाहे वह खेल हो, प्रतियोगी परीक्षा हो, या बोर्ड एग्जाम हो, उसमें जीतने या हारने से बड़ा उसमें प्रतिभाग करना जरूरी है, क्योंकि जब हम किसी प्रतियोगिता का हिस्सा होते हैं तो या तो हम अच्छा प्रदर्शन करके अपनी जीत का जश्न मनाते हैं, या फिर यह सीखते हैं कि हमारे प्रदर्शन में कहां कमी रह गई इसलिए किसी भी प्रतिस्पर्धा में हार नाम की कोई चीज नहीं होती। जब हम किसी भी स्पर्धा में हिस्सा लेते हैं, तो या तो हम जीतते हैं या फिर सीखते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा आबादी वाला देश है, जहां 65 प्रतिशत से अधिक युवा है, जिनकी भूमिका भारत को दुनिया का सिरमौर बनने में सर्वाधिक होगी। उन्होंने युवाओं से मोबाइल पर गेम की लत छोड़कर मैदान में आकर खेलने की बात कही। डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि युवा शक्ति एवं अनुभव के मिश्रण से ही भारतना सिर्फ फिर से विश्व गुरु बनेगा, बल्कि 2047 से पहले ही दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी भी बनेगा।

डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री की खेलो इंडिया, फिट इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी खिलाओ जैसी शानदार योजनाओं से आज अंतरराष्ट्रीय पदक तालिका में भारत की हिस्सेदारी बढ़ी है। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष अजय टंडन ने प्रबंधक अंजलि टंडन के साथ मिलकर मुख्य अतिथि डॉ. राजीव त्यागी को बुके शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र वर्मा जी ने आए हुए सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# गायिका मालिनी अवस्थी करेंगी शिवांगी संगीत महाविद्यालय की नई शाखा का शुभारंभ



शास्त्रीनगर स्थित नई शाखा की जानकारी देतीं ऋचा शर्मा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गांधीनगर गढ़ रोड स्थित शिवांगी संगीत महाविद्यालय में शनिवार को एक प्रेस वार्ता में शिवांगी संस्थान की निर्देशिका ऋचा शर्मा एवं प्रधानाचार्य राजा बलूनी द्वारा जानकारी दी गई कि सोमवार को शिवांगी संगीत महाविद्यालय की शाखा शास्त्री नगर, स्थित निकट रंगोली मंडप का शुभारंभ सुविख्यात गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी द्वारा किया जाएगा।

शिवांगी महाविद्यालय महानगर में गत 40 वर्षों से अधिक समय से भारतीय संगीत के प्रचार प्रसार में कार्यरत है। शिवांगी संगीत महाविद्यालय में नए छात्रों हेतु सोमवार से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी जिसके अंतर्गत शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत, तबला वादन, हारमोनियम, कीबोर्ड, गिटार तथा नृत्य के अंतर्गत कथक नृत्य, लोक नृत्य आदि विषयों में डिग्री डिप्लोमा हॉबी कोर्स के अंतर्गत प्रवेश प्रारंभ किए जाएंगे। तीन बजे से 7:30 बजे तक कक्षाएं संचालित की जाएगी। प्रेस वार्ता में ऋचा शर्मा, राजा बलूनी, रुचि बलूनी, डॉ. तनुश्री कश्यप शर्मा, मंजू शर्मा, सुश्री अमीषा, सुश्री गुण गोयल, सुश्री वंदिता, वंशिका आदि उपस्थित रहे।

# दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज में महिला इंस्पिरेशन स्पोर्ट्स फेस्टिवल हर्षोल्लास से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल में महिला इंस्पिरेशन स्पोर्ट्स फेस्टिवल अत्यंत हर्षोल्लास, ऊर्जा और खेल भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों रीता शर्मा, नरेंद्र कौर सहोता, सुनीता आहूजा तथा विद्यालय की डायरेक्टर सिम्मी सहोता द्वारा मशाल प्रज्वलन कर किया। जिसके पश्चात ध्वजारोहण, गुब्बारों का विमोचन एवं मार्च फास्ट का आयोजन किया गया।

छात्रों ने अनुशासन और एकता का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यालय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। दिन भर आयोजित दौड़ प्रतियोगिताएं रिले रेस, रस्साकशी जैसे खेलों ने सभी में जोश भर दिया। कक्षा नर्सरी एलकेजी यूकेजी के बच्चों की 50 मीटर रेस, बैलून रेस, रैबिट रेस, कप और बाल रेस कराई गई। इसके साथ ही कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों ने मार्शल आटर्स, आत्मरक्षार्थ लाठी प्रदर्शन, डंबल पीटी, योग प्रदर्शन, ब्लाइंड रेस, मार्च पास्ट, बैडमिंटन, कबढी, शॉट पुट, लॉन्ग जंप, टग ऑफ वार आदि खेलों में भाग लिया। इसके साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। जिसमें नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों द्वारा गणेश वंदना, गिद्दा, भांगड़ा आदि की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों की रंग-बिरंगे परिधानों में हुई परेड ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को आनंद से भर दिया। अभिभावकों की रेस का भी आयोजन किया गया। प्रत्येक गतिविधि में विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, टीम भावना और खेल कौशल स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। खेल दिवस ने बच्चों में अनुशासन, और खेल भावना को प्रोत्साहित किया। आयोजन सभी प्रतिभागियों एवं दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायक और अविस्मरणीय अनुभव रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आमिर खान, कोऑर्डिनेटर स्वाति अरोड़ा, कोऑर्डिनेटर मनजोत कौर, कोऑर्डिनेटर हर्षिका अरोड़ा, धनवीर सिंह, प्रशांत कुमार, विजय कुमार, अशोक कुमार, निखिल आर्य, अवतार देशवाल, सूरज जैन, अनिकेत राणा, दीप्ति शर्मा, नेहा देओल, कोमल गुरजीत कौर, ज्योति, खुशबू, हरप्रीत, चरणजीत कौर, अमृतपाल कौर, मोनिका, रेनू, लक्ष्मी, रीता, प्रभजोत कौर आदि समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।



# वरिष्ठ पत्रकार और कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे रोहताश भैय्या का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वरिष्ठ पत्रकार रोहताश भैय्या का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार शाम निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और इस समय चिकित्सक घर पर ही उनका उपचार कर रहे थे। रोहताश भैय्या के संपादन में मजमून पत्रिका ने काफी लोकप्रियता अर्जित की थी। इसके बाद उन्होंने नया अंदाज पत्रिका व पोर्टल चलाया था। इसके अलावा वह बचपन से ही कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे हैं। एक समय वह यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी रहे हैं।

उनकी कार्य क्षमता से प्रभावित होकर कांग्रेस आलाकमान ने उन्हे मुजफ्फनगर जनपद का पार्टी प्रभारी भी नियुक्त किया था। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता तथा कांग्रेस नेता उनके घर पर एकत्र होने लगे। शनिवार सुबह जिस समय उनका पार्थिव शरीर सूरजकुंड स्थित श्मशान घाट ले जाया जा रहा था तो महानगर कांग्रेस कमेटी ने उन्हे अभूतपूर्व श्रद्धांजलि दी। महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में कांग्रे. सियों ने उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी का ध्वज समर्पित किया। उनको मुखाग्नि उनके पुत्र ने दी। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना, आसिफ खान, नदीम, विनोद गोस्वामी आदि पत्रकार मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस पार्टी की तरफ से महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शाह टाइम्स के कार्यालय में दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान शाहवेज खान, अक्षय जैन, वीरू, ओमकार लोधी, राशिद आदि रहे।



# मेरठ डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन ने मनाया 40 वां अधिवेशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन ने शनिवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स बांबे बाजार में 40 वां अधिवेशन मनाया।

अधिवेशन का आरंभ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के जीवन बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा और महामंत्री राजीव निगम ने किया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के महामंत्री अनुराग शर्मा द्वारा किया गया। संजीव ने अपने उद्बोधन में बताया कि 1956 से आज तक निगम ने देश की तरक्की में अपना योगदान बराबर दिया है। हमेशा निगम हिंदुस्तान की उन्नति में सहयोग करता चला आया है परंतु आज इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल के द्वारा उस पर प्रहार किया जा रहा है जिसका यूनियन विरोध करती है उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम को पूंजीवाद को बढ़ावा देते हुए निजी बीमा कंपनियां को सौंपा जा रहा है जो राष्ट्रहित में सही नहीं है यूनियन के सभी पदाधिकारी व कर्मचारी इसका विरोध करते हैं अधिवेशन में लगभग 200 से ज्यादा साथियों ने भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से राकेश मोहन, गिरिराज, राजीव कुमार शर्मा, संदीप गोयल, प्रदीप चौधरी, सचिन आदि रहे।

# आपूर्ति विभाग की शह पर चल रही है राशन माफिया पिता-पुत्रों की गुंडागर्दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर के मौहल्ला मास्टर कॉलोनी सी.सी.एस. 3/2 के नाम से एक उचित दर की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान संचालित थी। जिसका संचालन प्रमोद सिंघल व उसके पुत्र अमन सिंघल आदि द्वारा किया जाता था और गम्भीर अनियमिततायें की जाती थी। जिस पर जन आक्रोश के चलते आपूर्ति विभाग को फरवरी 2025 में उक्त दुकान को निरस्त करना पड़ा।

परंतु अमन सिंघल ने आपूर्ति विभाग में मिलीभगत इस दुकान को 12 किलोमीटर दूर पूनम त्रेहान सुमनपुरी की दुकान पर सम्बद्ध करा लिया और स्वयं ही दुकान का संच. ालन कर अमन सिंघल इस दुकान से होने वाला सम्पूर्ण लाभ प्राप्त करता रहा। इस सम्बन्ध में माधवपुरम क्षेत्र की जनता व भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने शासन से लेकर स्थानीय स्तर तक शिकायत की। परंतु आपूर्ति विभाग द्वारा लगातार लीपा पोती की जाती रही। जिसका परिणाम यह है कि शुक्रवार को राशन लेने गई महिला के साथ पहले तो दुर्व्यवहार किया और राशन देने से मना कर दिया। बाद में उक्त महिला के घर में घुसकर महिला व उसके परिजनों के साथ मारपीट की और महिला गम्भीर अवस्था में भर्ती है। क्षेत्रीय जनता का यह भी कहना है कि अमन सिंघल द्वारा इस दुकान का अवैध संचालन आपूर्ति विभाग का मिलीभगत नहीं तो और क्या है। भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यदि जल्दी ही आपूर्ति विभाग के द्वारा इस दुकानदार व राशन माफिया के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई तो यूनियन जल्द ही आंदोलन छेड़ेगी।



# डीपीएम पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का हुआ समापन

■ दूसरे दिन सचिव जगदीश त्यागी ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का आयोजन शुक्रवार को शुभारंभ हुआ था। जिसका दूसरे दिन हर्षोल्लास अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव जगदीश त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी एवं शिक्षकगण कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर सचिव जगदीश त्यागी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास की आधारशिला हैं।

खेलों से अनुशासन, आत्म विश्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग एवं सकारात्मक सोच का विकास होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने विद्यालय द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि डीपीएम पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी निरंतर प्रगति कर रहा है। प्रधानाचार्य जिया जैदी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, किंतु ईमानदारी, अनुशासन और टीम भावना ही खेल की वास्तविक आत्मा है। दोनों दिनों के दौरान कबड्डी, खो-खो, दौड़, लेमन स्पून रेस सहित अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में दूसरे दिन छात्र-छात्राओं को अच्छे कार्यक्रम करने पर स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।



# दिनदहाड़े बुजुर्ग व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

## चुनावी रंजिश के चलते परिजनों ने जताई हत्या करने की आशंका, परिजनों में मचा कोहराम


मृतक का फाइल फोटो







**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बिहारीपुर गांव में एक बुजुर्ग ऋषि पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने चुनावी रंजिश के चलते हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

बिहारीपुर गांव निवासी ऋषि पाल को गांव में ही गोली मारी गई। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया कि गांव में चुनावी रंजिश के कारण दुश्मनी का माहौल था, जिसके चलते ऋषि पाल की हत्या की गई। घटनास्थल पर कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची। उन्होंने आवश्यक साक्ष्य जुटाए। कोतवाली पुलिस ने ऋषि पाल के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों ने जल्द ही घटना का सफल अनावरण करने का आश्वासन दिया है। पीड़ित परिवार की तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शॉर्ट सर्किट के कारण ट्रक में लगी भीषण आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** किशनपुर-बराल-पुसार मार्ग पर इब्राहिमपुर माजरा गांव के निकट शुक्रवार दोपहर एक ट्रक में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। हादसे में करीब 5 लाख रुपए के बर्तन जलकर राख हो गए। ट्रक चालक मिंटू कुमार ने कूदकर अपनी जान बचाई।

हरियाणा के यमुनानगर से गाजियाबाद जा रहा यह ट्रक बर्तनों से लदा हुआ था। हाईवे पर अचानक आग लगने से स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। ट्रक चालक मिंटू कुमार, निवासी बुढ़िया चौक (जगाधरी, हरियाणा) ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे अचानक ट्रक के केबिन में शॉर्ट-सर्किट हुआ और आग लग गई। उन्होंने ट्रक रोककर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण वे सफल नहीं हो सके और ट्रक धू-धू कर जलने लगा। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक और उसमें लदे सभी बर्तन पूरी तरह नष्ट हो चुके थे। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। उन्होंने बताया कि आग पूरी तरह बुझा दी गई है, और घटना की जांच जारी है।

# घर में रखे 50 हजार रुपये नकद व जेवरात चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मिरर्धानपूरा मोहल्ले में एक घर से करीब 50 हजार रुपये नकद और कीमती जेवरात चोरी हो गए। पीड़ित ने चोरों के खिलाफ कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित मुन्ना के अनुसार, अज्ञात चोरों ने बीती रात उनके घर को निशाना बनाया। चोर घर में रखे 50 हजार रुपये नकद के साथ सोने और चांदी के आभूषण, जिसमें एक गले का पेंडल भी शामिल था, लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के सदस्य जागे, तो उन्होंने घर का सामान बिखरा हुआ पाया। अलमारी से नकदी और जेवर गायब थे, जिसके बाद चोरी का पता चला। घटना की जानक. ारी मिलते ही पीड़ित मुन्ना ने तुरंत कोतवाली पहुंचकर चोरो के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने जाने की मांग की है।



# कोहरे के चलते एक्सप्रेस-वें पर रुकी वाहनों की रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर कोहरे के चलते वाहन रेगते नजर आये। वही कुछ वाहन चालक वाहनों को किनारे लगा कोहरा छटने का इन्तजार करते नजर आये। सर्दी का मौसम शुरू होते ही कोहरे ने भी रंग दिखाना शुरू कर दिया है। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर कोहरे के चलते वाहन रेंगते नजर आये। वही कुछ वाहन चालक सड़क किनारे वाहन खड़ा कर कोहरा छटने का इन्तजार करते नजर आये। कोहरे के चलते सबसे बड़ी समस्या रोजाना दिल्ली गाजियाबाद आदि स्थानों पर जाने वाले लोगो नौकरी पेशा व्यक्तियो को करना पड़ा कोहरे के चलते बाईक सवार भी लाइट जला सफर करते नजर आये। वही कोहरे को किसान गैंहू की फसल के लिए वरदान मान रहे है।



# जिला पंचायत सदस्य पद की उम्मीदवार सुधा तोमर का लोगों ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बोहला कोताना जागौश गांव में वार्ड नंबर 10 से जिला पंचायत सदस्य पद की भावी उम्मीदवार सुधा तोमर धर्मपत्नी अनुज उर्फ विक्की तोमर ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए तूफानी प्रचार किया। इसी के साथ-साथ क्षेत्र के सम्मानित लोगों से आशीर्वाद मांगा क्षेत्र की जनता ने उन्हें अपना आशीर्वाद देने का वादा किया। इस मौके पर बोहला गांव में सुधा तोमर का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान मलकपुर चौधरी बाबूराम तोमर ने कहा कि जनता के दिलों में ऐसी लहर दौड़ेगी यह लहर एक दिन तूफान बनकर सुधा तोमर को चुनाव में जिताकर अपना विकास कराने का काम करेगी अपने स्वागत समारोह में सुधा तोमर ने कहा कि अगर जनता का प्यार मिला तो वार्ड नंबर 10 में किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया जाएगा। आम जनता की मदद की जाएगी गरीबों मजदूरों किसानों के लिए 24 घंटे सेवा में तत्पर रहने का काम करूंगी। इस मौके पर सैकड़ो महिलाओं पुरुषों ने सुधा तोमर का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पंडित रामपाल नरेश शर्मा शमशाद चौधरी नईम खान मोहम्मद नूर मोहम्मद शकील मोहम्मद सुरेंद्र सिंह शारदा देवी मनीषा देवी उपमा देवी पिंकी देवी रजनी देवी राखी देवी सुभाष शर्मा विनोद शर्मा ईश्वर सिंह चौधरी धर्मपाल सिंह विनोद सुखबीर आदि ने सुधा तोमर का स्वागत किया।

# डीएम व एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनीं जनसमस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने शनिवार को थाना खेकड़ा में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसामान्य की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराने के निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### हिंदुस्तान में किसी भी कीमत पर बाबरी मस्जिद नहीं बनने दी जाएगी: नंदकिशोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर एक बार फिर अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चा में हैं। बागपत पहुंचे विधायक ने पश्चिम बंगाल, बाबरी मस्जिद और मुस्लिम समाज को लेकर ऐसे बयान दिए, जिनसे सियासी हलचल तेज हो गई है। योग कार्यक्रम के दौरान दिए गए उनके बयान का वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। डगरपुर गांव में आयोजित योग कार्यक्रम में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सरकार बनते ही बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले मुसलमानों को बांग्लादेश खदेड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि बाबरी मस्जिद के लिए इकट्ठा होने वाले लोग बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं, जिन्हें चिन्हित कर बाहर किया जाएगा। विधायक ने कहा कि हिंदुस्तान में किसी भी कीमत पर बाबरी मस्जिद नहीं बनने दी जाएगी। इसके लिए सभी को एकजुट होकर खड़ा होना होगा। उनके इस बयान पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच भी चर्चा होती रही। नंदकिशोर गुर्जर यहीं नहीं रुके। उन्होंने लाल किला और ताज. महल को अपने पूर्वजों की निशानी बताते हुए दावा किया कि ताजमहल दरअसल शंकर जी का मंदिर है। इसके साथ ही उन्होंने मक्का को लेकर भी विवादित टिप्पणी की और कहा कि जहां मुसलमान इबादत करते हैं, वह श्मक्केश्वर महादेव का मंदिर है। विधायक ने हिंदुस्तान के मुस्लिम समाज पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पुराने समय में जिन कमजोर हिंदुओं की बेटियों पर जुल्म हुआ, उन्होंने मजबूरी में इस्लाम धर्म स्वीकार किया। इसी आधार पर उन्होंने दावा किया कि हिंदुस्तान का मुस्लिम, मुस्लिम नहीं बल्कि हिंदू है। अपने भाषण के दौरान विधायक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने राहुल गांधी के पिता को खान बताते हुए उनके पूर्वजों को आक्रांता करार दिया। इस बयान के बाद राजनीतिक प्रतिक्रिया और तेज हो गई है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर बागपत के डगरपुर गांव में योग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। वहीं मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने ये सभी बयान दिए। उनके बयानों को लेकर विपक्षी दलों की ओर से प्रतिक्रिया आने की संभावना है, वहीं भाजपा संगठन की ओर से भी रुख साफ होने का इंतजार किया जा रहा है।

### पीड़ित ने धोखाधड़ी को लेकर पुलिस ने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में एक प्लाट खरीद में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। नईम नामक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है कि यमुना रोड, पक्का घाट रोड स्थित 200 वर्ग गज के प्लाट की खरीद में उनके साथ ठगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दो युवकों ने उनके 10 लाख रुपये हड़प लिए और अब प्लाट पर अवैध कब्जा करने की को. शिश कर रहे हैं। नईम के अनुसार, उन्होंने यह प्लाट ईदगाह, बागपत निवासी नजाकत पुत्र आसक अली से 28 लाख रुपये में खरीदा था। सौदे के तहत, उन्होंने नजाकत को 10 लाख रुपये अग्रिम भुगतान के रूप में दिए थे। इस भुगतान की पुष्टि के लिए एक नोटरी शुदा तहरीर भी तैयार की गई थी, जिसे नईम ने पुलिस को सौंपा है। नईम ने बताया कि जब उन्होंने शेष भुगतान या अपने पैसे वापस मांगे, तो युवकों ने टालमटोल की। उन्हें बाद में पता चला कि दोनों आरोपी फर्जी दस्तावेजों के जरिए उनके पैसे हड़पने और प्लाट पर अवैध कब्जा करने की योजना बना रहे हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि जब उन्होंने आरोपियों को प्लाट पर कब्जा करने से रोका, तो उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। नईम ने पुलिस को बताया कि दोनों युवक पेशेवर भू-माफिया हैं और उनके खिलाफ बागपत तथा आसपास के थानों में जानलेवा हमला, मारपीट और गोकसी जैसे कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। नईम ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई कर फर्जी दस्तावेजों और धमकियों के जरिए उनकी संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की अपील की है। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जांच के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई पत्नी की मौत, पति गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मथुरा।** थाना महावन क्षेत्र के जयपुर बरेली हाईवे पर शुक्रवार देर शाम तेज रफ्तार बाइक हादसे का शिकार हो गई। हादसा उस समय हुआ जब आगरा से राया की ओर जा रहे दंपत्ति की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर बैठी महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवे पर बाइक तेज रफ्तार में थी। अचानक नियंत्रण बिगड़ने के कारण चालक बाइक संभाल नहीं पाया और सीधा डिवाइडर से जा टकराया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम और स्थानीय लोगों ने घायल युवक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। महिला का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृतक की पहचान और परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और नियंत्रण खोने से हादसा होने की बात सामने आई है। घटनास्थल से बाइक भी बुरी तरह हालत में मिली है। हादसे के कारण कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम जैसी स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने जल्द ही नियंत्रित कर यातायात सामान्य कराया। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार के खतरे को उजागर करता है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने और गति सीमा से अधिक चलने पर इस तरह की दुर्घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं।

# महाराज ने 35 मुनि आर्यिकाओं सहित किया बड़ौत में प्रवेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** भावलिंगी संत श्रमानाचार्य विमर्श सागर महाराज ने सुबह 9 बजे बड़ौत नगर में मंगल प्रवेश किया।

उनकी मंगल प्रवेश यात्रा पत्थर मंडी से प्रारंभ होकर गांधी रोड, अतिथि भवन, भगवान महावीर मार्ग से होती हुई अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी बड़ौत पहुंचीं। रास्ते में जगह जगह अनेक धार्मिक संस्थाओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन किया गया और आरती की गई। 11 वर्ष पूर्व 2014 में आचार्य संघ ने बड़ौत में चातुर्मास किया था। उस समय नगर में 11 मुनि दिशाएं भी हुई थी। अब आचार्य श्री के बड़ौत आगमन पर जैन ही नहीं सभी समाजों में हर्ष की लहर दौड़ गई। अजितनाथ सभागार मंडी में आयोजित धर्मसभा में चित्र अनावरण अजितनाथ मंदिर कमेटी द्वारा, दीप प्रज्वलन दिगंबर जैन समाज समिति द्वारा और पाद प्रक्षालन अजितनाथ साधु सेवा समिति द्वारा किया गया। नगर की मंदिर कमेटियों, विमर्श जागृति मंच, जैन मिलन परिवार, स्यादवाद महिला संगठन आदि के द्वारा आचार्य श्री को श्रीफल समर्पित किया गया। संचालन डा.श्रेयांस जैन द्वारा किया गया। धर्मसभा में प्रवचन देते हुए आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि वास्तव में बड़ौत की जैन समाज द्वारा काफी भक्ति प्रदर्शित की गई। आचार्य श्री ने कहा कि हमें अनित्य से नित्य की और जाना है। यदि हमे नित्य की ओर जाना है तो डर छोड़ना पड़ेगा। क्योंकि अनित्य में भय है। कही दुर्घटना न हो जाए, कहीं मृत्यु न हो जाए। है।

# सड़क हादसे में 7वीं कक्षा की छात्रा की मौत, परिवार में शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ा-नेथला मोड़ पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें 7वीं कक्षा की छात्रा जोया की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी।

जानकारी के अनुसार, जोया पैदल चलकर अपने गांव निवाड़ा के पास पहुंची ही थी कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छात्रा बुरी तरह घायल होकर वहीं गिर गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण हुई है। उन्होंने पुलिस से आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी चालक की तलाश जारी है।



# पुलिस अधीक्षक ने की गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** पुलिस लाइन सभागार देर रात्रि में पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया। इसका उद्देश्य जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना था। गोष्ठी में सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने जनपद की वर्तमान कानून-व्यवस्था, लंबित विवेचनाओं, अपराधों की रोकथाम और प्रभावी पुलिसिंग की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और वांछितों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों से संबंधित अपराधों पर विशेष सतर्कता बरतने पर भी जोर दिया गया। आगामी त्योहारों और विभिन्न कार्यक्रमों के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों की पहचान कर प्रभावी पुलिस प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, पैदल गश्त और रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। पैदल गश्त और रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखने, अफवाहों पर तुरंत नियंत्रण पाने और सां. प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# लाखों की लूट की सूचना निकली झूठी, महिला ने थाने पहुंचकर दी सफाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**चांदीनगर।** गौना गांव में लाखों रुपये के सोने के आभूषण लूटे जाने की सूचना पुलिस जांच में असत्य पाई गई है। जांच के दौरान मामला गलत निकलने पर संबंधित महिला ने स्वयं थाने पहुंचकर लिखित तहरीर देते हुए स्पष्ट किया कि उसके साथ किसी प्रकार की कोई लूट नहीं हुई थी।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे महिला ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके साथ लाखों रुपये के सोने के आभूषण लूट लिए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और लूट की घटना मानकर जांच शुरू कर दी। हालांकि, जांच के दौरान ही मामले की सच्चाई सामने आ गई। शुक्रवार शाम करीब छह बजे महिला स्वयं थाने पहुंची और पुलिस को बताया कि उसके साथ किसी प्रकार की कोई लूट नहीं हुई थी। महिला ने बताया कि सुबह अंधेरा होने के कारण चलते समय उसका पैर किसी वस्तु से टकरा गया, जिससे वह गिर गई। गिरने के दौरान उसे भ्रम हुआ कि किसी ने उसे धक्का दिया है। महिला ने बताया कि गिरने के दौरान उसके कानों के कुंडल जमीन पर गिर गए थे, जिससे उसे लगा कि किसी ने धक्का देकर कुंडल छीन लिए हैं। इसी गलतफहमी में उसने शोर मचा दिया और लूट की सूचना दे दी। पुलिस द्वारा महिला के परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की गई, जिन्होंने किसी भी प्रकार की लूट की घटना से इनकार किया।

इसके बाद महिला ने थाने में लिखित तहरीर देकर लूट न होने की पुष्टि की। थाना अध्यक्ष अतर सिंह ने बताया कि लूट की सूचना जांच में पूरी तरह गलत पाई गई है। महिला ने स्वयं थाने पहुंचकर लिखित रूप में स्वीकार किया कि उसके साथ कोई लूट नहीं हुई थी। मामले को स्पष्ट मानते हुए पुलिस ने आगे की कार्रवाई समाप्त कर दी है।

# उफ! ओवरलोड वाहन कैसे मिलेगी निजात

## गन्ने से भरे ओवरलोड वाहनों से टूटे हाईटेंशन तार बिजली गुल, अधिकारी मौन

**आरटीओ और पुलिस की लापरवाही आ रही है सामने, ग्रामीण परेशान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** गन्ने से भरे ओवरलोड वाहनों से आये दिन जाम की स्थिति बनी हुई है, और तो और ट्रक चालक नियम से ऊपर उठकर गन्ना भर रहे है। जिसके कारण मौडखुर्द में रास्ते के बीचोंबीच जा रहे हाईटेंशन तार गन्ने से भरे ओवरलोड वाहनों की चपेट में आकर टूट गये।

जिसके कारण मौडखुर्द मौहम्मद पुर सकिस्त सदरपुर गांव में बिजली गुल हो गई। ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिवहन निगम एवं पुलिस विभाग की लापरवाही के करण गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉले एवं ट्रकों से जाम की स्थिति बनी हुई है। घंटो- घंटो वाहन से जाम लगा रहता है। परिवहन एवं पुलिस विभाग जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। कई बार तो बिजली विभाग के तारो मैं फाल्ट भी हो चुका है और नगर पंचायत द्वारा लगाए पथ प्रकाश की व्यवस्था की लाइनें भी तोड़ चुके हैं। जिनसे नगरवासियों को काफी हानि हो रही है।

नगरवासियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों से जाम की स्थिति बनी हुई है। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग इस और ध्यान दे दे तो जाम की स्थिति नहीं बनेगी। लेकिन ओवरलोड वाहनों के संचालक अपनी मनमानी कर रहे हैं। सड़कों पर ओवरलोड वाहनों से जाम लगा लग रहा है। नगरवासियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि अगर विभाग ने इस समस्या का समाधान नहीं किया तो वह उच्चाधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र देकर समाधान कराने की मांग करेंगे। वहीं जब थानाध्यक्ष से बात हुई तो थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने कहा कि वह नगर में लगने वाले जाम को पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजकर खुलवाने का काम करते हैं। यदि फिर भी कोई समस्या आती है तो सड़कों के किनारे अतिक्रमण को हटवाने का काम करेंगे। वहीं गन्ने से भरे ओवरलोड वाहनों के संचालकों को थाने बुलवाकर नियमों का पालन करने की हिदायत दी जाएगी, यदि वाहन चालक अपनी मनमानी करते हैं तो उनके वाहनों को सीज किया जाएगा।

## सुभारती विवि में जागरूकता को समर्पित कार्यक्रमों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में शिक्षा, सामाजिक चेतना एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के समग्र विकास के साथ-साथ एक जागरूक, संवे. दनशील एवं स्वस्थ परिसर का निर्माण करना रहा। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 'माइक्रो टीचिंग' विषय पर एक ई-न्यूज विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें एसएसएसएस डिग्री कॉलेज, रसना, मेरठ से आए प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ. संदीप कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। यह सत्र शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) संदीप कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने भावी शिक्षकों के निर्माण में माइक्रो टीचिंग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अभ्यास, अवलोकन एवं रचनात्मक प्रतिपुष्टि के माध्यम से छात्र-शिक्षक अपने शिक्षण कौशल को प्रभावी ढंग से निखार सकते हैं।

# जमियत उलेमा ए जिला मेरठ की वर्किंग कमेटी की मीटिंग आयोजित

## हाफिज मौहम्मद आबिद बनाए गए जमियत यूथ क्लब के जिला कन्वीनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार की सुबह कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर स्थित मस्जिद बिलाल में जमियत उलेमा ए जिला मेरठ की वर्किंग कमेटी और तीनों तहसीलों के अध्यक्ष और सचिवों की एक अहम मीटिंग आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मौलाना नबील अहमद कमालपुरी, और संचालन जिला सचिव मौलाना अब्दुल मोमिन पाबली ने किया।

तिलावत कलाम पाक मौलाना तसव्वुर मजाहिरी और नात शरीफ मौलाना नबील ने पैश की। बैठक में सर्वसम्मति से जमियत सद्भावना मंच, जन विकास सेवा, दीनी तालीमी बोर्ड, जमियत यूथ क्लब, और इस्लाहे माशरा आदि विभागों के लिए जिला कन्वीनर बनाए गए।इसके अलावा जनवरी में जिला प्रबंधक समिति का अधिवेशन ग्राम ललियाना में आयोजित करने का फैसला किया



गया। जिला संरक्षक हाफिज बाकर हुसैन की दुआ पर मीटिंग का समापन हुआ। मौहम्मद माज आबिद महमूदी और कारी हम्माद इशाअती मीडिया इंचार्ज जमियत उलेमा ए कस्बा लावड़ ने तमाम मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। बैठक में मौलाना अरशद कासमी, डॉ. अब्दुल गफ्फार, हाफिज गुलजार, कारी मौहम्मद वासिफ, हाजी मौहम्मद अली, हाफिज शहबाज, हकीम महताब अजीज, मौलाना उवैस कुरैशी लावड़ के अलावा जिला जमियत के अहम् पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव, सावधानियों व रोकथाम पर कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ फोरम फॉर क्लीन एयर द्वारा वायु प्रदुषण के दुष्प्रभाव सावधानियों ओर रोकथाम पर एक वार्ता का आयोजन शनिवार को प्रात: 11 से 12 बजे तक सोफिया गर्ल्स स्कूल मेरठ कैन्ट में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सर्व प्रथम संयोजक डॉ. सुमित उपाध्याय द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने वायु प्रदूषण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वस्थ वह क्या है। किन किन करणों से प्रदूषण होता है तथा इनमें कितने हानिकारक रसायन होते हैं। उन्हें यह भी बताया गया है कि वायु प्रदूषण न केवल नुक्सान पहुंचाता है, बल्कि समस्त अंगों को जैसे, आंखें, त्वचा, हृदय, मस्तिष्क, स्मृति, आदि पर बुरा प्रभाव पड़ता है। नवीनतम शोध से ये भी पता चला कि महिलाओं में बांझपन का ये भी एक प्रमुख कारण है। इसके बाद ये भी बताया कि हम सब किस प्रकार से प्रदूषण की रोकथाम और बचाव कर सकते हैं। छात्रों की इस कार्य में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि वह अपने घर से परिवार से शुरुआत करके अपने आस-पास के क्षेत्र में उपायों को लागू करने के लिए ला सकते हैं, जिसे पूरे समाज में बदला जा सकता है। अंत में प्रिंसिपल मीना ने इस महत्वपूर्ण वार्ता के लिये टीम का धन्यवाद किया।

# चंद माह में लखपति बनाने का ख्वाब दिखाकर शातिर दंपति ने दर्जनों महिलाओं से लाखों ठगे

**महिलाओं ने थाने में किया हंगामा, पुलिस ने महिला समेत दो को लिया हिरासत में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** प्राइवेट नेटवर्किंग कंपनी में मामूली निवेश करके चंद माह के भीतर लखपति बनाने का ख्वाब दिखाकर शातिर दंपत्ति ने गांवों की कई दर्जन महिलाओं से लाखों रुपए की ठगी कर ली। कप्तान से शिकायत करके थाने पहुंची महिलाओं ने पुलिस को आप बीती सुनाकर मदद की गुहार लगाई है। थाने में सुनवाई कर रहे ब्रह्मकुमार त्रिपाठी ने पीड़ितों को जवाब दिया आपने यह रुपए हमसे पूछ कर थोड़ी लगाए हम तुम्हारे रुपए नहीं दिलवा सकते। इतना सुनते ही पीड़ित महिलाओं की पुलिस से नोक झोंक हो गई जिसको लेकर घंटों तक थाने में हंगामा चला रहा। वहां पहुंचे मीडिया कर्मियों के कैमरे चलते ही पुलिस ने महिलाओं को



समझा बुझाकर शांत किया और आरो. पियों के मोबाइल पर फोन करके थाने बुलाया गया।

थाना क्षेत्र के गांव नगला यजदी, रेखा पत्नी ध्यान सिंह से 50 हजार रुपए, रितू पत्नी पुजारी बातनौर से एक लाख रुपए ममता से 50 हजार, शीला से 50 हजार, रासलीला से 50 हजार, महेन्द्री से 21 हजार, ममता से 50 हजार निवासीगण ग्राम भैंसा, मोहसिना, लक्ष्मी से 50 हजार रुपए, सावित्री से 50 हजार, वीरवती से 21 हजार रुपए निवासी मवी मीरां गांव से थाने पहुंची। महिलाओं संग पेश आया ठगी का यह मामला डॉफिन ट्रैवल मार्केटिंग (प्रा.) लि.के नाम पर प्रधान मंत्री का फोटो लगाकर चलाई जा रही कम्पनी से जुड़ा है। इस संबंध में पीड़ित महिलाओं ने ग्राम बड्सु थाना खतौली निवासी मुस्कान व उसके पति रूपेश पर आरोप लगाया है कि उन्होंने सब्जबाग दिखाकर प्रत्येक महिला से 7 हजार रुपए जमा करने के पश्चात दस अन्य महिलाओं से निवेश कराने पर लाखों रुपए जमा कराए और 11 लाख रुपए मिलने का झांसा दिया है और माह में दो बार तीस तीस हजार रुपए खाते में आने की बात कहकर कई गांवों की काफी महिलाओं से लाखों रुपए ऐंठ लिए गए। निवेश करने वाली महिलाओं को अपने घर के पुरुषों से पर्दा रखने की हिदायत दी गई थी। थाने पर कई महिलाओं ने बताया कि उन्होंने सूद पर कर्ज लेकर पैसे दिए थे लेकिन दो वर्षों में उन्हें कुछ नहीं मिला। पुलिस ने पैसा ऐंठने वाली एक महिला व उसके साथी पुरुष को थाने में बैठा लिया। उधर पुलिस ने मुस्कान को भी मामले की जांच के लिए थाने तलब किया है। थाना प्रभारी ब्रह्मकुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## इसरो से संबंधित सेमिनार में डी मोनफोर अकादमी के विद्यार्थियों ने लिया भाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** के.एल. इंटरनेशनल स्कूल मेरठ में आयोजित एक शैक्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत डी मोनफोर अकादमी के कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं के विद्यार्थियों ने इसरो से संबंधित एक ज्ञानवर्धक सेमिनार में भाग लिया। इस सेमिनार में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान तथा इसरो के विभिन्न मिशनों के बारे में, सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उन्हें उन संस्थाओं के बारे में समझाया गया। सैटेलाइट को धरती से अंतरिक्ष तक पहुंचने में कितनी मेहनत, योजना और वैज्ञानिक सोच की आवश्यकता होती है। सेमिनार में सैटेलाइट लॉन्च की पूरी प्रक्रिया, रॉकेट की कार्यप्रणाली और अंतरिक्ष में सेटेलाइट की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ स्कूल के शिक्षक नितिन चावला और अनुपमा शर्मा भी बच्चों के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. समीर वर्मा ने बच्चों को विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष और सेटेलाइट के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा ने सेमिनार की उपयोगिता बताते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय की उप प्रधानाचार्य रितु चिकारा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परिश्रम लगन और वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह सेमिनार बच्चों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

# स्टार अल-फलाह इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मिशन शक्ति भारत सरकार और राज्य सरकारों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही एक व्यापक पहल है जो जीवन के हर रास्ते में महिलाओं को सहायता, जागरूकता और कानूनी मदद प्रदान करती है जिसमें सुरक्षा और सामर्थ्य जैसे घटक शामिल हैं जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके और लैंगिक समानता को बढ़ावा मिले।

मिशन शक्ति का मुख्य फोकस महिलाओं की सुरक्षा और उनके संरक्षण से है जिसमें आपातकालीन सेवाओं से जुड़ाव और कानूनी सहायता शामिल है। दूसरी ओर समर्थ अर्थात सशक्तिकरण, वित्तीय और सामाजिक सामर्थ्य, कौशल विकास और आत्म निर्भरता पर केंद्रीत है। मिशन शक्ति पहल महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है। आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना उनको वित्तीय सहायता प्रदान करना समाज में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना चिकित्सा, कानूनी सहायता, परामर्श और आश्रय जैसी एकीकृत सेवाएं प्रदान करना है। मेरठ जनपद के समस्त थानों की टीम द्वारा मिशन शक्ति पहल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद की थाना क्षेत्र की टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र के गांव, कस्बो, स्कूल कॉलेज बस स्टैंड, बाजार भीड़ वाली जगहों आदि विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओ को जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं को होने वाली समस्याओं के तेजी से निस्तारण के लिए अलग-अलग जगह पर टीम बनाकर मिशन शक्ति पहल का आयोजन किया जा रहा है। मिशन शक्ति पहल तहत शनिवार को स्टार अल-फलाह इंटर कॉलेज में पुलिस टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला अधिकारों, सुरक्षा व्यवस्था, साइबर अपराध से बचाव और आत्मरक्षा जैसी तकनीकों की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति अभियान के तहत कस्बा किठौर स्थित स्टार अलफलाह इंटर कॉलेज में किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने पुलिस टीम के साथ छात्र-छात्राओं व अध्यापिकाओं को महिला अधिकारों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। पुलिस टीम द्वारा महिला अध्यापिकाओं, छात्राओं को सुरक्षा साइबर अपराध से बचाव आत्मरक्षा करने की तकनीक और विभिन्न हेल्पलाइन सेवाएं जिनमे 1090 वूमेन पावर, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी गई। इसी दौरान गुड टच, बेड टच, घरेलू हिंसा साइबर अपराध, चिकित्सा तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी गई जिनमे कन्या सुमंगला योजना जैसी योजनाओं पर प्रकाश डाला और इसके साथ ही जागरूकता हेतु पम्पलेट वितरित किए गए। इस दौरान कॉलेज प्रबंधक डॉक्टर नुसरत अली और इकराम अली, विनोद कुमार, अमित कुमार आदि कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

## सरधना प्रीमियर लीग

# उदघाटन मैच में आजाद क्लब ने दर्ज की शानदार जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंडी ग्राउंड में शनिवार को सरधना प्रीमियर लीग (एसपीएल) के पांचवें सीजन का रंगारंग शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह खेल भावना, दर्शकों के उत्साह और खिलाड़ियों के जोश से सराबोर रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर ने फीता काटकर किया। पहले ही दिन मैदान में मौजूद खेल प्रेमियों की भारी भीड़ ने आयोजन को यादगार बना दिया।



उद्घाटन मुकाबले से पूर्व आकिल खान एवं सूर्यदेव त्यागी ने टॉस कराया, जबकि ट्रॉफी का लोकार्पण ईओ दीपिका शुक्ला और वरिष्ठ समाजसेवी बदर अली द्वारा किया गया। टॉस जीतने के बाद आजाद क्लब ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया जो पूरी तरह सही साबित हुआ। बल्लेबाजी करने उतरी सीए-11 की टीम आजाद क्लब के गेंदबाजों के आगे संघर्ष करती नजर आई। टीम की ओर से गौरव ने सर्वाधिक 27 रन बनाकर कुछ उम्मीद जगाई लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं सके। निर्धारित ओवरों में सीए-11 की टीम 106 रन ही जोड़ सकी। आजाद क्लब के गेंदबाज सुमित ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन अहम विकेट झटके और विपक्षी टीम को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आजाद क्लब की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलती दिखी। जैद ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 27 रन बनाए और टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। 15 ओवर के भीतर ही आजाद क्लब ने लक्ष्य हासिल कर लिया और एसपीएल-5 के पहले मुकाबले में जीत दर्ज की। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सुमित को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ अनुशासन और टीम भावना का पाठ पढ़ाते हैं। वहीं ईओ दीपिका शुक्ला ने कहा कि नगर पालिका भविष्य में भी इस तरह के खेल आयोजनों को पूरा सहयोग देती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी, वीरेंद्र चौधरी, दीपक शर्मा, साकिर कुरैशी, मिर्जा इस्माइल, हाजी अकबर, आगा अली, जीशान कुरैशी, हाजी सबूर, हाजी कासिम अंसारी, ऋषभ जैन, एमी शाह, अशरफ राणा, डॉ. साकिर हसन, जितेंद्र पांचाल, वीर सिंह भाटी, सईद कुरैशी, सहजाद मिर्जा, सुफियान, अरशद अब्बा, इरशाद मलिक सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर आयोजक फरमान अंसारी, खालिक अहमद, महामंत्री पियूष त्यागी, शाहनवाज कुरैशी, हामिद अंसारी एवं अध्यक्ष शाहवेज अंसारी ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

# ईसाई समाज ने मेडा अधिकारियों पर लगाया भूमाफियाओं से मिली भगत का आरोप

**भूमाफियाओं पर कार्रवाई नहीं हुई तो मेडा ऑफिस पर होगा प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मैथोडिस्ट चर्च में भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है इसके विरोध में समाज के लोगों ने एक प्रेस वार्ता कर बताया कि 960 सिविल लाइन साकेत स्थित 28 बीघा तीन बिस्सा जमीन जिस पर एक चर्च चार स्कूल कब्रिस्तान और तीन कालोनियां बनी है यह सभी भूमि मैथोडिस्ट चर्च ने 1893 में खरीदी थी जिसका बैनामा मैथोडिस्ट चर्च के पास है।

करीब 140 वर्ष पुरानी संपत्ति पर कुछ भूमाफिया डेनियल एलबर्ट अपने कुछ साथियों के साथ पुलिस प्रशासन व मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को गुमराह करके व उनसे सांठगांठ कर संपत्तियों पर कब्जा करके अवैध निर्माण कर रहा



हैं जिसकी जानकारी मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दी गई है लेकिन मेरठ विकास प्राधिकरण के अधिकारी जांच के नाम पर समाज के लोगों को टरका देते हैं। जिसका समाज के लोग विरोध करते हैं उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में समाज के लोग मेरठ मेरठ विकास प्राधिकरण के कार्यालय पर जाकर प्रदर्शन करेंगे क्योंकि उन्हें मेडा अधिकारियों की कार्यशैली पर शक हो रहा है उनका कहना है कि अगर मेडा के अधिकारी जांच कर रहे हैं तो उस स्थान को सील क्यों नहीं करते जिस पर भूमाफिया अवैध कब्जा कर निर्माण कर रहे हैं। इस दौरान रॉबिन नाथ उर्फ गोलू ने कहा कि वह माफिया मेडा के अधिकारियों से मिले हुए हैं उन्हीं की शह पर दिन रात निर्माण का कार्य जारी है अगर समाज के लोग इस काम को रुकवाने जाते हैं तो वह लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने मांग की है कि भमाफियाओं पर सख्त कार्रवाई करते हुए निर्माण रूकवाया जाये।

## शोभित इंस्टीट्यूट में बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंस एंड इंजीनियरिंग, शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा 12 दिसंबर 2025 को मेरठ में बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक सोच, शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कंप्यूटर साइंस और आईटी विषयों पर उत्कृष्ट ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भानु आनंद, द्वितीय स्थान मिज ताहा और तृतीय स्थान शिवांगी प्रजापति ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी कोऑर्डिनेटर हीमानी चौधरी ने किया, जिनका सहयोग स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर्स शुभम चौधरी और साक्षम पाठक ने किया। विश्व. विधालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. वीके त्यागी ने शैक्षिक प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भागदारी के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया, पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विभाग के निदेशक डॉ. संदीप कुमार तथा अन्य सम्मानित फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। अपने उद्बोधन में निदेशक ने विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक एवं तकनीकी क्षमताओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंस एंड इंजीनियरिंग कंप्यूटर साइंस एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है और समय-समय पर तकनीकी कार्यक्रम, वर्कशॉप एवं प्रतियोगिताएं आयोजित कर विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग-तैयारी को बढ़ावा देता है।

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2008 अनुक्रमांक 0476860 की अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गई है। -विपिन कुमार पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह निवासी मीठेपुर, डाकखाना लावड़, जिला मेरठ।

# भारत-द.अफ्रीका का तीसरा मैच आज

**दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रूख तय करने में अहम होगा**

**धर्मशाला, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका रविवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुकबाले में पांच मैचों की सीरीज में बढ़त लेने उतरेंगे। पहले मैच में भारत की शानदार जीत के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी-20 में जोरदार वापसी करते हुए बराबरी कर ली, जिससे इस खूबसूरत पहाड़ी मैदान पर एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की ताकत और कमजोरियों को जान लिया है, ऐसे में धर्मशाला मैच बाकी सीरीज का रुख तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। भारत की बल्लेबाजी ने कुछ अच्छे संकेत दिखाए हैं, लेकिन शीर्ष क्रम में निरंत. रता की कमी रही है। पहले दो मैचों में शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभालने में तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या का मिडिल ऑर्डर में योगदान महत्वपूर्ण रहा है। ओपनर अभिषेक शर्मा भारत की योजनाओं के केंद्र में बने हुए हैं, टीम पावरप्ले के दौरान तेज शुरुआत देने की उनकी क्षमता पर भरोसा कर रही है। सीनियर बल्लेबाज शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने और लाइनअप को स्थिरता देने के लिए उत्सुक होंगे। पिछले मैच में काफी रन देने के बाद भारत की गें. दबाजी इकाई पर सबकी नजर रहेगी। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह दूसरे टी-20 में शुरुआती विकेट लेने में नाकाम रहे और मेजबान टीम उनसे ऐसी पिच पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी जो तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। स्पिनर अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने विकेट लिए हैं और वे बीच के ओवरों को नियंत्रित करने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका पिछले मैच में दमदार बल्लेबाजी की बदौलत अपनी शानदार जीत से आत्मविश्वास हासिल किया। क्विंटन डी कॉक आक्रामक पारी खेलकर टीम की अगुवाई करने, जबकि कप्तान एडन मारक्रम अच्छी शुरुआत देने का प्रयास करेंगे। मेहमान टीम की बल्लेबाजी की गहराई, जिसे डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर और डोनोवन फरेरा ने मजबूत किया है। गेंदबाजी की बात की जाए तो पिछले मैच में ओटनील बार्टमैन चार विकेट लेने के बाद एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। मार्को यानसन की अतिरिक्त बाउंस और लुंगी एनगिडी के तेज आक्रमण को और मजबूत बनाया है, जिससे दक्षिण अफ्रीका पावरप्ले और डेथ ओवर दोनों में दबाव बना पा रहा है। धर्मशाला मैदान की छोटी बाउंड्री बल्लेबाजों के सेट होने के बाद स्ट्रोक प्ले में मदद करती हैं। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 187 के करीब है और शाम को बाद में ओस पड़ने की उम्मीद है। दोनों टीमें सीरीज में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने के लिए बेताब हैं, इसलिए एक कड़े मुकाबले की उम्मीद है, क्योंकि भारत घरेलू फायदे पर निर्भर है जबकि दक्षिण अफ्रीका अपनी नई गति को बनाए रखना चाहेगा। संभावित भारतीय टीमप्रतिशत अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुम. राह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा।

संभावित दक्षिण अफ्रीका टीमप्रतिशत रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), एडन मारक्रम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, जॉर्ज लिंडे, मार्को यानसन, लुथो सिपामला, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन, ट्रिस्टन स्टब्स, केशव महाराज, एनरिक नॉर्टजे, टोनी डी जॉर्जी, कॉर्बिन बॉश, रीजा हेंड्रिक्स और क्वेना मफाका

## जियोस्टार पर दिखेंगे टी-20 वर्ल्ड कप के सभी मैच

# आईसीसी ने एग्रीमेंट टूटने पर रिपोर्ट्स का खंडन किया




**● काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगले साल होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप जियोस्टार पर ही प्रसारित होगा। आईसीसी और ब्राडकास्टर जियोस्टार ने शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि जियोस्टार भारत में आईसीसी का आधिकारिक मीडिया राइट्स पार्टनर बना हुआ है। काउंसिल ने यह भी बताया कि जियोस्टार के समझौते से पीछे हटने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं। बयान में आगे कहा गया कि भारतीय फैंस को आगामी आईसीसी इवेंट्स की बिना रुके, वर्ल्ड-क्लास कवरेज देने पर फोकस है। इसमें आगामी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप भी शामिल है। दोनों संस्थाओं ने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारियां योजना के अनुसार आगे बढ़ रही हैं। 4 दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा-जियो पीछे हटा 8 दिसंबर सोमवार को इकोनामिक टाइम्स ने दावा किया गया था कि भारत-श्रीलंका में होने वाले मेंस टी-20 वर्ल्ड कप से 3 महीने पहले ब्राडकास्टर जियोस्टार मैच प्रसारण से पीछे हट गया है। जियोस्टार के पीछे हटने की वजह नुकसान को बताया जा रहा था।

रिपोर्ट में कहा गया कि आईसीसी ने सोनी, नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो से संपर्क किया है, लेकिन अभी तक किसी भी प्लेटफार्म ने कीमत ज्यादा होने की वजह से राइट्स में दिलचस्पी नहीं दिखाई। 2023 में आईसीसी ने अपने 4 साल (2024 से 2027 तक) के सारे टूर्नामेंट्स के भारत में दिखाने के अधिकार जियोस्टार (तब स्टार इंडिया) को बेचे थे। 2024 में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 वर्ल्ड कप को हाटस्टार पर फ्री में दिखाया गया था। भारत आईसीसी की कमाई का 80प्रतिशत देता है भारत आईसीसी के रेवेन्यू का करीब 80प्रतिशत हिस्सा देता है, जो क्रिकेट की डिपेंडेंसी दिखाता है। आईसीसी ने 2024 में +474 मिलियन (करीब 4,000 करोड़ रुपए) का सरप्लस कमाया। सरप्लस मतलब अतिरिक्त कमाई या प्राफिट (जैसे आपकी सैलरी से खर्चे कटने के बाद जो बचे)। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेडयूल जारी कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 15 फरवरी को कोल. बो में होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### फीफा विश्व कप 2026 की टिकट के लिए 24 घंटे में 50 लाख आवेदन

**ज्यूरिख, वार्ता।** अगले साल होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए टिकट बिक्री के तीसरे चरण शुरू होने के 24 घंटे अंदर दुनिया भर से 50 लाख टिकटों के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। फीफा ने शनिवार को बताया कि 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के फुटबॉल प्रशंसकों ने फीफाडॉटकॉम/ टिकटस के माध्यम से 50 लाख टिकटों की मांग के आवेदन प्राप्त हुए है। कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होने वाले इस 48-टीमों के इस टूर्नामेंट को देखने के प्रति प्रशंसकों के उत्साह को दिखाता है। शुरुआती आंकड़े ग्रुप-स्टेज के शानदार मुकाबलों के लिए जबरदस्त दिलचस्पी दिखाते हैं, जिसमें कोलंबिया बनाम पुर्तगाल (मियामी, 27 जून) अब तक रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ अवधि के दौरान सबसे अधिक डिमांड वाला मैच बनकर उभरा है।

### श्रीलंका की अंडर-19 टीम ने नेपाल को हराया

**दुबई, वार्ता।** सेतमिका सेनेविरत्ने (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद दिमांता महाविताना (नाबाद 39) और कविजा गमागे (24) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 211 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने 14-5 ओवर में दो विकेट पर 84 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज दिमांता महाविताना ने 49 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से (नाबाद 39) रनों की पारी खेली। कविजा गमागे ने 29 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 24) रन बनाए। विरन चामुदिता (10) और के वितानापतिराना (दा) रन बनाकर आउट हुए।

# मेसी के स्वागत आयोजन में कुप्रबंधन पर ममता ने माफी मांगी उच्च स्तरीय जांच का ऐलान



सुश्री बनर्जी ने घटना के बाद मेसी के साथ-साथ फुटबॉल प्रसंशकों से सार्वजनिक माफी मांगी

**कोलकाता, वार्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को फुटबॉल दिग्गज लियोनेल मेसी के यहां दौरे के मौके पर सॉल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में मची अफरा-तफरी और कुप्रबंधन पर गहरा दुख जाहिर करते हुए 'जिम्मेदारी तय करने' और 'ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रो. कने' के लिए एक उच्च-स्तरीय जांच का ऐलान किया।

सुश्री बनर्जी ने घटना के बाद मेसी के साथ-साथ फुटबॉल प्रशंसकों से सार्वजनिक माफी मांगी। उन्होंने एक्स पर एक बयान में कहा कि स्टेडियम में जो कुछ हुआ, उससे बहुत परेशान और हैरान है। यहां हजारों दर्शक अपने पसंदीदा फुटबॉलर को देखने की उम्मीद में इकठा हुए थे। उन्होंने कहा कि वह उस समय वह खुद कार्यक्रम स्थल पर जा रही थीं। सुश्री बनर्जी ने कहा कि मैं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए लियोनेल मेसी के साथ-साथ सभी खेल प्रेमियों और उनके प्रशंसकों से ईमानदारी से माफी मांगती हूं। मैं न्यायमूर्ति (सेवा. निवृत्त) असीम कुमार राय की अध्यक्षता में एक जांच समिति बना रही हूं।

# लियोनेल मेसी का कोलकाता में जोरदार स्वागत

## झलक न दिखने से गुस्साए दर्शक



**कोलकाता, वार्ता।** अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी को 14 साल बाद फुटबॉल के दीवानों के शहर कोलकाता में लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। शहर में हजारों प्रशंसक, अपने पसंदीदा वैश्विक सुपरस्टार की एक झलक पाने के लिए, मध्यरात्रि के बाद कड़ाके की ठंड में भी डटे रहे। हालांकि, बाद में साल्ट लेक स्टेडियम (युवा भारती क्रीड़ांगन) में यह उत्साह उस समय अराजकता और निराशा में बदल गया, जब उनके प्रशंसक मेसी की एक झलग ठीक से नहीं पा सके। मेसी का विमान नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कल देर रात उतरा। उनके आगमन पर वहां मौजूद लोगों में जोश भर गया। उनके समर्थक बार्सिलोना की नंबर 10 जर्सी पहने उनका नाम लेकर चिल्ला रहे थे और अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे। भारी सुरक्षा तैनाती के बावजूद, भीड़ हवाई अड्डे के परिधि और हयात रीजेंसी होटल के पास जमा हो गई। मेसी को इस होटल में ठहराया गया था। भारतीय फुटबॉल का मक्का कहे जाने वाले कोलकाता शहर ने मेसी की दूसरी यात्राा को यादगार बनाने के लिए पूरे मन से तैयारी की थी। इनमें ईएम बाईपास पर लेक टाउन क्रॉसिंग पर फैन जोन और एक विशाल 70 फुट की प्रतिमा शामिल थी। सूत्राों ने बताया कि साल्ट लेक स्टेडियम के पास होटल जाते समय, मेसी को शहर के प्रवेश द्वार वीआईपी रोड पर बिग बेन क्लॉक टॉवर के पास फीफा विश्व कप पकड़े हुए उनकी एक सफेद प्रतिमा दिखाई गई। प्रशंसकों की भीड़ में नादिया जिले के कल्याणी से एक किशोर लड़का भी व्हीलचेयर पर यात्राा करके आया था। मेसी के कट्टर समर्थक उनको फुटबाल का ष्भगवानष मानते हैं। मोहन बागान क्लब के सदस्य सुरजेंदु गांगुली ने कहा कि मेसी का कोलकाता आना एक बड़ी बात है।

### मेसी ने किया कोलकाता में दुनिया की सबसे ऊंची अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण

**कोलकाता, वार्ता।** 2022 फीफा विश्व कप विजेता अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा रहे लियोनेल मेसी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के प्रवेश द्वार पर दुनिया की सबसे ऊंची 70 फीट की लोहे की अपनी फुटबॉलर प्रतिमा का अनावरण किया। अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट पर एक निजी जेट से सुबह-सुबह पहुंचने के कुछ घंटों बाद उन्होंने हयात होटल से रिमोट कंट्रोल के जरिए वीआईपी रोड पर स्थित अपनी प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया। इस दौरान कई इंटर मियामी खिलाड़ी और हिंदी फिल्म सुपरस्टार शाहरुख खान मौजूद थे। यह प्रतिमा, 2022 फीफा विश्व कप पकड़े हुए मेसी की एक तस्वीर की प्रतिकृति है।

# गावस्कर के पर्सनालिटी राइट्स केस में दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश




**● यह कानून सोशल मीडिया गाइडलाईनऔर डिजीटल मीडिया आचार संहिता से जुड़ा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनील गावस्कर की याचिका पर आदेश दिया है। यह मामला पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा से जुड़ा है। कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को सात दिन में कार्रवाई करने को कहा है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने गावस्कर के वकील से बात की। उन्होंने कहा- वकील पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से संपर्क करें। अदालत ने प्लेटफार्म्स को निर्देश दिया कि वे गावस्कर के मुकदमे को आईटी एक्ट 2021 के तहत शिकायत मानकर जरूरी कदम उठाएं। यह कानून सोशल मीडिया गाइडलाइंस और डिजिटल मीडिया आचार संहिता से जुड़ा है। एक दिन पहले अभिनेता सलमान खान और तेलुगु स्टार जूनियर एनटीआर भी अपने पर्सनालिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे थे।

कोर्ट ने कहा कि अगर सोशल मीडिया मीडियम को गावस्कर द्वारा दिए गए किसी भी 'वेबलिंक' को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वे उन्हें इसकी जानकारी दें। अदालत ने गावस्कर (वादी) को निर्देश दिया कि वे जिन यूआरएल को हटाने का अनुरोध कर रहे हैं, उन्हें 24 घंटे में सोशल मीडिया मीडियम को उपलब्ध कराएं। गावस्कर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म और ई-कामर्स वेबसाइट द्वारा उनके नाम, तस्वीरें और शख्सियत एवं पहचान के अनधिकृत उपयोग को रोकने तथा पर्सनालिटी राइट्स की रक्षा के लिए हाई कोर्ट का रुख किया था। पर्सनालिटी राइट्स के तहत किसी व्यक्ति को अपनी तस्वीर, नाम या पहचान की सुरक्षा, उन पर नियंत्रण रखने और उनके उपयोग से लाभ प्राप्त करने का अधिकार होता है। इन सेलेब्स के पास हैं पर्सनैलिटी राइट्स ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन से पहले इसी साल मई में एक्टर जैकी श्राफ भी कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी इमेज और वीडियो बदलकर बिना इजाजत मर्चेंडाइज बेचा जा रहा है। उस समय कोर्ट ने उनके पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स को भी सुरक्षित किया था।

# लिएंडर पेस-महेश भूपति 'कोर्ट पर' एक साथ दिखे

**● इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैड स्लेम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर नंबर-1 बने है और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे है**



**अहमदाबाद, वार्ता।** क्लियर प्रीमियम वॉटर द्वारा प्रायोजित टेनिस प्रीमियर लीग के चौथे दिन भारतीय टेनिस दिग्गज लिएंडर पेस जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर के रूप में और एसजी पाइपर्स बेंगलुरु के मुख्य कार्यकारी महेश भूपति अपनी टीम के समर्थन में लीग के चारकोल ग्रे कोर्ट पर एक साथ दिखे गए। इस जोड़ी ने एक साथ तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और एक जोड़ी के तौर पर वर्ल्ड नंबर 1 बने हैं और वे लंबे समय से लीग को सपोर्ट कर रहे हैं।

इस दौरान अपनी खुशी इजहार करते हुए पेस ने कहा कि अहमदाबाद में होना बहुत अच्छा लग रहा है। सबसे पहले तो मौसम शानदार है और यहां टेनिस प्रीमियर लीग की भव्यता देखना पूरे देश में टेनिस का विस्तार करने और उसे लोकप्रिय बनाने के सपने का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मैं सानिया, रोहन, महेश और उन सभी सितारों का बहुत आभारी हूं जो लीग को सपोर्ट करते हैं। जब आप खिलाड़ियों को देखते हैं, तो हमने जूनियर्स, प्रोफेशनल्स, लड़के और लड़कियों को एक साथ लाने में कामयाबी हासिल की है और इसमें एक अंतर्राष्ट्रीय फ्लेवर भी जोड़ा है। टेनिस जगत के पूरे समुदाय का यहा एक साथ आना खास है। दिन के तीसरे मैच में एसजी पाइपर्स बेंगलुरु ने जीएस दिल्ली एसेस को 49-51 से हराया। जीएस दिल्ली एसेस 211 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। सीजन और अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि सीजन बहुत अच्छा चल रहा है। मैं अपनी टीम के प्रति थोड़ा पक्षपाती हूं। दिल्ली एसेस अभी शीर्ष पर है लेकिन अभी बहुत सारा टेनिस बाकी है। यहां का फॉर्मेट बहुत दिलचस्प है। पेस ने दिल्ली की टीम के साथ अपनी भूमिका पर कहा कि 40 साल तक अपने देश के लिए खेलना, 20 ग्रैंड स्लैम जीतना और सात ओलंपिक खेलना एक आशीर्वाद है। अब, बच्चों को मेंटर करना और ऐसी लीग बनाना ताकि वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेल सकें।

# असम के चार खिलाड़ी भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित

**● इनके खिलाफ राज्य पुलिस की अपराध शाखा में प्राथमिकी भी दर्ज करा दी है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** असम क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) 2025 के दौरान कथित तौर पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप के कारण चार खिलाड़ियों अमित सिन्हा, इशान अहमद, अमन त्रिपाठी और अभिषेक ठाकुर को निलंबित कर दिया है।

एसीए ने शुक्रवार को इन चारों खिलाड़ियों निलंबित कर दिया। उन्होंने इनके खिलाफ राज्य पुलिस की अपराध शाखा में प्रथमिकी (एफआईआर) भी दर्ज करा दी है। ए सभी खिलाड़ी अलग-अलग स्तर पर असम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन पर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेने वाले कुछ असम के खिलाड़ियों को प्रभावित और उकसाने का प्रयास करने का आरोप है। एसीए के सचिव सनातन दास ने कहा कि आरोप सामने आने के बाद बीसीसीआई की भ्रष्टाचार विरोधी और सुरक्षा यूनिट (एएससीयू) ने जांच की थी। एसीयू ने भी आपराधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पहली नजर में खेल की अखंडता को प्रभावित करने वाले गंभीर कदाच. ार में उनकी भागीदारी प्रतीत होती है। असम के एसएमटीए लीग मैच 26 नवम्बर से आठ दिसम्बर तक लखनऊ में हुए थे। टीम चल रहे सुपर लीग चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। दास ने कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निल. बन की अवधि के दौरान इन खिलाड़ियों को जिला इकाइयों या इससे जुड़े क्लबों द्वारा आयोजित किसी भी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट या मैचों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# दीपक हुड्डा संदिग्ध गेंदबाजी सूची में




**● बीसीसीआई ने 16 सितम्बर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के एक्शन के बारे में जानकारी दी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को 16 दिसम्बर को होने वाले नीलामी से पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी को हुड्डा के संदिग्ध गें. दबाजी एक्शन के बारे में यह जानकारी दी। घरेलू क्रिकेट में राजस्थान के लिए खेलने वाले 30 साल के ऑलराउंडर हुड्डा पिछले आईपीएल सीजन की तरह ही अभी भी संदिग्ध सूची में बने हुए हैं।

पार्ट-टाइम ऑफ-स्पिन गें. दबाज हुड्डा ने पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सात आईपीएल मैच खेले थे, लेकिन उनमें से किसी में भी गेंदबाजी नहीं की थी। हालांकि, उन्होंने तब से बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट में छह ओवर फेंके हैं। रणजी ट्रॉफी में एक ओवर और चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पांच ओवर। आखिरी मैच उन्हें आठ दिसम्बर को झारखंड के खिलाफ गेंदबाजी करते देखा गया था। अगर उन्हें फिर से संदिग्ध एक्शन के लिए बुलाया जाता है, तो उन पर आईपीएल में गेंदबाजी करने पर प्रतिबंध लग सकता है। उन्होंने अहमदाबाद में उस मैच में तीन ओवर फेंके थे और 24 रन देकर तीन विकेट लिए थे। हुड्डा ने भारत के लिए 10 एकदिवसीय और 21 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं, अबू धाबी नीलामी में एएल1 (ऑलराउंडर) कैटेगरी में 75 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ शामिल हैं।

### साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने फुटबॉल से लिया संन्यास

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** साओ पाउलो के मिडफील्डर ऑस्कर ने हृदय संबंधी बीमारी का पता चलने के बाद पेशेवर फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। ब्राजील के ग्लोबो एस्पोर्टे की रिपोर्ट के अनुसार, 34 वर्षीय ऑस्कर ने अपने करीबी लोगों को अपने फैसले के बारे में बताया और पिछले महीने हुई एक घटना के बाद आगे की जटिलताओं का जोखिम न उठाने का फैसला किया, जिसके कारण उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रहना पड़ा था। ऑस्कर पिछले दिसम्बर में चेल्सी और शंघाई पोर्ट के साथ सफल कार्यकाल के बाद तीन साल के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब साओ पाउलो में लौटे थे। जुलाई में चोटों के कारण वह इस साल केवल 21 मैच खेल पाए, जिसमें उन्होंने दो गोल किए।

# केएससीए चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की मिली अनुमति

**● यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आई है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित कराने की अनुमति दे दी है और इससे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भी अवगत करा दिया गया है।

यह अनुमति वेंकटेश प्रसाद को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) का अध्यक्ष बनने के एक सप्ताह बाद आई है। प्रसाद और उपाध्यक्ष सुजीत सोमसुंदर ने इस सप्ताह की शुरुआत में बेलगावी में राज्य के विधानसभा सत्रा के दौरान मुख्यमंत्राी सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि यह मुलाक. ात सार्थक रही। इस फैसले का त्वरित परिणाम यह होगा कि विराट कोहली चिन्नास्वामी में खेल सकेंगे क्योंकि केएससीए सुरक्षा और लॉजिस्टिक कारणों से दिल्ली के मुकाबलों को अलूर से यहां स्थानांतरित करने का विचार कर रहा है। कोहली और ऋषभ पंत दोनों ही विजय हजारे ट्रॉफी के लिए दिल्ली की टीम का हिस्सा हैं और वह पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

भारत के दो बड़े खिलाड़ियों के खेलने की संभावना को देखते हुए केएससीए चिन्नास्वामी के कुछ स्टैंड्स को प्रशंसकों के लिए खोलने का भी विचार कर रहा है ताकि दो हजार से तीन हजार प्रशंसकों के लिए खेल देखने की व्यवस्था की जा सके।



नई दिल्ली। इंडिया गेट के पास स्थित कर्तव्य पथ धुंध से घिरे हुए दृश्य के बीच सैर करते लोग।

## यमन में अलगाववादियों के हमले में 30 से अधिक सैनिक मारे गए

**सना।** पूर्वी यमन के हद्रमाउत प्रांत में अलगाववादी बलों के हमले में 30 से अधिक यमनी सैनिक मारे गए। सेना के जनरल स्टाफ ने आधिकारिक समाचार एजेंसी सना से बात करते हुए अलगाववादी बलों पर आरोप लगाया कि वे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए घायलों को मार रहे हैं और कैदियों को फांसी दे रहे हैं। जनरल स्टाफ ने शुक्रवार को कहा कि अलगाववादियों के हमले में कम से कम 32 यमनी अधिकारी और सैनिक मारे गए, जबकि 45 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी और सैनिक अभी भी लापता हैं। जनरल स्टाफ ने अलगाववादियों पर हद्रमाउत को अस्थिर करने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अधिकारियों के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में राजनीतिक प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए तेल-समृद्ध पूर्वी प्रांत पर कब्जा करने का आरोप लगाया।

## यूक्रेन में संघर्ष समाप्ति के नजदीक: अलेक्जेंडर स्टब

**हेलसिंकी।** फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने कहा है कि यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन क्रिसमस से पहले रूस और यूक्रेन के बीच चले आ रहे संघर्ष का कोई न कोई समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं और वहां शांति की संभावना पहले से कहीं ज्यादा है। स्टब ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम पिछले चार वर्षों में किसी भी समय की तुलना में शांति या अंतिम परिणाम के अधिक नजदीक हैं। उन्होंने कहा कि यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन क्रिसमस से पहले 'किसी प्रकार का समाधान' निकालने का प्रयास कर रहे हैं, हालांकि उन्होंने विशिष्ट चर्चाओं पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने पहले कहा था कि यूक्रेनी संघर्ष के लिए यूरोप के पास कोई स्वतंत्र समाधान नहीं है।

# कोठरी में इमरान को एकांत कारावास

### संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस एडवर्ड्स ने जताई चिंता, कहा: यह यातना के बराबर



■ इमरान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिए: एडवर्ड्स

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की यातना मामलों की विशेषज्ञ एलिस जिल एडवर्ड्स ने आज पाकिस्तान सरकार से आग्रह किया है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में स्थिति को लेकर आ रही रिपोर्ट्स पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी परिस्थितियां यातना या अन्य अपमानवीय या अपमानजनक व्यवहार के बराबर मानी जा सकती हैं।

एडवर्ड्स ने कहा मैं पाकिस्तानी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील करती हूं कि इमरान खान की हिरासत की शर्तें पूरी तरह से अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों और मानकों के अनुरूप हों। उन्होंने बताया कि 26 सितम्बर 2023 को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित होने के बाद से इमरान खान को लंबे समय तक एकांत कारावास में रखा गया है। उन्हें दिन में 23 घंटे कोठरी में बंद रखा जाता है और बाहरी दुनिया से उनका संपर्क बेहद सीमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि खान को उनकी कोठरी में कथित तौर पर लगातार कैमरे की निगरानी में रखा जाता है। विशेषज्ञ ने इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के तहत लंबे समय तक एकांत कारावास प्रतिबंधित है और अगर यह 15 दिनों से अधिक समय तक हो जाता है, तो इसे यातना का एक रूप माना जाता है। एडवर्ड्स ने कहा, इमरान खान के लिए एकांत कारावास की सजा को बिना किसी देरी के खत्म किया जाना चाहिए। यह न केवल एक गैरकानूनी उपाय है, बल्कि लंबे समय तक एकांत कारावास से उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत हानिकारण परिणाम हो सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, इमरान खान को कोठरी से बाहर गतिविधि करने या अन्य कैदियों से मिलने की अनुमति नहीं है और सामूहिक नमाज में भी शामिल नहीं हो सकते। वकीलों, परिजनों और अदालत की ओर से अधिकृत अन्य लोगों की मुलाकातें अक्सर रोक दी जाती हैं या समय से पहले खत्म हो जाती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान एक छोटी सी कोठरी में रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी और पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं है। इस कोठरी में गर्मियों और सर्दियों में तापमान चरम सीमा तक पहुंच जाता है और खराब हवा के कारण दुर्गंध और कीट-मकौड़े की समस्या होती है। इसके कारण उन्हें मतली, उल्टी और वजन कम होने की शिकायत रही है। एडवर्ड्स ने कहा, जो कोई भी कैदी है, उसके साथ मानवता और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। कैदी की उम्र और स्वास्थ्य स्थिति का ध्यान रखा जाना चाहिए, जिसमें उचित सोने की व्यवस्था, जलवायु संरक्षण, पर्याप्त जगह, रोशनी, गर्मी और वेंटिलेशन शामिल हैं।

# भारत से टैरिफ हटाओ, यह गैर-कानूनी

### अमेरिकी सांसद बोले: इसका नुकसान आम अमेरिकी नागरिक भुगत रहे, 3 सांसदों ने प्रस्ताव पेश किया




■ कहा: टैरिफ अमेरिका के लिए नुकसानदेह, इससे सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिकी नागरिकों को हो रहा

**वाशिंगटन।** तीन अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर लगाए भारी-भरकम टैरिफ को चुनौती दी है। ये सांसद हैं डेबोरा रास, मार्क वीजी और राजा कृष्णमूर्ति। इन्होंने अमेरिकी संसद में एक प्रस्ताव पेश किया है जिसका मकसद भारत से आने वाले सामान पर लगाए जाने 50 प्रतिशत टैरिफ को हटाना है। सांसदों का कहना है कि ये टैरिफ गैर-कानूनी हैं।

अमेरिका के लिए नुकसानदेह हैं और इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम अमेरिकी नागरिकों को हो रहा है। सांसद डेबोरा रास ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। सांसद डेबोरा रास ने कहा कि भारत से हजारों नौकरियां जुड़ी हैं। डेबोरा रास ने कहा कि उनके राज्य नार्थ कैरोलिना में भारत से बहुत निवेश आता है, हजारों नौकरियां भारतीय कंपनियों से जुड़ी हैं, ये टैरिफ उस रिश्ते को चोट पहुंचा रहे हैं। मार्क वीजी ने इसे 'आम अमेरिकियों पर अतिरिक्त टैक्स' बताया।

उन्होंने कहा कि सामान महंगा हो जाने से आम लोगों की जेब पर बोझ पड़ रहा है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि ये टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं, अमेरिकी मजदूरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत से रिश्ते मजबूत करने चाहिए, बिगाड़ने नहीं। यह प्रस्ताव सिर्फ भारत के टैरिफ तक सीमित नहीं है। सांसदों का कहना है कि ट्रम्प लगातार अधिकारों का इस्तेमाल करके एकतरफा तरीके से टैरिफ लगा रहे हैं, जबकि व्यापार नियम बनाने का असली अधिकार अमेरिकी संसद के पास है। भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत पर टैरिफ सप्लाई चेन को तोड़ रहे हैं। अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प कई बार यह दावा कर चुके हैं कि, भारत के तेल खरीद से मिलने वाले पैसे से रूस, यूक्रेन में जंग को बढ़ावा देता है। ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगा चुके हैं। इसमें 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से और पेनल्टी 27 अगस्त से लागू हुआ। पिछले कुछ महीनों में, भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ता काफी खटास भरा रहा। अमेरिका ने भारत के हाई टैरिफ और ट्रेड घाटे की वजह से टैरिफ लगाया है। इस वजह से दोनों देशों को एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट में परेशानी हुई थी। अमेरिका को लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलित है। भारत, अमेरिका को ज्यादा चीजें बेचता है और अमेरिका, भारत को उतनी चीजें नहीं बेच पाता। इस अंतर को कम करने के लिए भी यह टैरिफ लगाया गया है। अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर का कहना है कि भारत ने एग्रीकल्चर सेक्टर को लेकर अब तक का 'सबसे अच्छा आफर' दिया है। आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी किसानों को भारत के बाजारों तक ज्यादा पहुंच मिले, इसके लिए बातचीत की जा रही है। खासकर ज्वार और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए घरेलू मार्केट खोलने पर चर्चा हो रही है। ग्रीयर ने बताया कि अमेरिकी बातचीत टीम इस समय नई दिल्ली में है और कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रही है।

## ब्राजील ने ट्रम्प से अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क निलंबित करने को कहा

**साओ पाउलो।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से ब्राजीलियाई उत्पादों पर लगाए गए अतिरिक्त 40 प्रतिशत आयात शुल्क को तब तक के लिए निलंबित करने का आग्रह किया है, जब तक दोनों देशों के बीच विवाद सुलझाने के लिए उच्चस्तरीय व्यापार वार्ता जारी है। उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार एवं सेवा मंत्री जेराल्डो अल्कमिन ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति ने कहा है कि बातचीत जारी रहने तक आयात शुल्क पर फैसला रोक दिया जाए। हमें इंतजार करना होगा। अल्कमिन ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन के मूल आयात शुल्क दायरे को कम करने के फैसले के बाद ब्राजील और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय बातचीत 'लगातार आगे बढ़ रही है'। कार्यकारी आदेश के जरिए शुरुआती कदम में करीब 4000 ब्राजीलियाई उत्पादों पर कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था, जिससे बड़े स्तर पर निर्यात प्रभावित हुए थे।

## ईरान में नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी गिरफ्तार, बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं

**तेहरान।** ईरान में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट नरगिस मोहम्मदी को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। नगरिस मशहद शहर में एक्टिविस्ट खोसरो अलिकोरदी की एक शोक सभा में शामिल होने गई थीं, जहां उन्हें पकड़ लिया गया। अलिकोरदी पिछले हफ्ते अपने दफ्तर में मृत पाए गए थे। ईरानी अधिकारियों ने उनकी मौत को दिल का दौरा बताया है, लेकिन इस पर शक जताया जा रहा है। अलिकोरदी इसके विरोध में बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं। इसी दौरान सुरक्षा बलों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नरगिस मोहम्मदी के भाई मेहदी, जो उस कार्यक्रम में मौजूद थे, ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। परिवार का कहना है कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया और कई लोगों के साथ मारपीट की गई। अभी तक यह साफ नहीं है कि नरगिस मोहम्मदी को कहां रखा गया है। नोबेल कमेटी ने नरगिस मोहम्मदी की गिरफ्तारी पर गंभीर चिंता जताई है। नरगिस मोहम्मदी को 2023 में ईरान में महिलाओं पर हो रहे दमन के खिलाफ संघर्ष और मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था।

## गैरकानूनी है एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की फीस

■ सियासी व कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बना, ट्रम्प के फैसले के खिलाफ 20 अमेरिकी राज्य पहुंचे कोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क को लेकर ट्रम्प प्रशासन का हालिया फैसला अमेरिका में सियासी और कानूनी बहस का बड़ा मुद्दा बन गया है। ट्रम्प प्रशासन की तरफ से एच-1बी वीजा पर एक लाख डालर की भारी-भरकम फीस लगाने के फैसले के खिलाफ अब खुद अमेरिका के 20 राज्यों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामले में राज्यों का कहना है कि यह फैसला गैरकानूनी है और इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाओं में स्टाफ की कमी और गंभीर हो जाएगी।

बता दें कि यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (डीएसएस) की उस नीति के खिलाफ है, जिसमें एच-1बी वीजा के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों से बहुत ज्यादा फीस लेने की बात कही गई है। एच-1बी वीजा का इस्तेमाल आमतौर पर अस्पताल, विश्वविद्यालय और सरकारी स्कूल जैसे संस्थान करते हैं, ताकि वे विदेश से कुशल कर्मचारियों को रख सकें। राज्यों ने ट्रम्प के इस फैसले के खिलाफ कोर्ट में दलील दी है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला प्रशासनिक प्रक्रिया कानून का उल्लंघन करता है। राज्यों ने इस बात पर भी जोर दिया कि ट्रंप प्रशासन का ये फैसला अमेरिकी संविधान के भी खिलाफ है। कांग्रेस ने कभी भी इतनी ज्यादा फीस लगाने की अनुमति नहीं दी। राज्यों ने कहा कि पहले एच-1बी वीजा की फीस सिर्फ सिस्टम चलाने के खर्च तक सीमित रहती थी।

अभी तक एच-1बी वीजा के लिए कंपनियों को कुल मिलाकर 960 डालर से 7595 डालर तक फीस देनी पड़ती है। राज्यों का कहना है कि यह फैसला कांग्रेस की सीमा से बाहर जाकर लिया गया है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। इतना ही नहीं राज्यों के अटार्नी जनरल्स ने चेतावनी दी है कि इस नई फीस से टीचरों और डाक्टरों की कमी और गंभीर हो जाएगी। 2024-25 के स्कूल वर्ष में अमेरिका के 74 प्रतिशत स्कूल जिलों ने माना कि उन्हें खाली पद भरने में दिक्कत हो रही है।

## फ्रांस में 'लम्पी रोग' के कारण पशुओं के मारे जाने के विरोध में सड़कों पर उतरे किसान

**पेरिस।** दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में किसानों ने 'लम्पी स्किन रोग' के कारण बड़े पैमाने पर पशुओं के मारे जाने के सरकार के आदेश के विरोध में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक प्रमुख सड़कों को जाम कर दिया। नाराज किसानों ने न केवल ट्रैक्टरों से सड़कों की नाकेबंदी कर दी, बल्कि भूसे के गट्ठरों में भी आग लगा दी। पुलिस ने नाराज भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की, तो दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। यह विरोध प्रदर्शन फ्रांस के कृषि क्षेत्र में बढ़ती नाराजगी को दर्शाता है, जो पहले से ही पशु स्वास्थ्य संकटों और लगातार बढ़ते आर्थिक तनाव से गुजर रहा है।

# पाकिस्तान में पहली बार संस्कृत, गीता पढ़ेंगे बच्चे

■ लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पहली बार बच्चे संस्कृत पढ़ेंगे और हिंदू धर्म ग्रंथ गीता का अध्ययन करेंगे। दरअसल लाहौर प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय (एलयूएमएस) ने पहली बार संस्कृत को अपने पाठयक्रम का हिस्सा बनाया है।

आजादी के 77 साल बाद यह कदम पाकिस्तान में शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा। संस्कृत कोर्स की शुरुआत एक साप्ताहिक कार्यशाला से हुई थी, जो अब कोर्स में बदल गई है। एलयूएमएस अब महाभारत और भगवद्गीता पर अलग कोर्स शुरू करने की तैयारी में है। इस प्रयास से पाकिस्तान में संस्कृत के विद्वान तैयार होंगे। गुरमानी सेंटर के निदेशक डा. अली उस्मान कासमी और एफसी कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. शाहिद रशीद विभागाध्यक्ष हैं। डा. रशीद मुख्य रूप से संस्कृत व्याकरण और शास्त्रीय साहित्य पढ़ाते हैं। शुरुआत में छात्र कठिनाई महसूस कर रहे थे, फिर संस्कृत की तार्किक संरचना समझी और विषय में उनकी रुचि बढ़ गई। छात्र हैरान हो गए कि उर्दू और अन्य स्थानीय भाषाओं के कई शब्द संस्कृत से आए हैं।

## फ्रांस में गिरफ्तार रूस की कथित जासूस ने कहा दुनिया भर से मिल रहा समर्थन

**मॉस्को।** जासूसी के शक में फ्रांस में गिरफ्तार की गई रूसी-फ्रांसीसी नागरिक ऐना नोविकोवा ने एक पत्र में कहा है कि उन्होंने हिम्मत नहीं हारी है और उन्हें अलग-अलग देशों से समर्थन पत्र मिले हैं। रूसी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने इस खत तक पहुंच होने का दावा करते हुए यह बात कही है। इससे पूर्व, ल पेरिसियन अखबार ने 25 नवम्बर को एक रिपोर्ट में कहा था कि फ्रांसीसी खुफिया सेवाओं ने नोविकोवा सहित एसओएस डोनबास संगठन के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। यह संगठन डोनबास के निवासियों को मदद देता है।

# कश्मीर मुद्दे पर ब्रिटिश सरकार ने स्पष्ट किया रुख

### संसद में कहा: ये भारत-पाकिस्तान का मसला

■ यह सिद्धांत हमारे राजनयिक दृष्टिकोण और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान का आधार है

■ बहस के दौरान लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने सीमा-पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया


**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने इस हफ्ते वेस्टमिंस्टर हाल में हुई संसदीय बहस के दौरान कश्मीर मुद्दे पर अपना पुराना और स्पष्ट रुख दोहराया, कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है और इसका हल कश्मीरियों की इच्छा को ध्यान में रखकर ही निकलना चाहिए। यह बहस 'कश्मीर' स्वभाग्यनिर्णय विषय पर हुई, जिसे पाकिस्तानी मूल के लेबर सांसद इमरान हुसैन ने आगे बढ़ाया था। उन्होंने सरकार से पूछा कि कश्मीर मसला द्विपक्षीय है या अंतर्राष्ट्रीय।

इस पर विदेश, राष्ट्रमंडल व विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के मंत्री हैमिश फाल्कनर ने कहा कि मैं यूके सरकार की लंबे समय से चली आ रही नीति दोहराता हूं, कश्मीर पर स्थायी समाधान भारत और पाकिस्तान को ही निकालना है, और इसमें कश्मीरियों की इच्छाओं का सम्मान जरूरी है। यह सिद्धांत हमारे राजनयिक दृष्टिकोण और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान का आधार है। मंत्री ने बताया कि यह इस साल यूके संसद में कश्मीर पर चौथी बहस है। उन्होंने कहा कि कश्मीर दक्षिण एशिया की सबसे संवेदनशील और लंबे समय से चली आ रही जटिल चुनौतियों में से एक है, जहां इतिहास, पहचान और भू-राजनीति एक-दूसरे से टकराते हैं। फाल्कनर ने चेताया कि चूंकि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु संपन्न देश हैं, इसलिए किसी भी तरह की गलतफहमी या तनाव बढ़ने के बड़े वैश्विक असर हो सकते हैं। इसी वजह से ब्रिटेन 'तटस्थ रुख' रखते हुए संवाद और मानवाधिकारों के सम्मान की अपील करता है। इस बहस के दौरान लेबर सांसद बैरी गार्डिनर ने सीमा-पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया और कहा कि ज्यादातर आतंकी कैंप पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया टेररिज्म पोर्टल के अनुसार पाकिस्तान में 42 और पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान में 21 आतंकी प्रशिक्षण शिविर दर्ज हैं। इस पर फाल्कनर ने कहा कि यह दक्षिण एशिया के लिए दुखद है कि पड़ोसी देश एक-दूसरे पर आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाते हैं। यूके इस मुद्दे पर मदद करना चाहता है क्योंकि इसी कारण हाल में रिश्तों में सबसे बड़ी दरार पड़ी है। पूर्व ब्रिटिश पीएम जेरेमी कार्बिन समेत कुछ लेबर सांसदों ने कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बढ़ाने की मांग की। इस पर मंत्री फाल्कनर ने कहा कि यूएन की भूमिका को लेकर भारत और पाकिस्तान में हमेशा मतभेद रहे हैं। अलग-अलग समय पर दोनों देशों ने यूएन दखल को कभी सही तो कभी गलत बताया है।

# पाकिस्तान में रणवीर सिंह-अक्षय खन्ना पर FIR की मांग

### खाड़ी देशों में बैन के चलते धुरंधर की रिलीज अटकी



■ फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कराची की एक अदालत में भारतीय फिल्म 'धुरंधर' के खिलाफ शुक्रवार को एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म में पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के झंडे और पार्टी रैलियों के फुटेज का बिना अनुमति इस्तेमाल किया गया है।

इसके साथ ही फिल्म पर पीपीपी को आतंकवाद का समर्थन करने वाली पार्टी के रूप में दिखाने का भी आरोप लगाया गया है। यह याचिका पीपीपी के कार्यकर्ता मोहम्मद आमिर ने कराची के डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस कोर्ट (साउथ) में दाखिल की है। याचिका में मांग की गई है कि फिल्म के निर्देशक, निर्माता, कलाकार और फिल्म के प्रचार व निर्माण से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। याचिका में फिल्म के लीड एक्टर रणवीर सिंह समेत अन्य कलाकार संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, सारा अर्जुन और राकेश बेनी, निर्देशक आदित्य धर, निर्माता लोकेश धर और ज्योति किशोर देशपांडे के नाम शामिल हैं। इस फुटेज को लेकर सबसे ज्यादा विवाद है। इसमें दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो की तस्वीर इस्तेमाल की गई है। इसके अलावा पाकिस्तान और पीपीपी का झंडा इस्तेमाल किया गया है। इस फुटेज को लेकर सबसे ज्यादा विवाद है। इसमें दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो की तस्वीर इस्तेमाल की गई है। इसके अलावा पाकिस्तान और पीपीपी का झंडा इस्तेमाल किया गया है। याचिकाकर्ता के अनुसार, फिल्म के आधिकारिक ट्रेलर में बेनजीर भुट्टो की तस्वीरों और पीपीपी से जुड़े दृश्य बिना किसी कानूनी अनुमति के दिखाए गए हैं। याचिका में यह भी कहा गया है कि फिल्म में पीपीपी को आतंकियों के प्रति सहानुभूति रखने वाली पार्टी के रूप में पेश किया गया है। साथ ही कराची के लियारी इलाके को 'आतंकियों का युद्ध क्षेत्र' बताया गया है, जो याचिकाकर्ता के मुताबिक मानहानिकारक, भ्रामक और पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत की भूमिका में है, जिसे पीपीपी पार्टी का समर्थन हासिल है। फिल्म में अक्षय खन्ना का किरदार रहमान डकैत की भूमिका में है, जिसे पीपीपी पार्टी का समर्थन हासिल है। मोहम्मद आमिर ने कहा कि यह फिल्म पीपीपी, उसके नेताओं और समर्थकों के खिलाफ नफरत फैलाने, अपमान करने और उकसाने का काम करता है। उन्होंने पाकिस्तान दंड संहिता की धाराओं 499, 500, 502, 504, 505, 153-ए और 109 का हवाला दिया है। ये धाराएं मानहानि, आपराधिक धमकी, दंगा भड़काने और विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी फैलाने से जुड़ी हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि उन्होंने पहले दरख्शां थाने के एसएचओ को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने न तो मामला दर्ज किया और न ही कोई कानूनी कार्रवाई की।

## रूस की अचल संपत्तियों के हस्तांतरण पर रोक

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) परिषद ने शुक्रवार को यूक्रेन में चल रहे संघर्ष का हवाला देते हुए रूस के केंद्रीय बैंक से संबंधित अचल संपत्तियों के किसी भी हस्तांतरण को प्रतिबंधित करने का फैसला किया है। परिषद ने एक बयान में कहा कि यह फैसला ईयू की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान को सीमित करने के लिए तत्काल आधार पर लिया गया। बयान में कहा गया है कि यह उपाय रूस के केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों या भंडार के किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हस्तांतरण के साथ-साथ 'रूस के केंद्रीय बैंक की ओर से या उसके निर्देश पर कार्य करने वाले किसी भी कानूनी व्यक्ति, संस्था या निकाय' से जुड़े लेनदेन पर प्रतिबंध लगाता है।

## ट्रम्प के संघर्ष रोकने का दावा फेल

■ थाई सेना ने सीमा पर फिर बरसाए बम इमारतें-पुल तबाह

**बैंकाक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीज जारी सीमा संघर्ष में आयदिन नए-नए मोड़ सामने सामने आ रहे है। एक तरफ जहां बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि वो एक फोन पर ये संघर्ष रुकवा देंगे।

वहीं दूसरी ओर ताजा अपडेट ये है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर हमले और तेज होते नजर आ रहे हैं। आज यानी शनिवार को भी थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया सीमा के पास हवाई हमला किया। जानकारी के मुताबिक, थाई वायुसेना ने दो एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल करते हुए कई ठिकानों पर बम गिराए। मीडिया रिपोर्टस की माने तो स्थानीय समयानुसार शनिवार की सुबह 5:50 बजे, थाई सेना ने कंबोडिया के पश्चिमी प्रांत बट्टमबोंग के त्मोर दा शहर के एक होटल की इमारत को निशाना बनाकर एक बम गिराया। इसके पांच मिनट बाद, 5:55 बजे उसी इलाके में एक और होटल इमारत पर बमबारी की गई। इस हमले के बाद थाई सेना के हमले का रुख पुलों की ओर हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुबह 6:02 बजे थाई सेना ने चेई चोम्नास पुल पुल को नष्ट करने के लिए एक बम गिराया। 6:07 बजे उसी पुल पर दूसरा बम गिराया गया। फिर 6:12 बजे, चेई चोम्नास के पुराने पुल (ओल्ड ब्रिज) को निशाना बनाते हुए एक और बम गिराया गया।



# 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई धुरंधर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिका हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर भारत में करीब 5,000 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म धुरंधर को क्रिटिक्स और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसका असर फिल्म के कलेक्शन पर भी देखने को मिला। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने धमाल मचा दिया है। धुरंधर की खास बात है कि इसमें रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना और के किरदार को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म धुरंधर ने पहले दिन भारतीय बाजार में 28 करोड़ रुपए, दूसरे दिन 32 करोड़ रुपए, तीसरे दिन 43 करोड़, चौथे दिन 23-25, पांचवे दिन 27 करोड़ और छठे दिन 27 करोड़ की जबरदस्त कमाई की है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म धुरंधर ने सातवें दिन 27 करोड़ का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में सात दिनों में 207 करोड़ रुपये दे अधिक की कमाई कर ली है।

## धुरंधर में रणवीर सिंह के जबरदस्त अभिनय से प्रभावित हुए राकेश बेदी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता राकेश बेदी ने रणवीर सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि इस पीढ़ी में उनके जैसा काम किसी और ने नहीं किया है। राकेश बेदी ने रणवीर सिंह के साथ धुरंधर में काम किया है। राकेश बेदी ने कहा कि रणवीर ने कितने तरह का काम किया है।

आप खुद देखिए, जो रोल रणवीर ने किए हैं, क्या किसी और बड़े एक्टर ने वैसे रोल निभाए हैं? इतनी लगन के साथ, इतनी अलग-अलग किस्म के किरदार बहुत कम लोग कर पाते हैं। उन्होंने हर रोल को पूरे जोश और अलग अंदाज में किया है, चाहे वो बाजीराव हो या खिलजी हर किरदार में वो बिल्कुल नए रूप में नजर आए हैं। हर नए किरदार के साथ रणवीर यह साबित करते जा रहे हैं कि एक लीडिग एक्टर क्या-क्या कर सकता है। जैसे-जैसे धुरंधर के लिए तालियां और तेज होती जा रही हैं, वैसे-वैसे राकेश बेदी की बात और भी सच लगती है, इस पीढ़ी में किसी और लीड एक्टर ने रणवीर जैसा काम नहीं किया है, न इतनी मेहनत के साथ, न इतनी वर्सेटिलिटी के साथ और न ही ऐसे जबरदस्त सिनेमाई असर के साथ।

## शिल्पी व माही का भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा रिलीज

**मुंबई।** गायिका शिल्पी राज और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा रिलीज हो गया है। शिल्पी राज और माही श्रीवास्तव की जोड़ी में आया भोजपुरी गाना दिलवा में रखिहा वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी ने रिलीज किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी गाना 'दिलवा में रखिहा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को शिल्पी राज ने अलग अंदाज में गाया है।







# जान्हवी व सैनन ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** वर्ष 2025 में बिग स्क्रीन पर जान्हवी कपूर, यामी गौतम, तृप्ति डिमरी, कृति सैनन, रश्मिका मंदना और अनीत पड्डा समेत कई अभिनेत्रियों ने जलवा बिखेरा। वर्ष 2025 उन अदाक. राओं का साल रहा जिन्होंने सिर्फ अभिनय नहीं किया, बल्कि पर्दे पर पूरी तरह अपना साम्राज्य जमाया। जान्हवी कपूर के लिए 2025 एक निर्णायक साल रहा, एक ऐसा मोड़ जहां उन्होंने बड़े पर्दे पर पूरी कमान अपने हाथ में ली थी। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में जिस तरह उन्होंने अपनी धमाकेदार कमर्शियल एनर्जी और बेहतरीन कॉमिक टाइमिग के साथ स्क्रीन पर चमक उठी, उसने उनके बढ़ते बॉक्स-ऑफिस आकर्षण को और मजबूत किया। इसके बाद परम सुंदरी में उनकी स्टाइलिश, कॉन्फिडेंट रोम-कॉम स्टार पर्सोना को और निखारा, यह एक ऐसी चमक थी, जिसने उन्हें कमर्शियल स्टार बना दिया। इसके अलावा होमबाउंड में उनका रॉ, सच्चाई और दर्द से भरे अभिनय ने सबका दिल छू लिया। इस तरह इस साल रिलीघ् हुई अपनी इन तीनों फिल्म से उन्होंने सिर्फ अपना रेंज नहीं दिखाया, बल्कि अपनी असरदार मौजूदगी का जोरदार ऐलान किया। उन्होंने बता दिया कि अब वे सिर्फ उभरती नायिका नहीं, बल्कि अपनी पीढ़ी की सबसे प्रभावी थिएट्रिकल कलाकारों में मजबूती से खड़ी नायिका हैं। यामी गौतम हमेशा से असरदार नायिका की छवि अपने दर्शकों को परोसती आई हैं, और फिल्म हक़ उनकी इस ताकत को और बढ़ाकर सामने लाता है। इस फिल्म में उनका अभिनय दृढ़ता, ईमानदारी और भावनात्मक स्पष्टता पर टिका है। यामी कहानी की धड़कन और उसकी आत्मा, दोनों हैं। हालांकि सच पर टिके किरदारों में वे हमेशा से चमकदार रही हैं, लेकिन हक़ ने इसे और आगे बघया है। सिर्फ यही नहीं अपनी फिल्मों के चुनाव से इस बार भी उन्होंने साबित किया कि वे वे शोर नहीं, मायने चुनती हैं। यही वजह है कि हक़ उन्हें हिदी सिनेमा की सबसे भरोसेमंद और प्रभावशाली नाटकीय अभिनेत्रियों में स्थाई जगह देती है। इंडस्ट्री की सबसे प्रभावशाली प्रतिभाओं में गिनी जानेवाली तृप्ति डिमरी ने धड़क 2 से अपने अभिनय का रेंज दिखाया है, उसने उन्हें मुख्यधारा वाले स्पेस में स्थापित कर दिया है। प्यार, दिल टूटने, संघर्ष और जज्बे से भरी कहानी को वे ऐसी ईमानदारी से निभाती हैं कि दर्शक उनकी हर छोटी-बड़ी बारीकी को महसूस करते हैं। धड़क 2 उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ की तरह है, और साबित करता है कि वे बड़े स्तर की कहानियां भी आसानी से संभाल सकती हैं, वो भी बिना अपनी भावनात्मक संवेदनशीलता खोए, पूरी सच्चाई के साथ। अपनी हालिया रिलीज फिल्म तेरे इश्क में कृति सेनन ने मुक्ति का काफी चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है, जिसे कृति खुद अपने द्वारा अब तक का निभाए गए किरदारों में सबसे जटिल और भावनात्मक रूप से मुश्किल किरदार कहा है। कृति के शब्दों में इस भूमिका ने उन्हें काफी चुनौती दी और इसमें बहुत सारी अनकही भावनाओं को दर्शाना था, जो कठिन, दिलचस्प था। यही वजह है कि कई दर्शकों ने उनके काम की काफी तारीफ की है। कुछ ने तो सोशल मीडिया पर इसे उनके करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस तक कहा है। रश्मिका मंदाना वर्ष 2025 में दो दमदार थिएट्रिकल फिल्मों के साथ आई थीं, जिनमें एक भव्य ऐतिहासिक ड्रामा छावा और दूसरी जॉनर-ब्लेंडिग एंटरटेनर थम्मा। छावा में जहां उन्होंने एक विशाल पीरियड सेटिग में गरिमा, संवेदना और आंतरिक दृढ़ता लाई, वहीं थम्मा की एक पूरी तरह से अलग दुनिया में उन्होंने रोमांस, हास्य, हॉरर और ड्रामा परोसकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। इन दोनों फिल्मों में उन्होंने दिखाया कि वे हर तरह किरदार को बेहद सहजता से निभा सकती हैं। अनीत पड्डा भले ही नई हों, लेकिन सैयारा ने उन्हें वर्ष 2025 की सबसे आशाजनक थिएट्रिकल खोजों में मजबूती से स्थापित कर दिया है। उनका अभिनय सहज और सच्चा है, न कोई बनावट है, न कोई दिखावा, बस गहराई, कोमलता और भीतर की ताकत से भरा हुआ। सैयारा में उन्होंने भावनाओं की कई परतों को जिस खूबसूरती से एक्सप्लोर किया और अपने किरदार को स्वाभाविकता से निभाया, वो बेहद घस है। अपनी पहली फिल्म से उन्होंने ए बात सबको बता दी है कि वे आगे बढ़ेंगी, सबको चौंकाएंगी और धीरे खुद को एक मजबूत थिएट्रिकल परफॉर्मर के रूप में गढ़ेंगी।

# अवसरवादिता होने में कोई बुराई नहीं: नुसरत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा का कहना है कि अवसरवादी होने में कोई बुराई नहीं है।

नुसरत भरूचा ने अपनी हॉरर फ्रैंचाइज छोरी के जरिए एक अलग पहचान बनाई है, जहां उनके अभिनय की इतनी तारीफ हुई कि इसका दूसरा भाग भी बना, जिसने एक जोखिम लेने वाली, ईमानदार और स्पष्ट विचारों वाली कलाकार के रूप में उनकी जगह और मजबूत कर दी। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, नुसरत ने महत्वाकांक्षा, चुनावों और अक्सर गलत समझे जाने वाले शब्द अवसरवादी पर खुलकर बात की।

उन्होंने इस धारणा को बड़ी सच्चाई और परिपक्वता के साथ नया दृष्टिकोण दिया। नुसरत भरूचा ने कहा, मैं भी एक अवसरवादी हूं। अगर मुझे कोई ऐसी फिल्म का ऑफर मिलता है जिसे मैं सच में करना चाहती हूं, तो क्यों नहीं? जाहिर है मैं जाकर कहूंगी, 'हां, मैं यह करना चाहती हूं।' हर कोई लाइन में इसलिए खड़ा होता है, क्योंकि उसे कुछ चाहिए होता है और इसमें कोई बुराई नहीं है। अवसरवादी होना गलत नहीं है, लेकिन उस रास्ते पर चलते हुए आपके कदम जिम्मेदार होने चाहिए। यह आप ही जानते हैं, या समय के साथ सीखते हैं। मैंने अपने अनुभवों से सीखा है, और अगर मेरी सोच, मेरे मूल्य और मेरी धारणाएं मुझे सही लगती हैं, तो वे मेरे लिए सही हैं। इंडस्ट्री में नुसरत की यात्रा उनके महत्वाकांक्षा और प्रामाणिकता के इसी संतुलन को दर्शाती है। वर्षों में, उन्होंने एक मजबूत फिल्मोग्राफी गढ़ी है, जिसमें बड़े पैमाने की फिल्मों से लेकर दमदार, प्रदर्शन-प्रधान भूमिकाएं शामिल हैं। विशेष रूप से 'प्यार का पंचनामा', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', और 'ड्रीम गर्ल' जैसे हिट्स से लेकर 'छोरी' और 'जनहित में जारी' में उनके प्रभावशाली अभिनय तक, नुसरत ने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं, जो उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने का मौका देते हैं और व्यापक दर्शकों से जोड़ते हैं।

# सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में नजर आएंगे श्रेयस तलपड़े

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता श्रेयस तलपड़े, जी स्टूडियोज की फिल्म आजाद भारत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में नजर आएंगे। रूपा अय्यर की फिल्म आजाद भारत नेताजी सुभाष चंद्र बोस, उनकी अमर विरासत और उनके द्वारा स्थापित रानी झांसी रेजिमेंट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। फिल्म के केंद्र में है नीरा आर्या और अनगिनत ऐसे वीर सेनानी, जिनकी कहानियां इतिहास में कहीं खो गईं, लेकिन उन्होंने भारत की आजादी के लिए अदम्य साहस के साथ अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में दिखाई देंगे, सुरेश



ओबेरॉय क्रांतिकारी छाजू रामजी के किरदार में नजर आएंगे, जबकि रूपा अय्यर स्वयं नीरा आर्या की भूमिका निभाने के साथ-साथ फिल्म की निर्देशक और निर्माता भी हैं। फिल्म के राष्ट्रगान में आवाज अमृता फडणवीस ने दी है। रूपा अय्यर ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, मैं खुद को धन्य मानती हूं, क्योंकि यह फिल्म ईश्वर की प्रेरणा से बनी है। चाहे कलाकारों का चयन हो या फिर उनसे मेरा जुड़ाव, हर कदम पर मुझे ईश्वर का मार्गदर्शन मिला।ष्श्रेयस जी ने मुझसे पूछा कि मैंने क्यों सोचा कि वे नेताजी की भूमिका निभा सकते हैं। तो मैंने कहा कि उनकी बहुमुखी प्रतिभा, हर किरदार में ढल जाने की क्षमता और उनकी संवेदनशीलता उन्हें इस भूमिका के लिए उचित बनाती है। यह फिल्म नई पीढ़ी के लिए जरूर देखने योग्य है, जो कई सुविधाओं के बावजूद शिकायतें करती रहती है। नीरा आर्या, रानी झांसी रेजिमेंट और उन सभी अनसुने योद्धाओं की कहानी यह बताती है कि कैसे वे किशोरावस्था से ही मातृभूमि के प्रति समर्पित थे, बिना किसी साधन के, सिर्फ जुनून के साथ। अमृता फडणवीस ने कहा, इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। आजाद भारत एक बेहद खूबसूरत फिल्म है, जो नीरा आर्या की कहानी को शानदार ढंग से प्रस्तुत करती है। रूपा अय्यर जी ने न सिर्फ मुख्य किरदार निभाया है, बल्कि फिल्म को निर्देशित और निर्मित भी किया है। एक ही प्रोजेक्ट में तीन जम्मिेदारियां निभाना वाकई काबिल-ए-तारीफ है।

